


बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 11, वर्ष 12, अंक 67, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, रविवार, 16 अप्रैल, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित


अन्दर : रोहित शर्मा की टीम के लिये सबसे बड़ी चुनौती केकेआर के आक्रामक बल्लेबाजों को रोकने की होगी



अन्दर : अलग कथा संसार है अमित श्रीवास्तव का


डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news


# नदी में गिरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, 14 की मौत

## ओवरटेक के दौरान शाहजहांपुर में हुआ हादसा, कई गंभीर

**हादसा**

**भागवत कथा के लिए जल लेने जा रहे थे लोग**



**शाहजहांपुर।** तिलहर निगोही रोड पर शनिवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली पुल से नीचे गर्रा नदी में गिर गई। एसपी ने हादसे में 14 लोगों की मौत की पुष्टि की है। ट्रॉली में 39 लोग सवार थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली रटा पुल से रेलिंग तोड़ती हुई नदी में गिरी। मौके पर स्थानीय लोगों के साथ पुलिस पहुंच गई है। ग्राम सनौरा के लोग गांव में भागवत कथा के लिए जल लेने जा रहे थे। एसपी एस आनंद के मुताबिक हादसे में 28 लोग घायल हुए हैं। मौके पर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम पहुंची और घायलों को नजदीकी सीएचसी भेजा गया। जिला अस्पताल को भी अलर्ट किया गया है। गंभीर घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। मृतकों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और डीसीएम से लोग अजमतपुर गांव में हो रही भगवत कथा के लिए जल लेने जा रहे थे। इसी दौरान दोनों ट्रॉलियां एक दूसरे को ओवरटेक करने लगीं। जिसके बाद एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पुल की रेलिंग तोड़कर करीब 40 फीट नीचे गिर गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने ट्रॉली से ट्रैक्टर को अलग किया। आस-पास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। लोगों ने पुलिस को सूचना देने के साथ ट्रॉली को सीधा किया। ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया।

ट्रैक्टर-ट्रॉली से आगे चल रहे बाइक सवार रामवीर ने बताया, मैं उसी ट्रैक्टर के आगे चल रहा था। पीछे धमाके की आवाज सुनाई दी, देखा तो ट्रॉली ट्रैक्टर समेत नीचे गिरी थी। ट्रॉली में सवार कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे में मेरी पत्नी को चोट आई है।

### सीएम योगी ने जताया दुःख, सहायता घोषित

सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है। मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है।वहीं सीएचसी में डॉक्टर ने 11 लोगों को मृत घोषित कर दिया। 30 घायलों में से 27 को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बरेली जोन के अपर पुलिस महानिदेशक प्रेमचंद्र मीना, आईजी डॉ. राकेश, डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी एस. आनंद आदि अधिकारी सीएचसी पहुंचे।

### श्रावस्ती में भी हादसा, पिता को मुखाग्नि देने आ रहे 3 बेटों की मौत



शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार इनोवा अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 8 लोग घायल हो गए। मरने वालों में तीन वो बेटे हैं, जो पिता की मौत के बाद उन्हें मुखाग्नि देने के लिए लुधियाना से घर आ रहे थे। पिता की एक दिन पहले किसी बीमारी के चलते मौत हुई थी। कार में 14 लोग सवार थे। घायल 8 लोगों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसा इकौना थाना क्षेत्र के सोन नदी के पास तड़के 4 से 5 बजे हुआ है। घटनास्थल से घर की दूरी महज 12 किमी रह गई थी। पुलिस का आशंका है कि ड्राइवर को नींद आने के चलते हादसा हुआ है। घायलों की स्थिति गंभीर है। डीएम ने बताया कि मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये सहायता राशि प्रदान की जा रही है। घायलों के समुचित इलाज के लिए प्रबंध किए गए हैं। एजेंसी

# बिहार में शराब पार्टी के बाद 16 की मौत



**जहरीली दारू**

**12 की हालत गंभीर, परिजन बोले- खेत में की थी शराब पार्टी**

**गेहूं की फसल काटने के बाद शराब पी थी**

**पटना।** मोतिहारी के तुरकौलिया, हरसिद्धी और पहाड़पुर थाना शुक्रवार को दो मौतें हुईं। लोगों ने जहरीली शराब कहा। पोस्टमार्टम नहीं हुआ। प्रशासन डायरिया बताता रहा। फिर शनिवार दोपहर तक 16 लोगों की मौतें हो गईं। मरने वालों की उम्र 19 से 48 साल के बीच की है। इनमें सबसे अधिक तुरकौलिया से 11, हरसिद्धी से 3 और पहाड़पुर से 2 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों के परिजनों का कहना है कि गुरुवार शाम गेहूं की फसल काटने के बाद खेत में शराब पार्टी हुई थी। रात में घर आकर सो गए। सुबह कई लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। अस्पताल में पहले पिता-पुत्र ने दम तोड़ा। इसके बाद प्रशासन ने गांव में मेडिकल टीम भेजी। जहरीली शराब से मौत की बात से इनकार कर दिया। शनिवार सुबह तक प्रशासन डायरिया और फूड प्वाइजनिंग पर डटा रहा। इधर, लोग मर रहे हैं और पोस्टमार्टम बगैर परिवार वालों ने 7 लाशों को जला दिया गया। 12 लोग गंभीर है, उनके बारे में कोई जानकारी खुलकर नहीं आ रही है। इनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इन लोगों द्वारा भी शराब पीने की बात सामने आ रही है। इधर, मामला गंभीर होते देख पुलिस मुख्यालय के मोतिहारी एसपी को जांच का निर्देश दिया है। पटना से मद्य निषेध विभाग की एक स्पेशल टीम मोतीहारी पहुंच गई है। इधर, इस मामले में डीआईजी ने 7 लोगों की गिरफ्तारी की बात कही है। मुख्यमंत्री मोतिहारी के सवाल पर कहा कि लोगों को तो गलत काम नहीं करना चाहिए। सबको कितनी बार समझाया गया है कि गलत काम मत करो। गलत काम से नुकसान होता है। मृत छोटू कुमार की बहन प्रतिमा कुमारी ने बताया कि गुरुवार को वह काम करने बालगंगा गांव गया था। गेहूं की फसल काटने के बाद ध्रुप पासवान भी उसके साथ ही काम करने गया। शाम में ध्रुप पासवान ने उसे शराब पिला दी। यहां पर कुल 6 लोग शराब पार्टी की थी। इसमें से 4 की मौत हो गई। इनमें ध्रुप पासवान भी शामिल था। वहीं मृत अशोक कुमार की बेटी शोभा ने कहा कि पिताजी ने भी शुक्रवार शाम को शराब पी थी। घर आए तो रात में एक रोटी खाकर सो गए। उन्होंने सिर बहुत दर्द कर रहा, आराम से सोने दो। शुक्रवार सुबह उनकी तबीयत बिगड़ी गई। सदर अस्पताल लेकर गए तो वहां से मुजफ्फरपुर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## रायगढ़ में खाई में गिरी बस, 13 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां के खपोली इलाके में एक बस सड़क से उतरकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 13 लोगों की मौत हुई है, जबकि 29 से अधिक घायल हुए हैं। इस दुर्घटना के ठीक बाद स्थानीय लोगों ने ही बस में सवार लोगों के बचाव की कोशिशें शुरू कर दीं। बताया गया है कि रेस्क्यू ऑपरेशन अब भी जारी है। पुलिस के मुताबिक, निजी बस पुणे से मुंबई जा रही थी। मुंबई-पुणे हाईवे पर ही शिंगरोबा मंदिर के पास ही यह नियंत्रण खोकर सड़क से उतरकर 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। बस में 42 के करीब यात्री सवार थे। राहत-बचाव कर्मियों ने सभी घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया।

# मलिक के दावों पर घमासान

**पुलवामा अटैक**

**कांग्रेस के 5 सवाल, मोदी सरकार पर वार**

**नई दिल्ली।** सत्यपाल मलिक जम्मू कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश बनने से पहले यहां के आखिरी राज्यपाल थे। जिस वक्त पुलवामा हमला हुआ, उस वक्त भी वह राज्यपाल के पद पर आसीन थे। एक इंटरव्यू के दौरान सत्यपाल मलिक ने उस वक्त के गृहमंत्री राजनाथ सिंह पर सवाल खड़े किए तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी जिक्र किया। जिस पुलवामा अटैक ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था, 4 साल बाद भी उस पर सियासत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर इस सियासत को हवा दी है जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल रहे सत्यपाल मलिक ने। जिन्होंने एक इंटरव्यू में पुलवामा हमले की एक वजह केंद्र सरकार की खामी को बताया है। दरअसल, सत्यपाल मलिक जम्मू कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश बनने से पहले यहां के आखिरी राज्यपाल थे। जिस वक्त पुलवामा हमला हुआ, उस वक्त भी वह राज्यपाल के पद पर आसीन थे। एक इंटरव्यू के दौरान सत्यपाल मलिक ने उस वक्त के गृहमंत्री राजनाथ सिंह पर सवाल खड़े किए तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी जिक्र किया। सत्यपाल मलिक के इस इंटरव्यू के बाद एक बार फिर कांग्रेस मोदी सरकार पर हमलावर हो गई है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार से पुलवामा अटैक को लेकर पांच सवाल किए हैं। वे सवाल हैं- मोदी सरकार ने सीआरपीएफ जवानों को एयरक्राफ्ट क्यों नहीं दिए? खुफिया इनपुट और जैश की धमकी को अनदेखा क्यों किया? आतंकियों को भारी मात्रा में आरडीएक्स कैसे मिला? पुलवामा हमले की जांच कहां तक पहुंची?एनएसए अजीत डोभाल और तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह की क्या जिम्मेदारी तय की गई? पुलवामा हमले के बाद संवैधानिक पद पर बैठे गवर्नर को मोदी ने 'चुप रहने' की धमकी क्यों दी?



# कर्नाटक में पूर्व सीएम शेट्टार के बागी तेवर

**अल्टीमेटम**

**कहा- टिकट नहीं मिला तो 20-25 सीटों पर होगा असर**



हुब्बाली। कर्नाटक विधानसभा चुनावों के लिए टिकटों के बंटवारे के बाद से ही भारतीय जनता पार्टी जबर्दस्त बगावत झेल रही है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने बागी तेवर अपनाते हुए कहा कि उन्हें टिकट न दिए जाने का असर राज्य में कम से कम 20 से 25 सीटों पर पड़ेगा। बता दें कि भाजपा आलाकमान ने उनसे हुब्बाली-धारवाड मध्य सीट से विधानसभा चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के लिए कहा है। इस पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता शेट्टार ने कहा कि वह रविवार तक टिकट दिए जाने पर पार्टी के फैसले का इंतजार करेंगे और उसके बाद अगले कदम पर निर्णय लेंगे। बीजेपी ने अभी तक हुब्बाली-धारवाड मध्य समेत कर्नाटक की 12 विधानसभा सीटों पर कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी नहीं की है। शेट्टार ने कहा, ह्मैं कल तक इंतजार करूंगा और फिर अपने अगले कदम पर फैसला लूंगा। शेट्टार ने कहा कि पार्टी को यह सुनिश्चित करना होगा कि इसका कोई नकारात्मक असर न पड़े। उन्होंने कहा, ह्यपूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने भी कहा है कि अगर शेट्टार को टिकट नहीं मिलता है, तो इसका केवल एक क्षेत्र पर असर नहीं पड़ेगा। इसका उत्तरी कर्नाटक में कई निर्वाचन क्षेत्रों पर तत्काल असर पड़ेगा। कम से कम 20 से 25 निर्वाचन क्षेत्रों पर। शेट्टार ने कहा सका निश्चित तौर पर पूरे कर्नाटक पर असर पड़ेगा, लेकिन 20 से 25 सीटों पर ज्यादा देखा जाएगा। हुब्बाली-धारवाड नगर निगम के कुछ पार्षदों द्वारा इस्तीफे की पेशकश किए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अपना प्यार दिखाने के लिए उनके आभारी हैं।

शेट्टार ने कहा कि पार्षदों ने अपनी नाखुशी जताई है। वे आहत हैं। उनकी भावनाएं आहत हैं, इसलिए नगर निगम से इस्तीफा देकर अपना आक्रोश जता रहे हैं। शेट्टार ने कहा कि वह पार्षदों की राय पर गौर करेंगे और फिर अगले कदम पर फैसला लेंगे।







# सपा ने जारी की दूसरी लिस्ट छह मेयर प्रत्याशी की घोषणा

**उप निकाय चुनाव**



**लखनऊ।** दो चरणों में होने वाले यूपी निकाय चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने शनिवार को मेयर प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इससे पहले सपा ने पहली लिस्ट जारी की थी जिसमें आठ प्रत्याशियों के नामों की ऐलान किया था। सपा की दूसरी लिस्ट में छह जिलों में मेयर प्रत्याशी घोषित किया है। सपा ने बरेली से संजीव सक्सेना, मथुरा से तुलसीराम शर्मा, वाराणसी से ओपी सिंह, आगरा से ललिता जाटव, अलीगढ़ से पूर्व विधायक जमीर उल्ला खां और गाजियाबाद से पीएन गर्ग की पत्नी नीलम गर्ग को मेयर पद का प्रत्याशी घोषित किया है। बीते बुधवार को सपा ने 17 में से आठ मेयर प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की थी। इस दौरान सपा ने लखनऊ के साथ गोरखपुर, इलाहाबाद, झांसी, मेरठ, शाहजहांपुर, फिरोजाबाद, अयोध्या के लिए मेयर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की। इसके अलावा तिलहर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए लालबाबू और कुन्दरकू नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए शमीना खातून को उतारा गया है।

**मेयर के लिए किसे कहां से मिला टिकट**

- लखनऊ बन्दना मिश्रा
- गोरखपुर काजल निषाद
- इलाहाबाद अजय श्रीवास्तव
- झांसी रघुवीर चौधरी
- मेरठ सीमा प्रधान
- शाहजहांपुर अर्चना वर्मा
- फिरोजाबाद मशरूर फातिमा
- अयोध्या आलोक पाण्डेय
- बरेली से संजीव सक्सेना
- मथुरा से तुलसीराम शर्मा
- वाराणसी से ओपी सिंह
- आगरा से ललिता जाटव
- अलीगढ़ से पूर्व विधायक जमीर उल्ला खां








### सभी नगर निगमों में होंगी योगी की सभाएं व रोड शो

**लखनऊ।** निकाय चुनाव में महापौर पद के नामांकन के साथ भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान का आगाज होगा। पार्टी का पूरा फोकस सभी 17 नगर निगमों और जिला मुख्यालय वाली नगर पालिका परिषदों की जीत पर है। निगमों में होने वाले महापौर के नामांकन में केंद्र व राज्य सरकार के मंत्री, सांसद-विधायक और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी सभी नगर निगमों के साथ बड़ी नगर पालिकाओं में चुनावी सभा और रोड शो करेंगे। वहीं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के साथ सरकार के मंत्रियों को भी जातीय समीकरण के लिहाज से चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी जाएगी। पार्टी ने चुनाव प्रभारियों को साफ संदेश दिया है कि चुनाव जीतने के लिए हर संभव प्रयास करें। किसी भी बड़े नेता या मंत्री की सभा की आवश्यकता हो तो प्रदेश मुख्यालय में बताएं।

# कांस्टेबल भर्ती की परीक्षा अब क्षेत्रीय भाषाओं में भी होगी

**खुला दायरा**

**गृह मंत्रालय का ऐतिहासिक फैसला**



**नई दिल्ली।** हिंदी और अंग्रेजी ही नहीं, इस बार से केंद्रीय सशस्त्र बल के कांस्टेबल पद की परीक्षा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में दी जा सकती है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी आई है। गृह मंत्रालय के एक बयान में बाद में कहा गया कि गृह मंत्री अमित शाह ने सशस्त्र बलों में स्थानीय भर्ती बढ़ाने के लिए एक ऐतिहासिक फैसला लिया है।

इस बार से केंद्रीय पुलिस के कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा क्षेत्रीय भाषा में भी दी जा सकती है। अभी तक नौकरी के इच्छुक उम्मीदवार यह परीक्षा हिंदी या अंग्रेजी में दे सकते थे। लेकिन कई संगठनों और राजनीतिक दलों ने क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए गृह मंत्रालय से विभिन्न राज्यों की व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली भाषाओं में प्रश्नपत्र तैयार करने की अपील की है। गृह मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उम्मीदवार हिंदी और अंग्रेजी के अलावा बंगाली, असमिया, गुजराती, मराठी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, उड़िया, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी और कोंकणी भाषाओं में परीक्षा दे सकते हैं। कुछ दिन पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि परीक्षा तमिल में भी कराई जाए। मंत्रालय का नया फैसला सामने आने के बाद स्टालिन ने ट्वीट किया, मुझे खुशी है कि गृह मंत्रालय ने मेरे पत्र के बाद यह फैसला लिया। मैं सभी राज्यों की स्थानीय भाषाओं में परीक्षा कराने के फैसले का स्वागत करता हूं। स्टालिन ने इस भर्ती परीक्षा में 'बेसिक हिंदी अंडरस्टैंडिंग के लिए रखे गए 25 प्रतिशत अंकों को लेकर शिकायत की थी। स्टालिन ने कहा था कि इसमें तमिल के साथ ही दूसरी क्षेत्रीय भाषाओं को भी रखा जाना चाहिए। स्टालिन ने कहा कि इसके कारण सीएपीएफ में नौकरी पाने के इच्छुक तमिलनाडु के युवाओं के चयन के मौके कम हो जाते हैं।

# राजस्थान में कांग्रेस विधायकों की नब्ज टटोलेंगे रंधवा

**लेंगे हाल**

**सचिन पायलट के अनशन से उपजे विवाद के बीच हाईकमान का निर्देश**

**जयपुर।** राजस्थान में सचिन पायलट के अनशन से उपजे विवाद के बीच प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा 17. 18 और 20 अप्रैल को कांग्रेस विधायकों से वन टू वन संवाद करेंगे। जबकि 19 अप्रैल को कार्यशाला का आयोजन होगा। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, सीएम अशोक गहलोत और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा विधायकों से वन टू वन संवाद करेंगे। पायलट के अनशन के बाद कांग्रेस पसोपेश में है। प्रदेश प्रभारी सुखदर सिंह रावा कांग्रेस विधायकों के वन टू वन संवाद करेंगे। विधायकों की नब्ज टटोलेंगे। 17 अप्रैल को अजमेर, टोंक, नागौर और भीलवाड़ा, जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर के कांग्रेस विधायकों से संवाद करेंगे। 18 अप्रैल को उदयपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, राजसमंद, कोटा, बारां, बूंदी, झालावाड़, भरपुर, धौलपुर, करोली और सवाई माधोपुर के कांग्रेस विधायकों से संवाद करेंगे। कांग्रेस प्रभारी 19 अप्रैल को एआईसीसी डेलीगेट्स, मेंबर्स, पीसीसी मेंबर्स, एमी प्रत्याशी, पूर्व सांसद, पूर्व पीसीसी चीफ, पूर्व सीएलपी लीडर, विधायक प्रत्याशी, पूर्व विधायक और पूर्व जिला अध्यक्ष,

# अतीक का बेटा असद दफनाया गया

## जनाजे में नहीं पहुंच सका गैंगस्टर, नाना-मौसा समेत 25 रिश्तेदार हुए शामिल

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के बेटे असद को शनिवार सुबह 10 बजे प्रयागराज के कब्रिस्तान में दफना दिया गया। असद के नाना हामिद अली समेत 20-25 रिश्तेदारों को ही कब्रिस्तान में पुलिस ने जाने दिया। अतीक बेटे के जनाजे में शामिल नहीं हो पाया। सुपुर्द-ए-खाक की रस्म के दौरान कसारी-मसारी कब्रिस्तान की ड्रोन से निगरानी की गई। पुलिस की सुरक्षा की भी सख्त थी।सुबह 9.30 बजे असद और गुलाम के शवों को झांसी से प्रयागराज लाया गया। असद की बॉडी को अतीक के घर की जगह सीधा कसारी-मसारी कब्रिस्तान ले जाया गया। वहीं, गुलाम के शव को प्रयागराज के ही मेहदौरी कब्रिस्तान ले जाया गया। वहां सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अतीक के रिश्तेदारों को कसारी-मसारी कब्रिस्तान पुलिस खुद अपनी गाड़ी से लेकर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों को कब्रिस्तान से करीब 200 मीटर दूर रोक दिया। मीडिया को भी एंट्री नहीं दी गई। अतीक के चकिया स्थित घर से कब्रिस्तान तक कदम-कदम पर फोर्स तैनात रही। इससे पहले, शुक्रवार रात 1.30 बजे पुलिस सुरक्षा में दोनों के शवों को पुलिस और रिश्तेदार लेकर झांसी से रवाना हुए। झांसी में गुरुवार को हुए एनकाउंटर में एसटीएफ ने दोनों को मार गिराया था। दोनों 24 फरवरी को प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड में फरार थे। यूपी पुलिस ने दोनों पर 5-5 लाख का इनाम घोषित कर रखा था। अतीक ने बेटे के जनाजे में शामिल होने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। हालांकि, सुनवाई नहीं हो पाई। वहीं, मां शाइस्ता फरार हैं। असद के रिश्ते में लगने वाला नाना हामिद अली ने कहा कि हमने शव को नहलाने के बाद सुपुर्द-ए-खाक किया। उनकी मां यहां नहीं है तो वह मजबूरी है। उनके दिल से पूछना चाहिए (क्या यह सही है)। अउढ प्रयागराज आकाश कुलहरि ने कहा कि असद परिवार के 20-25 लोग हैं। असद के नाना यहां हैं। उन्होंने दफनाने की प्रक्रिया की। असद के साथ एनकाउंटर में मारे गए शूटर गुलाम के शव को प्रयागराज के मेहदौरी कब्रिस्तान ले जाया गया। वहां सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान काफी फोर्स तैनात रही है। गुलाम को जब सुपुर्द-ए-खाक किया गया, तो उसके कुछ चुनिंदा रिश्तेदार ही मौके पर रहे हैं। असद के अंतिम संस्कार में अतीक के वकील विजय मिश्रा भी पहुंचे थे। कब्रिस्तान से निकलकर उन्होंने मीडिया से बात की। कहा, ध्कोर्ट के समय के पहले असद को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

**सुपुर्दे खाक**

**पब्लिक को 200 मीटर दूर रोका मीडिया को भी नो-एंट्री**

**नाना ने कहा- असद की मां यहां नहीं है तो वह मजबूरी है**



### असद-गुलाम एनकाउंटर की होगी मजिस्ट्रियल जांच, जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किए आदेश


झांसी के थाना बड़ागांव इलाके में बृहस्पतिवार को एसटीएफ के साथ हुई मुठभेड़ में माफिया अतीक अहमद का बेटा असद अहमद और शूटर गुलाम मारा गया था। पुलिस का कहना था कि दोनों अतीक अहमद को पुलिस कस्टडी से छुड़ाने के लिए झांसी पहुंचे थे। दोनों की गिरफ्तारी की कोशिश की गई थी, लेकिन उन्होंने एसटीएफ पर फायरिंग कर दी थी। एसटीएफ की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई में असद और गुलाम मारे गए थे। जिला मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार ने इस घटना की मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं। जांच अधिकारी नगर मजिस्ट्रेट अंकुर श्रीवास्तव को बनाया गया है। नगर मजिस्ट्रेट ने जांच शुरू कर दी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि कोई घटना के संबंध में किसी तरह की जानकारी या साक्ष्य देना चाहता है तो तीन दिन के भीतर उपलब्ध करा सकता है। एजेंसी

# ईंट लदा ट्रैक्टर पलटा, चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**हादसा**

### बाइक के पीछे बैठा युवक बाल-बाल बचा, एक घंटे आवागमन रहा प्रभावित

**सारनाथ।** सारनाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत आशापुर ओवरब्रिज के पास यू टर्न पर ईट लदा ट्रैक्टर पलटने से बाइक सवार दो युवकों में एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जबकि पीछे बैठा एक अन्य घायल हुआ। जबकि घटना में एक अन्य राहगीर की दबने से मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और शिवपुर स्थित मोर्चरी में रखवाया। वहीं घटना के बाद भाग रहे ट्रैक्टर चालक को स्थानीय लोगों ने पकड़ा और पुलिस को सौंपा। मृतकों की पहचान अमित सिंह पुत्र दिनेश सिंह निवासी कैथी चौबेपुर और हरि कुंवर यादव पुत्र गामा यादव निवासी मतखाना नारी पचदेवरा गाजीपुर के तौर पर हुई। जबकि घायल की पहचान विजय कुमार निवासी कैथी चौबेपुर के तौर पर हुई।



अमित के साथ विजय ही बाइक पर पीछे बैठा था। घायल विजय कुमार ने बताया कि वह अमित के साथ भेलूपुर से उनके पिता दिनेश के लिए हार्ट की दवा लेने गया था। दवा लेकर फिर कैथी चौबेपुर बाइक से लौट रहे थे। मवईया के पास ओवरब्रिज करते हुए दाहिने तरफ से आ रहे ट्रैक्टर ने धक्का मार और ट्राली समेत पलट गया। धक्का लगने से अमित गिरा और ट्राली पलटने से दब गया जबकि वो कुछ दूर पर जा गिरा। इस दौरान राहगीर अरि कुंवर भी ट्रैक्टर की चपेट में आ गया और उसकी भी मौत हो गयी। थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हुई है। ट्रैक्टर चालक बबलू यादव निवासी मवईंया को पकड़ लिया गया है।

## ट्रक ने निजी कंपनी के मैनेजर को रौंदा

**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत कोईराजपुर मोड़ के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों में एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जबकि दूसरे को मामूली चोट आयी। मृतक शिवपुर स्थित अशोक लेलैंड कंपनी में मैनेजर पद पर कार्यरत था और कंपनी मैकेनिक के साथ लौट रहा था। दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रक चालक को पुलिस ने पकड़ लिया। मृतक की पहचान शैलेंद्र सिंह(33) निवासी सिंहपुर धनेसरी और साथ में बैठे घायल की पहचान शकील अहमद निवासी दासेपुर के तौर पर हुई। जानकारी के अनुसार कोईराजपुर मोड़ के पास रोड निर्माण चल रहा था। जेसीबी से खुदाई कर सड़क किनारे मिट्टी इकठ्ठा कर दी गयी थी। यही पर बाइक फिसली और शैलेंद्र सिंह दाहिने तरफ गिरे तभी पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने रौंद दिया जबकि पीछे बैठा शकील अहमद बाईं तरफ गिरा और उसे मामूली चोट आयी।

# बिना बिल के दवा न खरीदें

**अपील**

### तहसील ब्लॉक स्तर पर करें जोड़ने कामः सुधीर अग्रवाल

### संगठन के विस्तार पर दिया गया जोर

**वाराणसी।** आर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संगठन का विस्तार करने के लिए वाराणसी पहुंचे संगठन के प्रदेश महामंत्री सुधीर अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में संगठन का विस्तार किया जाएगा। संगठन के सभी पदाधिकारी जिला, तहसील और ब्लाक स्तर जाकर दवा विक्रेताओं की समस्याओं को सुनेंगे और निस्तारण के लिए प्रयास करेंगे। बहुत से ऐसे दवा कारोबारी है जो संगठन से जुड़ना चाहते है। उन्होंने सभी से अपील भी कि बिना बिल का दवा न खरीदें तभी नशीली और नकली दवाओं पर रोक लग सकता है। पूर्वांचल ही नहीं प्रदेश के कई दवा कारोबारी दवा कारोबारी में ऑनलाइन सिस्टम से काफी परेशान है। दवा बाजार में ऑनलाइन पूरी तरह से हावी हो चुका है। इसको हटाने के लिए सभी व्यापारी एकजुट हो चुके है। अपना व्यापार अपनों के साथ की तर्ज पर ऑनलाइन कंपनियों से लड़ाई लड़ी जा रही है। इसमें 50 परसेंट तक कामयाबी मिल चुकी है। सुधीर ने बताया कि नकली और नशीली दवा कारोबार करने वाले कारोबारियों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों को चिह्नित कर विभाग के हवाले किया जाएगा। क्योंकि ऐसे लोगों से ही पूरा दवा सेक्टर बदनाम हो रहा है। सभी दवा कारोबारियों से कहा गया है नकली और नशीली दवा कारोबारियों से कोई कारोबार न करें। बैठक दवा विक्रेता समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार, महामंत्री संजय सिंह, कोषाध्यक्ष विनोद यादव, संगठन मंत्री धर्मेंद्र अग्रवाल, संयुक्त मंत्री अनिल शाह मौजूद थे।

## ज्ञानवापी निगरानी अर्जी पर सुनवाई टली

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग के पास वजूखाने में गंदगी करने और नेताओं की बयानबाजी को लेकर अखिलेश यादव, ओवैसी प्रकरण में शनिवार को अपर जिला जज की कोर्ट में निगरानी अर्जी पर सुनवाई टल गई। इस विपक्षी को अपना पक्ष रखने के लिए तलब किया है।

## संक्षेप

### ड्रग विभाग ने छापा मारकर पांच लाख की पकड़ी दवा

**वाराणसी।** नकली और नशीली दवा कारोबारियों ने काशी को बदनाम कर दिया है अब आईवीएफ सेंटर में एमआरपी से एक हजार रुपए अधिक दर पर दवा बेचकर धनउगाही का मामला उजागर हुआ है। एमआरपी से अधिक दाम पर दवा बेचने पर ड्रग विभाग ने छापेमारी की कार्रवाई कर करीब 110 वायल्स दवा को सीज कर दिया है। इसकी कीमत करीब 5 लाख रुपए आंकी गयी। ड्रग विभाग के अफसरों की मानें तो शहर के आईवीएफ सेंटर में एनॉक्सप्रेन इंजेक्शन आईपी 300 एमजी की दवा एमआरपी से अधिक दवा बेचकर धनवसूली की जा रही थी। इस सूचना के आधार पर ड्रग विभाग की टीम आईवीएफ सेक्टर में छापेमारी की कार्रवाई की। जिसमें 110 वायल्स दवा को बेचने से रोक लिया। आईवीएफ सेंटर में कार्रवाई से शहर के सभी आईवीएफ सेंटर में हड़कंप मच गया। ड्रग विभाग की टीम की माने तो गूफिक बायोसाइंस लिमिटेड कंपनी की दवा आईवीएफ सेंटर में धड़ल्ले से बेची जा रही है। दवा के रैपर पर एमआरपी 4999.00 है, जबकि दवा का निर्धारण मूल्य 3959.00 रुपए है। आईवीएफ सेंटर संचालक एक हजार रुपए अतिरिक्त लेकर दवा बेचता था।

### खाते से उड़ाए 98 हजार, मुकदमा दर्ज

**चांदमारी।** शिवपुर थाना क्षेत्र के मीरापुर बसही निवासी शिवशंकर लाल के खाते से 98 हजार रुपये ठगी का मामला प्रकाश में आया है। शिवशंकर लाल ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि उनके खाते से 23 मार्च को 98 हजार रुपये फर्जी तरीके से निकाल लिए गए। जबकि ना तो उसने निकासी किया और न ही किसी को भुगतान किया। तीन अप्रैल को खाता चेक किया तो 98 हजार रुपया खाते में कम था। पैसे निकासी की जानकारी बैंक के साथ साइबर सेल को भी दिया। शिवपुर पुलिस ने सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम की धारा 66 डी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### बैंक मित्र के साथ डेढ़ लाख की उचक्कागिरी

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के नुवाव सब्जी मंडी में मशरूम खरीदने के लिए शनिवार को विवेक सिंह पहुंचे। उनका आरोप है कि मंडी में खरीददारी करने के दौरान बैग में रखे डेढ़ लाख रुपये उचक्कों ने उड़ा दी। बैग से पैसा से गायब होने की जानकारी विवेक को घर पर पहुंचने के बाद हुई। विवेक ने मामले की तत्काल सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई। इंस्पेक्टर लंका अश्वनी पांडेय का कहना है कि मामला लंका थाने में दर्ज कराया गया है और संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पैसा गायब होने के घण्टों बाद सूचना पुलिस को दी गई। मूल रूप से मंगारी बाबतपुर के रहने वाले विवेक सिंह लंका के भगवतीपुर में रहते हैं। बैंक मित्र का काम करते है। इनका कहना है कि वह शनिवार को यूनियन बैंक सुसुवाही शाखा से ढाई लाख रुपये निकाला। पांच सौ रुपये की नोट की गड्डियां एक लाख अलग और डेढ़ लाख रुपये अलग रखा था। सुसुवाही सब्जी मंडी में पहुंचे के बाद मशरूम खरीदते समय उचक्कों ने पैसे उड़ा दिया।

### ट्रेन से कटकर दी जान, कलह बनी वजह

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के नराईपुर गांव के सामने चौखंडी रेलवे स्टेशन के पश्चिम रेलवे ट्रैक पर घरेलू कलह से उबकर अधेड़ ने ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गहरपुर गांव निवासी महेंद्र प्रसाद गोंड (46) का शनिवार को सुबह नराईपुर गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर शव मिला। उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त महेंद्र के तौर पर किया। जानकारी मिली कि परिवार में आए दिन पति पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। शनिवार को भोर में चार बजे महेंद्र निकाला था और ट्रेन से कटकर जान दे दी। महेंद्र के दो पुत्र है। बुनकर का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था वही पत्नी बिंदा देवी का घटना के बाद से रोकर हाल बेहाल है।

### आग का गोला बनने से बचा ट्रक, टायर में लगी थी आग

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के गौर गांव कस्बा स्थित ओवरब्रिज ऊपर शनिवार सुबह साढ़े दस बजे कोलकाता से लोहे का तार लेकर राजस्थान जा रही ट्रेलर के पिछले पहिये में गर्मी के कारण आग लग गई। संयोग रहा कि उसी समय ओवरब्रिज से गुजर रही फायर बिग्रेड की गाड़ी कछवांरोड की तरफ से वाराण की ओर जा रही थी। तुरंत फायर कर्मियों ने गाड़ी रोकर जल रहे टायर पर पानी मारकर तत्काल आग को बुझा दिया। इससे बड़ी घटना होने से बच गई। ट्रेलर चालक हरियाणा निवासी सब्बित खान ने बताया कि चलते चलते गाड़ी का टायर गर्म हो गया था, जिसके कारण आग लगी।

### रंजिश में चिकित्सक को पीटा

**पिंडरा।** पुरानी रंजिश को लेकर शुक्रवार को निजी चिकित्सक को बदमाशों ने अस्पताल जाते वक्त पीट दिया। इस मामले में चिकित्सक ने फूलपुर थाने में रपट दर्ज करायी। जयप्रकाश वर्मा निवासी भाऊपुर थाना जलालपुर का आरोप है कि शुक्रवार को सुबह 10 बजे घर से फूलपुर स्थित डिस्पेंसरी आ रहा था तभी पहले से घात लगाए पुरानी एक नामदज और तीन अज्ञात लोगों ने पुरानी रंजिश में उसे मारपीट कर घायल कर दिया।

### मारपीट के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सेवापुरी।** कपसेठी थाना क्षेत्र के रसूलहा निवासी रामजीत विश्वकर्मा ने मारपीट के मामले में रसूलहा निवासी बंधु सेठ,छोटेलाल सेठ, दाता सेठ और रामजी सेठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

### पति समेत चार पर दहेज हत्या का मुकदमा

**सेवापुरी।** कपसेठी थाना क्षेत्र के कुरु गांव में शुक्रवार की देर शाम महिला की ही मौत के मामले में मायका पक्ष ने पति समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार के दोपहर बाद मृतका की तबीयत घर पर ही खराब हुई थी। पति पुरेंद्रमणि तिवारी की सूचना पर पहुंचे मायके वाले इलाज के लिए वाराणसी के एक निजी अस्पताल ले गए यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के कमरे से विषाक्त मिला था। मायका पक्ष से पिता घनश्याम उपाध्याय निवासी बजहा थाना कछवा जिला मीरजापुर ने पति पूरेंद्र मणि त्रिपाठी, ससुर कैलाश त्रिपाठी, सास सावित्री त्रिपाठी तथा ननद प्रतिमा दुबे के खिलाफ रपट दर्ज करायी।

### मारपीट में तीन घायल, चार पर मुकदमा

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के रखौना गांव निवासी राहुल कुमार पटेल ने मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। आरोप है कि वह घर के बाहर बैठा था तभी गांव के रविन्द्र पटेल, राजेन्द्र पटेल, योगेन्द्र पटेल व अर्चना पटेल ने पुरारी रंजिश में मारपीट कर घालय कर दिया। बचाव में आयी मां और बहन को भी आरोपियों ने पीटा।

### महिला की मौत में आरोपी देवर को पुलिस ने दबोचा

**बड़ागांव।** बड़ागांव थानाक्षेत्र कनियर नरायनपुर गांव में नौ अप्रैल को विवाहिता की मिर्चा की खेत में हुई संदिग्ध मौत के मामले में भाई की तहरीर प आरोपी देवर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। नरायनपुर निवासी अनीता(35) की लाश मिर्चा के खेत में मिली थी। मृतका के भाई रविन्द्र कुमार निवासी दरेखू थानाक्षेत्र रोहनिया ने आरोप लगाया कि उसकी बहन अनीता को देवर संजय कुमार पटेल ने गला दबाकर हत्या कर दी है। थानाध्यक्ष बड़ागांव बृजेश कुमार सिंह हत्यारोपी संजय कुमार को साईपुर चौराहे के पास से दबोचा। पूछताछ में उसने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद वह भागने की फिराक में था।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा एलआईसी पॉलिसी में त्रुटिवश नाम अनिकेत हो गया है जबकि मेरा सही नाम अर्पित है। अर्पित पुत्र अमीर चंद पटेल पता - कमालपुर मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक 2228963 का प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र खो गया है। बन्टी कुमार पांडेय पुत्र दिलीप पांडेय, ग्राम-बलिपुर, पोस्ट-छाता, जिला-बलिया, उप्र।

सेंट मैरी कान्वेंट स्कूल गाजीपुर में मेरी भांजी का नाम भूलवश Aradhaya Yadav अंकित है जो कि गलत है, सही नाम Aradhya है। जिसे रिकार्ड में दर्ज किया जाय। रविन्द्र नाथ यादव,निवासी मु0-प्रकाश नगर, पो0- सोहिलापुर, जिला-गाजीपुर।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-** मां गायत्री रामनरेश महिला महाविद्यालय डिहियां जौनपुर (संबद्ध-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय) मे स्ववित्तपोषित योजनातंर्गत स्नातक स्तर कलासंकाय में हिंदी, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान विषय में प्रवक्ताओं की व प्राचार्य (एक पद)। योग्यता, वेतनमान / यूजीसी विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अन्दर प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन भेजे। **प्रबंधक-9324873148**

**आवश्यकता है**

जे.डी.एस. महाविद्यालय दुधौड़ा पतरहीं, जौनपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत हिन्दी, समाजशास्त्र, भूगोल, शिक्षाशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, गृहविज्ञान विषयों में प्रवक्ताओं एवं आचार्य पद की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतन यूजीसी, एनसीटीई, उ. प्र. शासन, विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार, इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज चार फोटो एवं आधार कार्ड के साथ-साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर प्रबंधक के पद नाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी।
**प्रबन्धक-मो0-7379517379**

**माँ खण्डवारी महिला महाविद्यालय**
**चहनियाँ-चन्दौली**

**आवश्यकता है**-माँ खण्डवारी महिला महाविद्यालय चहनियां, चन्दौली में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत प्राचार्य एवं स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय के अन्तर्गत बी0 एड0 विभागाध्यक्ष, बी0 एड0 प्रवक्ताओं एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत मध्यकालीन इतिहास, भूगोल, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र विषय में प्रवक्ताओं की। चयन एवं वेतनमान यू0 जी0 सी0 / एन0 सी0 टी0 / विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार होगा। अभ्यर्थी अपना आवेदन विज्ञापन तिथि से 21 दिन के भीतर रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें।
प्रबन्धक-(राजेन्द्र प्रताप सिंह)
मो0-8960373747, 9450242458

**माँ खण्डवारी पी0 जी0 कालेज**
**चहनियाँ-चन्दौली**

**आवश्यकता है**-माँ खण्डवारी पी0 जी0 कालेज चहनियां, चन्दौली में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत प्राचार्य एवं स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय के अन्तर्गत बी0 एड0 विभागाध्यक्ष, बी0 एड0 प्रवक्ताओं एवं स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षा संकाय के अन्तर्गत एम0 एड0 प्रवक्ताओं एवं स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, कम्प्यूटर साइंस, बायोटेक्नॉलाजी एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत रसाय विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित एवं स्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत बी0 काम0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ताओं की। चयन एवं वेतनमान यू0जी0सी0 /एन0सी0 टी0ई0/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार होगा। अभ्यर्थी अपना आवेदन विज्ञापन तिथि से 21 दिन के भीतर रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें।
प्रबन्धक
(राजेन्द्र प्रताप सिंह)
मो0-8960373747, 9450242458

# पांचवें दिन 17 ने पार्षद पदों के लिए भरे पर्चे

**नगरीय निकाय निर्वाचन**

### नगर निगम के पार्षद सीट के लिए अबतक कुल 26 और मेयर पद के लिए एक ने पेश की है दावेदारी

### नगर पंचायत गंगापुर में अध्यक्ष पद व सदस्य सीटों के लिए कोई भी नामांकन-पत्र नहीं हुआ है दाखिल

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** जनपद में नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए चल रहे नामांकन के पांचवें दिन शनिवार को नगर निगम के पार्षद पद के लिए 17 पर्चे दाखिल हुए। जबकि महापौर पद पर अबतक सिर्फ एक ही नॉमिनेशन हुआ है। बीते 11 अप्रैल से जारी पर्चा दाखिले में कुल मिलाकर पार्षद पद के लिए अबतक 26 नामांकन-पत्र भरे गये हैं। जबकि मेयर सीट के लिए सिर्फ एक ने दावेदारी पेश की है। दूसरी ओर, नगर पंचायत गंगापुर के अध्यक्ष और सदस्य पदों के लिए भले ही नॉमिनेशन पेपर खरीदे जा रहे हों लेकिन तहसील राजातालाब परिसर स्थित नामांकन कक्ष में किसी भी सीट के लिए एक भी पर्चा नहीं भरा गया है। उम्मीद की जा रही है कि पर्चा दाखिले के लिए शेष बचे दो दिनों में भारी संख्या में नॉमिनेशन होंगे।




पर्चा दाखिले के पांचवें दिन शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एडीएम प्रशासन न्यायालय कक्ष में महापौर पद के लिए कोई भी नामांकन नहीं हुआ। जबकि विभिन्न जोनल कार्यालयों पर पार्षद सीटों के लिए 17 नॉमिनेशन किये गये। उनमें वार्डवार गणेशपुर के लिए 1, लोढ़ान के लिए 1, तरना के लिए 2, राजाबाजार के लिए 1, चौकाघाट के लिए 1, सारनाथ के लिए 3, सूजाबाद डोमरी के लिए 2, कमालपुरा के लिए 1, नेवादा के लिए 1, जोल्हा दक्षिणी के लिए 1, सरायनंदन के लिए 1, छित्तूपुर खास के लिए 1 और भगवानपुर वार्ड के पार्षद पद के लिए 1 पर्चा भरा गया।

इस प्रकार पार्षद पदों के लिए अबतक कुल 26 लोगों ने दावेदारी पेश की है। जबकि महापौर पद के लिए गत शुक्रवार को इंडियन नेशनल समाज पार्टी की ओर से शमशेर खान 'शहनाज किन्नर' ने नॉमिनेशन कर मेयर सीट के लिए दावेदारी पेश करनी वाली पहली शख्स बनीं। हालांकि अभी पर्चों की जांच और नाम वापसी आदि की प्रक्रिया शेष है। अबतक हुए नामांकन पर संक्षिप्त दृष्टि डालें तो पर्चा दाखिला के प्रथम दिन 11 अप्रैल को सिर्फ एक ने चौकाघाट वार्ड से पार्षद पद के लिए पर्चा भरा था। पहले ही दिन विभिन्न वार्ड में पार्षद पदों कुल मिलाकर 482 नॉमिनेशन पेपर की बिक्री हुई।

दूसरे दिन 12 अप्रैल को किसी भी सीट के लिए कोई नामांकन भले ही नहीं हुआ लेकिन पार्षद सीटों के लिए 480 और महापौर पद के लिए पांच पर्चे खरीदे गये। तीसरे दिन 13 अप्रैल को दीनापुर और दुर्गाकुंड वार्डों के लिए 1-1 नामांकन हुए। जबकि पार्षद पदों के लिए 229 पर्चे खरीदे गये। चौथे दिन 14 अप्रैल को छह वार्ड रमदत्तपुर, लेढ़ूपुर, राजाबाजार, सारनाथ, लालपुर मीरापुर बसहीं, रामापुरा वार्डों के लिए 1-1 नामांकन हुए। जबकि महापौर सीट के लिए शमशेर खान उर्फ शहनाज किन्नर ने पर्चा भरकर इस पद के लिए पहली दावेदारी पेश की। नॉमिनेशन के पांचवें दिन शनिवार को कुल 17 लोगों ने पार्षद पदों के लिए नामांकन किया लेकिन मेयर पद पर कोई पर्चा नहीं भरा गया। उधर, रोहनिया प्रतिनिधि के अनुसार शनिवार को नगर पंचायत गंगापुर के लिए तहसील राजातालाब में अध्यक्ष पद के लिए तीन और सदस्य सीटों के लिए 17 नामांकन-पत्र खरीदे गये।

## तेज धूप में झुलस रहे बच्चे, 1.5 किसी का सफर पड़ रहा भारी

**पिंडरा।** अप्रैल माह में मई जैसी तपिश भरी गर्मी के बीच छात्रों को छुट्टी के बाद घर जाना किसी जंग से कम नही है। खासकर परिषदीय विद्यालयों के छात्र छात्राएं जो एक से डेढ़ किमी पैदल दूरी तय कर स्कूल आती जाती है। जनपद के परिषदीय विद्यालयों के स्कूल टाइमिंग 8 बजे से 2 बजे तक है। लेकिन 2 बजे तापमान भी अपने चरम पर रहता है। बच्चो को उसी तापमान के बीच घर जाना होता है। उस समय को नंगे पांव तो कोई चप्पल पहने रहते हैं। शनिवार को भी पिंडरा ब्लॉक के एक स्कूल से छात्र छुट्टी के बाद अपने सिर को ढकने का प्रयास कर तपिश से बचने के जद्दोजहद में दिखे, तो कुछ बैग को ही अपने सिर पर रख लिया था और लू व तपिश के बीच भाई बहन घर जाते दिखे। इस बाबत अभिभावकों ने भी तपिश को देखते हुए स्कूल समय बदलने की मांग की। वही प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सकलदेव सिंह व मंत्री शैलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी व बीएसए महोदय को पत्र के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों के छात्रों की समस्या से अवगत करा दिया गया है।

# गजब का निकला चोर, अस्पताल से भागा और फिर की चोरी

**हथकंडा**

### चोरी के बाद भागते वक्त छत से कूदा तो टूटा पैर, धराया

**वाराणसी।** सारनाथ थानाक्षेत्र अंर्तगत हिरामनपुर शंकर नगर कॉलोनी औन न्यू कॉलोनी हिरामनपुर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला शातिर चोर सारनाथ पुलिस के हत्थे चढ़ा। पहली चोरी के दौरान पकड़े जाने की डर से छत से कूदा था और बीएचयू में इलाज कराने के दौरान भाग निकला था। यहां से भागने के बाद फिर उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसके पहले भी एक कॉलोनी में उसने चोरी की थी जिसका मुकदमा रामनगर थाने में दर्ज हुआ था। अभियुक्त की पहचान विशाल कुमार निवासी सैदा थाना गाजीपुर के तौर पर हुई। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 4870 रुपया बरामद किया।

जानकारी के अनुसार शंकर नगर कॉलोनी निवासी विनय सिंह के घर बीत साल 27 दिसंबर को विशाल ने चोरी का प्रयास किया। इस दौरान आसपास के लोगों की नींद खुल गयी, पड़ोसियों ने शोर मचाया तो ये भागने के चक्कर में छत से कूद गया। कूदने के दौरान पैस में चोट आयी। इसे पकड़ लिया गया और मौके पर पुलिस आयी एंबुलेंस से बीएचयू ट्रामा सेंटर पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान मौके देख शातिर चोर भाग निकला। इसके बाद नौ अप्रैल को इसने न्यू कॉलोनी हिरामनपुर में चोरी की। चोरी के माल को राह चलते किसी को बेच दिया। इसके पूर्व भी रामनगर में चोरी का मुकदमा इसके खिलाफ दर्ज था। आगे की कार्रवाई में अभियुक्त विशाल को जेल भेजा गया।



## पत्नी की हत्या के दोषी पति को उम्रकैद

**वाराणसी।** अपर जिला जज (सप्तम) नीरज कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने पत्नी की हत्या करने के मामले में उसके पति अभियुक्त मोहम्मद अली उर्फ छेदी को दोषी करार देते हुए उसे सश्रम आजीवन कारावास और पांच हजार रुपया जुर्माने की सजा सुनाई। अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी श्रवण कुमार रावत व अधिवक्ता सर्वेंद्र कुमार सिंह ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार जंसा थाना क्षेत्र के सजोई, मुस्लिमपुर गांव निवासी सफीउर्रहमान की बहन रिजवान परवीन की मोहम्मद अली से शादी हुई थी। रिजवान परवीन से तीन बच्चे भी हुए। मोहम्मद अली अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था और आये दिन गलत आरोप लगाकर उसे मारता-पीटता रहता था। 27-28 फरवरी 2016 की रात्रि में सोते समय मोहम्मद अली ने कुल्हाड़ी से पत्नी के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। गांव वालों से सूचना मिलने पर पहुंचे सफीउर्रहमान ने पुलिस को सूचना दी। अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सात गवाह परीक्षित किए गए थे।

# आकांक्षा की सहेली को पुलिस ने किया तलब

**वाराणसी।** आकांक्षा दुबे आत्महत्या प्रकरण में मुंबई में रहने वाली आकांक्षा दुबे की एक सहेली को सारनाथ थाने की पुलिस ने नोटिस भेज कर तलब किया है। आकांक्षा की मां मधु दुबे ने 12 अप्रैल को सारनाथ थाने की पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मुंबई में रहने वाली अपनी बेटी की सहेली से पूछताछ करने का अनुरोध किया था। मधु दुबे का आरोप है कि उनकी बेटी की सहेली ने जल्दबाजी में शव की अंत्येष्टि कराई थी। अंत्येष्टि के समय बेटी का मोबाइल भी उसके पास था। इस दौरान जो भी रिश्तेदार कॉल कर रहे थे, उनका फोन वह नहीं रिसीव कर रही थी। मोबाइल का पूरा डेटा भी हटा दिया गया था, इसलिए आकांक्षा की मौत के मामले में उसकी सहेली से पूछताछ किया जाना जरूरी है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस कस्टडी रिमांड पर लने के बाद आरोपी समर सिंह ने गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों की माने तो आकांक्षा और समर सिंह करीब दो साल एक दूसरे के साथ रहे। आकांक्षा से उसकी पहली मुलाकात जौनपुर में साल दो साल पहले हुई थी। सारनाथ स्थित एक होटल के कमरे में बीते 26 मार्च को आकांक्षा दुबे मृत पड़ी मिली थीं। आकांक्षा को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में सारनाथ थाने में भोजपुरी गायक समर सिंह और उसके दोस्त संजय सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। दोनों समर सिंह पुलिस कस्टडी रिमांड पर है।

# मुल्जिम ने पुलिस से लगवाई दौड़

**वाराणसी।** कचहरी से पेशी पर आया मुल्जिम पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। उसे भागता देख पीछे पुलिस भी दौड़ाने लगी। वहां मौजूद लोगों को पहले तो लगा कि किसी फिल्म की शूटिंग हो रही है लेकिन पता चला कि नहीं पुलिस अभिरक्षा में पेशी पर आया अभियुक्त चकमा देकर भाग रहा है और पुलिस दौड़ा रही है। हालांकि वह किसी थाने का और कहां का था इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिल सकी। अभियुक्त को किसी मामले में पुलिस पेशी के लिए ऑटो से कचहरी पहुंची। जैसा की वहां मौजूद लोगों की माने तो पेशी के बाद वापस ले जाते समय कचहरी चौराहे से वह भागने लगा। पीछे पुलिस भी दौड़ पड़ी। अभियुक्त कुछ ही दूरी पर एक गली में घुसा यहां वह रास्ता भटक गया। ऐसे में पुलिस ने उसे दबोचा। इसके बाद पुलिस उसे लेकर निकली।

# सुपरफास्ट के नाम पर यात्रियों को लूट रहे टिकट बाबू

**मनमानी**

### मुम्बई व सूरत के यात्रियों को बना रहे निशाना


**वाराणसी।** अगर आपको मुम्बई व सूरत का सफर ट्रेन के जनरल कोच से करना है, और टिकट लेने के लिए आप कैंट स्टेशन के जनरल टिकट काउंटर के लाइन में लगे हैं तो सतर्क रहिये क्योंकि यहां के टिकट बाबू आपके जेब से 15 से 20 रुपये टिकट के दाम से ज्यादा निकाल लेंगे। अब यह रोज की बात हो गयी है।

कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) के जनरल टिकट काउंटर पर इन दिनों को कोई और नहीं बल्कि काउंटर पर बैठे बाबू ही यात्रियों को लूटने का कार्य कर रहें हैं, मुम्बई व सूरत के लिए पूर्वांचल से जाने वाले श्रमिक रुपी यात्रियों से टिकट से ज्यादा मूल्य मांगा जा रहा है। समझाया जा रहा है कि यह सुपरफास्ट चार्ज है।

ऐसा रोजाना किया जा रहा है। हफ्ते में दो दिन मंगलवार व शनिवार को मुम्बई जाने वालों की ज्यादा संख्या रहती है, इसके चलते बाबू भी पूरी तरह से सतर्क रहते हैं।



ठगा गया यात्री



टिकट पर बने निशान से ही वसूलते हैं अतिरिक्त राशि

**सुपरफास्ट के नाम पर लिए सौ रुपए**

छत्तीसगढ़ के रहने वाले एक यात्री ने बताया कि उन्हें वाराणसी से दुर्ग जाना था जिसके लिए उन्होंने 255 रुपये के हिसाब से कुल 10 टिकट लिया, इसके एवज में टिकट बाबू को 27 सौ रुपये दिया लेकिन काउंटर से 150 रुपये के बदले सिर्फ 50 रुपये ही लौटाया गया, सौ रुपये सुपरफास्ट के नाम ले लिया गया।

**कोविड के बाद से ही बंद है सुपरफास्ट**

कोरोना के बाद से ही रेलवे बोर्ड की ओर से सुपरफास्ट का अतिरिक्त शुल्क बंद कर दिया गया है। जनरल टिकट काउंटर से यह कोई पहला मौका नहीं है इसके पूर्व कई बार यात्रियों ने अधिकारियों से शिकायत की थी, कार्रवाई भी हुई लेकिन काउंटर बाबूओं के सिंडिकेट पर किसी भी अधिकारी का असर नहीं।

# शनिवार को मिले 13 कोरोना मरीज

**वाराणसी।** टीकाकरण के बाद भी एक बार फिर कोरोना ने दस्तक दे दी है। लगातार मिल रहे मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। शनिवार को जिले में 13 नये कोरोना के मरीज मिलने से इनकी संख्या 66 हो गयी।



स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिले रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को कुल 13 मरीज मिलने से लोगों में एक बार फिर कोविड को लेकर परेशानी बढ़ी है। शनिवार 66 मरीज होम आइसोलेशन में रखे गये हैं वहीं एक मरीज को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। अभी तक कुल 71 मरीजों को डिस्चार्ज कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की गयी है कि वह सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर कम जाएं, इसके साथ ही मास्क का प्रयोग जरुर करें।

**इन स्थानों पर मिले कोरोना के मरीज**

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार जिले में शनिवार को शिवपुर, लाइव फ्री हॉस्टल नगवा, रामकृष्ण हॉस्टल लंका, सीर गोर्वधन लंका, नगवा, सुन्दरपुर सहित सिगरा।

**श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास, वाराणसी**

Lt.No.-43/SKVSADB/1-1/CEO-2023 Date 15.04.2023

**E-Tender Notice**

Shri Kashi Vishwanath Temple Trust Request for Proposal for leasing of Broadcasting Rights for Live Darshan of Shri Kashi Vishwanath Temple, Varanasi, Uttar Pradesh. Request of proposal (RFP) document can be downloaded from UP e-tender https://etender.up.nic.in

**Tender id : 2023_SKVTT_797216_1**

**Name of work :** Request for Proposal for leasing of Broadcasting Rights for Live Darshan of Shri Kashi Vishwanath Temple, Varanasi, Uttat Pradesh.

**Date of Publishing tender : 15.04.2023**
**End of uploading tender : 17.05.2023, 16:00 hrs**
**Date of Opening of Technical bid : 17.05.2023, 17:00 hrs**

Technical and Financial bids can be submitted on e-tender website in stipulated time mentioned in the RFP document on website-www.etender.up.nic.in. For further queries please contact below:

Email-shrikashivishwanathtempletrust@gmail.com

Chief Executive Officer

पत्रांक 42/श्रीक0वि0वि0क्षे0वि0प0/1-1/मु0का0अधि0-2023 दिनांक 15.04.2023



# वाराणसी

# ओपी सिंह सपा के महापौर प्रत्याशी

**निकाय चुनाव**

### निगम के उप सभापति और पांच बार रह चुके हैं पार्षद

### संगठन के विभिन्न पदों पर काम करने का है लंबा अनुभव

जनसंदेश न्यूज



डॉ. ओपी सिंह

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी ने महापौर पद के लिए कद्दावर नेता डॉ. ओपी सिंह के नाम पर मुहर लगाई है। संगठन में कई पदों पर रहे डॉ. सिंह नगर निगम में पांच बार पार्षद और उपसभपति भी रहे हैं। संगठन में महानगर अध्यक्ष की महती जिम्मेदारी भी संभाली। तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री रहे अखिलेश यादव ने उन्हें पार्टी का प्रदेश सचिव बनाया। डॉ. ओपी को संगठन के विभिन्न पदों पर काम करने का लंबा अनुभव भी है। पूर्व सीएम स्व. मुलायम सिंह यादव के करीबियों में शुमार रहे ओपी सिंह के नाम की घोषणा के बाद पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

निवर्तमान प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी संतोष यादव बबलू ने बताया कि पार्टी ने डॉ. ओपी सिंह को महापौर पद के लिए उम्मीदवार बनाया है। ओपी सिंह ने बीएचयू से छात्र राजनीति से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत किया था। वर्ष 2001 में प्रदेश में सबसे ज्यादा वोटों के अंतर से पार्षद होने का रिकॉर्ड भी इन्हीं के नाम है। यह 2001 में नगर निगम में उपसभापति भी रहे। वर्ष 2012 में महानगर अध्यक्ष रहे। इसके बाद वर्ष 2014 में पार्टी के प्रदेश सचिव भी रहे। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उनको शहर उत्तरी विधानसभा से प्रत्याशी बनाया था, लेकिन यह सीट कांग्रेस से गठबंधन होने के बाद कांग्रेस पार्टी को चली गई थी। इस कारण वे विधानसभा का चुनाव नही लड़ पाये थे। इनको प्रत्याशी बनाए जाने से पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है।

### वीडीए सील कर चुका है सपा प्रत्याशी का होटल

सपा नेता और मेयर प्रत्याशी डॉ. ओपी सिंह का पिछले दिनों होटल वीडीए ने सील कर दिया है। उनका होटल वाराणसी-बाबतपुर मार्ग स्थित शुद्धिपुर-शिवपुर में है। वीडीए के अधिकारियों का कहना है कि ढाबे पर होटल अद्रिका का संचालन शुरू हो जाने के बाद बीते 21 मार्च को ओमप्रकाश सिंह को धारा 27 के तहत नोटिस जारी करते हुए होटल का नक्शा पास होने के बारे में पूछा गया था। जवाब नहीं मिलने पर होटल को सील कर दिया गया है। इस बाबत डॉ. ओपी सिंह का कहना है कि साल 2012 में होटल का नक्शा पास करवाने के लिए एक मुश्त समाधान योजना के तहत वीडीए में पांच लाख रुपये जमा कराए गए थे। रुपये जमा करने के बाद फाइल बंद कर दी गई थी। वीडीए ने उन्हें गत मार्च माह में नोटिस जारी कर 10 लाख रुपये शमन शुल्क जमा कराने का निर्देश दिया था। सपा नेता का आरोप है कि पार्टी से महापौर की दावेदारी के चलते राजनीतिक रंजिश के चलते उनके होटल को सील किया गया।

# जोनल ऑफिस में वोटर लिस्ट नहीं, लोग हलकान

**अव्यवस्था**

### भेलूपुर कार्यालय से विकास भवन के चतुर्थ तल के बीच भागदौड़ करते रहे उम्मीदवारी को उत्सुक लोग

### लिखित तौर पर 'डिमांड' मिलने तक मतदाता सूची मुहैया कराने से निर्वाचन कार्यालय ने खड़े किये हाथ

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। आगामी 17 अप्रैल तक पर्चा दाखिला जारी रहेगा। इसके लिए कुल जमा दो ही दिन शेष हैं। विभिन्न दलों या निर्दल के तौर पर संबंधित पदों पर दावेदारी पेश करने के लिए लोग आरंभिक औपचारिकताएं पूरी करने में जुटे हैं। इस बारे में उनकी दौड़धूप जारी है। लेकिन शनिवार को एक जोनल कार्यालय पर वोटर लिस्ट की अनुपलब्धता ने उन्हें परेशान कर दिया।

पार्षद पदों पर उम्मीदवारी के उद्देश्य से नामांकन-पत्र प्रस्तुत करने के लिए वोटर लिस्ट में दावेदार का ब्योरा दर्ज होना भी बेहद जरूरी है। लेकिन शनिवार को कई लोग भेलूपुर जोनल कार्यालय से मायूस होकर अपराह्न विकास भवन के चतुर्थ तल पर स्थित नगरीय निकाय के इलेक्शन ऑफिस का चक्कर काटते हुए हलकान रहे। उस ऑफिस से मतदाता सूची प्राप्त करने के लिए पहुंचे लोगों ने बताया कि भेलूपुर जोनल दफ्तर में वोटर लिस्ट की कॉपी समाप्त हो गयी है। उस ऑफिस के स्टाफ ने विकास भवन स्थित निर्वाचन कार्यालय जाकर वोटर लिस्ट लेने को कहा है।

इधर, विकास भवन स्थित कार्यालय के कर्मचारियों ने उन परेशान लोगों को बताया कि संबंधित वोटर लिस्ट जोनल कार्यालय से ही लेनी होगी। यदि किसी जोनल कार्यालय में मतदाता सूची की प्रति समाप्त हो गयी है तो उस दफ्तर से यहां लिखित रूप से 'डिमांड' आने पर ही वोटर लिस्ट जोनल कार्यालय को



मुहैया कराना संभव है। मतदाता सूची लेने के लिए भागदौड़ कर रहे उन लोगों में कई व्यक्ति रामनगर क्षेत्र के थे।






# कांग्रेस के 33 और पार्षद प्रत्याशी घोषित

**वाराणसी।** नगरीय निकाय निर्वाचन में वाराणसी नगर निगम के विभिन्न वार्डों में पार्षद पदों के लिए कांग्रेस ने दूसरी सूची शनिवार को जारी की। इस लिस्ट में 33 वार्डों के लिए प्रत्याशियों का ऐलान किया गया है।

उन वार्डों में से नौ पर महिला कैंडीडेट शामिल हैं। इनमें से जिन वार्डों में पार्टी में महिला उम्मीदवार घोषित किये हैं उनमें नेवादा, तुलसीपुर, भेलूपुर, लोहता, नरिया, लालपुर मीरापुर बसहीं, अलईपुरा, बागहाड़ा और काजी सादुल्लाहपुरा शामिल हैं। इसके अलावा जिन वार्डों में पुरुष प्रत्याशियों का लान किया गया हैं उनमें छित्तूपुर लोको, शिवदासपुर, दीनापुर, मढ़ौली, सरसौली, दुर्गाकुंड, पांडेयपुर, करौंदी, नदेसर, दनियालपुर, सुसवाहीं, चेतगंज, अकथा, जोल्हा उत्तरी, पिसौर, प्रह्लादघाट, बजरडीहा, भगवानपुर, काजीपुरा, कृतिवाशेश्वर, जंगमबाड़ी, दशाश्वमेध, कालभैरव और कमालपुरा वार्ड हैं। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इन प्रत्याशियों की घोषणा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने की। बीते शुक्रवार को नगर निगम के पार्षद पदों के लिए संगठन ने 21 नामों का ऐलान किया था। इस पर कुल मिलाकर कांग्रेस ने अबतक पार्षद सीट के लिए 54 वार्डों के कैंडीडेट घोषित कर दिया है। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी ने देर शाम पार्षद पद के 12 वार्डों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की।

# कौशल विकास से महिलाएं हो रहीं आत्मनिर्भर : त्रिभुवन राम



**चौबेपुर।** स्थानीय क्षेत्र स्थित प्राचीन शुक्लहिया बाबा मंदिर परिसर में शनिवार को विधायक त्रिभुवन राम ने नेहरू युवा केंद्र संगठन यानि एनवाईकेएस से उद्यमिता संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त किशोरियों और महिलाओं को प्रमाण-पत्र बांटे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सरकार ने कौशल विकास के जरिये ग्रामीण किशोरियों, महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का बीड़ा उठाया है। कार्यक्रम में अमरावती वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, गौरीशंकर यादव, सृजन चतुर्वेदी, राणा सिंह चौहान, डॉ. वीरबहादुर सिंह, रमाशंकर मौर्य, शुभम सिंह, विनोद चौबे, संतोष कनौजिया, अतुल चतुर्वेदी, भोला सिंह एवं विनोद चतुर्वेदी की प्रमुख उपस्थिति रही।







# 4 अफसरों का वेतन रोका, 1 को एडवर्स एंट्री

**बैठक**

**डीएम एस. राजलिंगम ने जी-20 समिट की तैयारियों के बारे में शनिवार को जिला रायफल क्लब में मीटिंग की**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** डीएम एस. राजलिंगम ने शनिवार को जी-20 समिट को लेकर चल रही तैयारियों से जुड़ी एक बैठक में गैरहाजिर अफसरों का एक दिन का वेतन रोकने और एक अधिकारी को एडवर्स इंट्री देने के निर्देश दिये हैं। उन अफसरों में अपर आयुक्त व्यापार कर, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उपायुक्त उद्योग और एआरटीओ प्रशासन का वेतन रोका जाएगा और सहायक नियंत्रक बाट-माप को प्रतिकूल प्रविष्टि देंगे।

कलेक्ट्रेट स्थित जिला रायफल क्लब सभागार में जी-20 सम्मेलन के लिए गठित कमेटियों में से एक जनसहभागिता समिति की मीटिंग कर रहे थे। इस मौके पर समिति के नोडल अफसरों की उपस्थिति रही। इस मौके पर संबंधित अधिकारियों को आवंटित क्लस्टर के स्ट्रेच में किये गये कार्यों का ब्योरा संतोषजनक नहीं पाया गया। जी-20 के निर्धारित छह मार्गों को विशेष रूप से तैयार करने के लिए कार्य कराये जा रहे हैं।

इन कार्यों के तहत रूट पर दिखने वाले सरकारी और निजी भवनों में से खराब दिखने वाले भवनों को मेंटेन करने, उनका रंग-रोगन, लाइटिंग, अनावश्यक होर्डिंग्स हटाने, हार्टीकल्चर से जुड़े कार्य कराने, मार्ग की स्थिति, नालियों की स्थिति, टूटी पटरियों की इंटर लॉकिंग, इलेक्ट्रिक के टेढ़े पोल आदि को जांच कर संबंधित विभागों को रिपोर्ट भेजकर सुधार कार्य कराना है। अफसरों को प्रतिदिन अपने-अपने रुट के स्ट्रेच की जांच कर रिपोर्ट देनी है।


डीएम एस. राजलिंगम ने जिला रायफल क्लब सभागार में शनिवार को जी-20 सम्मेलन की तैयारी बैठक की

मीटिंग में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने कहा कि संबंधित कार्यों में जिसकी लापरवाही पायी जाएगी, उसके प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई होगी।

उन्होंने एडीएम सिटी को जी-20 के रूट को एक-एक एडीएम व एसीएम को आवंटित कर कार्यों में तेजी लाने की जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश दिये। मजिस्ट्रेट संग नगर निगम के अधिकारी संयुक्त रूप से कार्य देखेंगे।

## आज लगेगा स्वास्थ्य मेला

**वाराणसी।** जनपद के सभी आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर रविवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। इस बार स्वास्थ्य मेला की थीम हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर दिवस रखी गई है। सामुदायिक स्तर पर जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें, इसके लिए विभाग की ओर से नवीन प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि जनपद के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) पर हर माह की 14 तारीख को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। इस बार अपरिहार्य कारणों से यह स्वास्थ्य मेला 16 अप्रैल (रविवार) को लगाया जा रहा है। इस मेले में जन समुदाय को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जानकारी भी दी जायेगी। सीएमओ ने सभी सीएचओ को निर्देशित किया कि उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की स्क्रीनिंग व जांच करें। इसके साथ ही उन स्वास्थ्यकर्मियों की भी जांच करें जो है रिस्क की श्रेणी में आते हैं। 30 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों का सी-बैक फॉर्म की जनसंख्या गणना करें।

# शिक्षा, हेल्थ, रोजगार, खेती मुद्दों पर पीएम को ज्ञापन



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** आम जनता के दैनिक जीवन से जुड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, खेती जैसे मुद्दों पर चर्चा की बजाय नफरत, वैमनस्य और दिखावे की राजनीति के दौर में एक देश समान शिक्षा अभियान और आशा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में राजातालाब तहसील परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को पढ़ाई, दवाई और कमाई पर जन संवाद का आयोजन किया गया।

संवाद के दौरान किसान नेता योगीराज पटेल ने कहा कि आज आम आदमी की कमाई का बड़ा हिस्सा शिक्षा और स्वास्थ्य में खर्च हो जा रहा है, युवाओं के समक्ष रोजगार का बड़ा संकट है। ऐसे में शिक्षा और स्वास्थ्य का पूर्ण सरकारीकरण किया जाना जरूरी है।

सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र राठौर ने कहा कि राष्ट्रीय रोजगार कानून बनना चाहिए। मनरेगा मजदूर यूनियन के संयोजक सुरेश राठौर ने कहा कि किसानों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी उपाय जरूरी है। आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि आज युवा दिग्भ्रमित है। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन में शिक्षा और स्वास्थ्य का पूर्ण सरकारीकरण करने, स्वास्थ्य का अधिकार कानून बनाने, शिक्षा और स्वास्थ्य के मदों में बजट बढाने, सभी के लिए सम्मानजनक रोजगार के अवसर की उपलब्धता जैसे मुद्दों पर सकारात्मक पहल करने का अनुरोध किया गया।

**गुहार**

**आज के दौर में पढ़ाई दवाई, कमाई पर चर्चा जरूरी : वल्लभाचार्य**

# शिल्पायन में उस्ताद शाकिर खान का सितार वादन



**वाराणसी।** सांस्कृतिक संस्था शिल्पायन भेलूपुर के सभागार में सितार-वादिका डॉ श्रावणी विश्वास के संयोजन में सांगीतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिभाशाली किशोरवय कलाकार डालिया मुखर्जी के गायन से हुआ। उन्होंने राग किरवानी में विलम्बित ख्याल 'आज आए मां', मध्यलय एकताल में तुम बिन मोहे कल ना पड़े व द्रुत ख्याल साढ़े आठ मात्रा में आए मदमाते लटपट चलत की अत्यंत दक्ष एवं प्रभावशाली प्रस्तुति दी। अपने गायन का समापन भजन से किया। तबला पर जयदेव मुखर्जी एवं हारमोनियम पर अमित मिश्र ने सुंदर संगत की। सांगीतिक संध्या की अंतिम प्रस्तुति पुणे से पधारे उस्ताद शाकिर खान, जो कि विश्व-प्रसिद्ध सितार वादक उस्ताद शाहिद परवेज के सुपुत्र हैं, का सितार-वादन रहा। उन्होंने राग जोग में आलाप, जोड़, झाला के उपरान्त एकताल, तीनताल में गतें पेश की। वादन का समापन धुन से किया। उनके साथ तबले पर सिद्धार्थ चक्रवर्ती ने सधी हुई संगति प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन, डॉ. रागिनी सरना एवं धन्यवाद-ज्ञापन पं. देवाशीष दे ने दिया। कार्यक्रम में पद्मश्री ऋत्विक सान्याल, डॉ श्रावणी विश्वास, डॉ कमला शंकर, निर्मल जोशी, हरिनारायण सारडाआदि मौजूद थे।

## बीएचयू को मिला 10 लाख का दान

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय स्थित चिकित्सा विज्ञान संस्थान के स्नातक विद्यार्थियों के लिए दो छात्रवृत्तियां स्थापित करने की खातिर 10 लाख रुपये की दान राशि प्राप्त हुई है। इस दानराशि का चेक स्व. डॉ. राधा रमन द्विवेदी की पत्नी कृष्णा द्विवेदी व परिवार के सदस्यों ने कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार जैन को सौंपा। डॉ. द्विवेदी तकरीबन दो दशक तक बीएचयू में सेवाएं देने के पश्चात वर्ष 1990 में सेवानिवृत्त हो गए थे। उन्होंने चिकित्सा विज्ञान संस्थान में बतौर चिकित्सा अधिकारी कार्य किया था। कुलपति प्रो. जैन ने कृष्णा द्विवेदी द्वारा डॉ. राधा रमन पर लिखित एक पुस्तिका का भी विमोचन किया। इस दौरान उनके पुत्र व ह्दय रोग विभाग-केजीएमयू के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एसके द्विवेदी, पुत्री शिप्रा चतुर्वेदी, दामाद राकेश चतुर्वेदी के अलावा कुलगुरू प्रोफेसर वीके शुक्ला, संयुक्त कुलसचिव मनोज पाण्डेय, प्रोफेसर एसके सिंह, प्रोफेसर अशोक कुमार, प्रोफेसर एके त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यों में हों शामिल



**वाराणसी।** बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने संकाय सदस्यों का आह्वान किया है कि वे शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थानों में अपने समकक्षों के साथ सहयोगात्मक गुणवत्तापरक अनुसंधान व शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल हों। वे शनिवार को प्रबंध शास्त्र संस्थान के शिक्षकों के साथ संवाद कर रहे थे। कुलपति प्रो. जैन ने कहा कि वे प्रतिष्ठित, खासतौर से उच्च रैंकिंग वाले संस्थानों के शिक्षकों के साथ जुड़ें और ऐसी अनुसंधान व शिक्षण परियोजनाओं का हिस्सा बनें, जिनसे बीएचयू की शोध व शिक्षण छवि और बेहतर हो। संकाय सदस्यों के ऐसे प्रयासों में विवि सहयोग करेगा।

**संवाद**

**बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने किया संकाय सदस्यों का आह्वान**

**विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए विविधता से परिपूर्ण कैंपस की बताई आवश्यकता**

उन्होंने कहा कि शिक्षकों के रूप में हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे विद्यार्थियों के समक्ष प्रगति के नए-नए अवसर उपलब्ध हों और इस दिशा में निरन्तर कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने विविधता से परिपूर्ण कैंपस की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि एक ऐसा परिसर, जहां विविध पृष्ठभूमियों के विद्यार्थी साथ में पढ़ते हैं, काम करते हैं व संवाद करते हैं, विद्यार्थियों के चौतरफा विकास में बड़ी भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए कैंपस को और सुलभ व बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी मांगे। उन्होंने कहा कि बतौर शिक्षक हमारा सबसे पहला लक्ष्य विद्यार्थियों को ज़िम्मेदार नागरिक बनाना होना चाहिये। स्वागत संस्थान के निदेशक प्रो. एसके दुबे ने किया। डॉ. अरुण जेशमुख ने संस्थान की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

## संक्षेप

### डॉ. एसपी माथुर को अतिरिक्त प्रभार

**वाराणसी।** बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन के आदेश पर डॉ. एसपी माथुर, संयुक्त कुलसचिव, प्रशासन-शिक्षण, चयन एवं आकलन प्रकोष्ठ का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।

### पाणिनी विद्यालय में वाईटीसी गठित



**वाराणसी।** पर्यटन मंत्रालय उत्तरी क्षेत्र के जनपद कार्यालय की ओर से शनिवार को महमूरगंज स्थित पाणिनी कन्या महाविद्यालय में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ युवा पर्यटन क्लब यानि वाईटीसी का गठन किया गया। उसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नंदिता, जनपद में भारत पर्यटन के सहायक निदेशक अमित गुप्ता, टूरिस्ट गाइड फेडरेशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार, दीपिका कल्चरल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय गुप्ता आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

### अनुज बने 'मिस्टर बनारस-2023'



**वाराणसी।** विश्वेश्वरगंज क्षेत्र स्थित एक होटल में गर्व फाउंडेशन की ओर से आयोजित 'मिस्टर बनारस-2023' कंपटीशन अनुज तिवारी को यह खिताब हासिल हुआ। प्रतियोगिता के तहत कराये गए चार राउंड में कई दावेदारों ने अपनी-अपनी प्रतिभा दिखायी लेकिन अंततः सभी को पछाड़ते हुए अनुज को मिस्टर बनारस-2023 चुना गया। वह डिजिटल मार्केटिंग सर्विस के साथ ही साथ कई अन्य इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी उपलब्ध कराने वाली एक मल्टीनेशनल कंपनी में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। अनुज विभिन्न गैर सरकारी संगठनों से भी संबद्ध रहकर समाजसेवा भी करते हैं।

### प्रतियोगिता में सर्वोत्तम कुमार व आंचल प्रथम



**वाराणसी।** जनपद में प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन के प्रचार-प्रसार समेत आयोजन के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार की बीएचयू के सामाजिक विज्ञान संकाय में समन्वित ग्रामीण विकास केंद्र की ओर से अंतर्विभागीय प्रश्नोत्तरी करायी गयी। जिसमें 36 टीमों की भागीदारी रही। क्विज कंपटीशन का थीम 'जी-20 : रियलाइजिंग द ड्रीम ऑफ यूथ' रखा गया था। प्रतियोगिता में सर्वोत्तम कुमार सिंह एवं आंचल कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विवेक मिश्र, अंकित सिंह यादव दूसरे स्थान पर रहे और शुभांगनी कुमारी गुप्ता, प्रभा कुमारी हंसदा एवं आयुष ओम प्रकाश अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. आलोक कुमार पांडेय के संयोजन में प्रतियोगिता का समन्वय बीएचयू के छात्र परामर्शदाता नित्यानंद तिवारी, बादल सिंह राज, श्रीसूर्यांश तथा एलीना सिंह का रहा। अंत में सचिन वर्मा ने आभार व्यक्त किया।


जी-20 के सिलसिले में दीवारों पर विदेशी अतिथियों के स्वागत वाले चित्र बनाते कलाकार

# सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए आवेदन 26 तक

**वाराणसी।** बीएचयू प्रबंधन ने सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए 26 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया है। कृषि विज्ञान संस्थान, चिकित्सा विज्ञान संस्थान (एमएससी हेल्थ स्टैट), विज्ञान संस्थान, पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान, प्रबंधशास्त्र संस्थान, कला संकाय, सामाजिक विज्ञान संकाय, शिक्षा संकाय, विधि संकाय, वाणिज्य संकाय, मंच कला संकाय, दृश्य कला संकाय, संस्कृत विद्या धर्मविज्ञान संकाय, महिला महाविद्यालय, राजीव गांधी दक्षिणी परिसर तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के सम सत्र के समस्त नियमित एवं पूर्व छात्र/छात्राओं के लिए सम सत्र (चतुर्थ, षष्ठम, अष्ठम एवं दशम) के स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षा सत्र 2022-23 के लिए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल निर्धारित की गयी है।

इसके लिए बीएचयू के वेबसाइट www.bhuonline.in पर जाकर (रेगुलर एक्सामिनेशन के तहत स्टूडेंट पोर्टल पर) ऑनलाइन पंजीकरण के समय आवंटित यूजर नेम एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरने के उपरान्त उसकी एक प्रिंट कॉपी सम्बंधित विभाग /कार्यालय में जमा करना होगा। सभी संबंधित संकाय प्रमुख/ विभागाध्यक्ष/ प्रधानाचार्यों से कहा गया है कि वे अपने विभाग से परीक्षार्थियों की तरफ से चयनित विषयों की जांच अवश्य कर लें। इसके बाद ही संबंधित ऑनलाइन प्रिन्ट नामिनल रोल को संकाय प्रमुख/ विभागाध्यक्ष/ प्रधानाचार्य से सत्यापित करने के उपरान्त परीक्षा नियंता कार्यालय में 26 अप्रैल के पूर्व प्रेषित करें। यह भी कहा गया है कि छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म परिणाम घोषित होने तक विभाग कार्यालय में सुरक्षित रखे जाएं। बीएचयू के परीक्षा विभाग ने सम सत्र के पूर्व छात्र-छात्राओं (पूर्व की परीक्षाओं में अनुतीर्ण) को सूचित किया है कि बैक परीक्षा के लिए ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरें और परीक्षा फार्म की शुल्क स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया से ही ऑनलाइन जमा करें।

# होगा 208 खिलाड़ियों का जमावड़ा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत जनपद में प्रस्तावित दो खेलों के लिए शनिवार को सूबे के अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल ने मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा के साथ तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बीएचयू परिसर स्थित आयोजन स्थलों का मौका-मुआयना किया। यहां 26 मई से 29 मई तक कुश्ती और उसके बाद एक से तीन जून तक योगासन के कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।

दोनों आला अफसरों ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रांगण स्थित आयोजन स्थलों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने परिसर के इनडोर स्टेडियम, क्रीड़ा मैदान, गेस्ट हाउस आदि देखकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का शुभारंभ लखनऊ में और समापन बनारस में तीन जून को होना है।

वाराणसी। में आयोजित होने वाले खेलों में कुल 208 प्रतिभागी शामिल होंगे। उनके ठहरने की व्यवस्था बीएचयू परिसर के विभिन्न हॉस्टल और गेस्ट हाउसों में रहेगी। श्री सहगल और श्री शर्मा ने आयोजन में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों तथा अधिकारियों के ठहरने, खाने-पीने का उचित प्रबंध आदि करने के बारे में संबंधित निर्देश दिये। अपर मुख्य सचिव ने आयोजन के दौरान कैटरिंग, ट्रैफिक, मेडिकल वगैरह की व्यवस्था समेत आपूर्ति, परिवहन और स्वास्थ्य विभाग को दायित्व सौंपने को कहा।

**मौका-मुआयना**

**अपर मुख्य सचिव खेल और मंडलायुक्त ने 26 मई से तीन जून तक होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए किया निरीक्षण**


खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की तैयारियों के बारे में शनिवार को अपर मुख्य सचिव खेल तथा मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बीएचयू के स्थलों का जायजा लिया

# एक व 16 को भी मनेगा पीएमएसएमए दिवस

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जनपद में अधिकाधिक महिलाओं को लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस अब एक और 16 तारीख को भी मनाया जाएगा। अभी तक यह अभियान हर माह की नौ और 24 तारीख चलता रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती की द्वितीय व तृतीय त्रैमास में कम से कम एक बार विशेषज्ञ या एमबीबीएस चिकित्सक की देखरेख में प्रसव पूर्व गुणवत्तापरक जांच एवं उपचार की सुविधा दी जा रही है।

जनपद में यह सुविधा समस्त ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य इकाइयों, जनपदीय महिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध है।

**अभियान**

**गर्भवती महिलाओं के लिये बढ़ाई गयी सुविधा : सीएमओ**

उन्होंने बताया कि जनपद सहित प्रदेश में संभावित गर्भवती की संख्या लगभग 67 लाख है लेकिन पीएमएसएमए अभियान के तहत मार्च 2023 तक मात्र 12.55 लाख द्वितीय व तृतीय त्रैमास की गर्भवती ही लाभान्वित हुई हैं। यह कुल लक्षित गर्भवती के सापेक्ष कम है। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य स्तर पर निर्णय लिया गया है कि पीएमएसएमए अभियान अब हर माह की नौ एवं 24 तारीख के अलावा हर माह की एक एवं 16 तारीख को भी चलाया जाएगा।जिला मातृत्व स्वास्थ्य परामर्शदाता पूनम गुप्ता ने बताया कि पीएमएसएमए दिवस के तहत जनपद में एक अप्रैल 2022 से फरवरी 2023 तक 50 हजार से अधिक गर्भवती को लाभान्वित किया जा चुका है।

# निक्षय दिवस पर टीबी मरीजों को मिली पोषण पोटली

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शनिवार को एकीकृत निक्षय दिवस जनपद के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला व मंडलीय चिकित्सालय में मनाया गया। इस दिवस पर क्षय रोग की जांच, परामर्श आदि जनजागरूकता गतिविधियों के साथ ही कुष्ठ, फाइलेरिया व कालाजार उन्मूलन पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य केन्द्रों पर विभिन्न अधिकारियों ने गोद लिए टीबी मरीजों को पोषण पोटली प्रदान की और उनके पोषण, स्वास्थ्य उपचार के भावनात्मक सहयोग के बारे में जानकारी ली।

**पहल**

**पिछले एक माह में टीबी मरीजों को वितरित की गयी 1600 पोषण पोटली**



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी के निर्देशन में शहरी सीएचसी दुर्गाकुंड पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ पीयूष राय ने गोद लिए क्षय रोगियों को पोषण पोटली प्रदान की। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्तर पर जनमानस को टीबी संबंधी जांच, निदान, उपचार व परामर्श के साथ पोषण की मदद मिल सके, इसके लिए विभाग निरंतर प्रयास कर रहा है। हर माह की 15 तारीख को स्वास्थ्य केन्द्रों पर एकीकृत निक्षय दिवस मनाते हुये टीबी जांच व उपचार की सुविधाएं दी जा रही हैं।

# 2047 से पहले विकसित देशों में शामिल होगा भारत

**बोले दुर्गाशंकर मिश्र**

## मुख्य सचिव ने किया जननायक चंद्रशेखर कैंसर इंस्टीट्यूट का निरीक्षण

### सभी कक्षों में जाकर मरीजों से बातचीत कर ली सुविधाओं की जानकारी

**जनसंदेश न्यूज**



जननायक चंद्रशेखर कैंसर इंस्टीट्यूट में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू एवं अन्य



जननायक चंद्रशेखर कैंसर इंस्टीट्यूट का निरीक्षण करते मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र

**बेल्थरारोड।** उप्र शासन के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने इब्राहिमपट्टी स्थित जननायक चंद्रशेखर कैंसर इंस्टीट्यूट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी कक्षों में जाकर मरीजों से बातचीत की और उन्हें दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने इंस्टीट्यूट के निदेशक डा. संजय को इस कार्य के लिए बधाई दी कि बहुत कम समय में उन्होंने अस्पताल को बहुत बेहतर बनाया है। उसके उपरांत मुख्य सचिव ने अस्पताल के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया, जहां पर कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिस्ट कैंसर इंस्टीट्यूट के डा. आरके धीमन और जननायक चंद्रशेखर कैंसर इंस्टिट्यूट के डा. संजय के बीच एक अनुबंध पर समझौता हुआ।

मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने इस इंस्टीट्यूट के निर्माण का सपना देखा था, परंतु उनका सपना उनके जीवित रहते नहीं पूरा हो पाया। शायद अस्पताल अमृत महोत्सव काल का इंतजार कर रहा था। अब इंस्टीट्यूट पूरी तरह बनकर तैयार हो गया है, जिसमें पांच महीने के अंदर ग्यारह हजार लोगों का इलाज हो चुका है। साथ ही कैंसर पीड़ितों का भी इलाज चल रहा है। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के साथ मिलकर बीस हजार किलो लीटर के आक्सीजन प्लांट का उद्घाटन किया। मुख्य सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि भारत 2047 तक विकसित देशों में शामिल हो जाए, लेकिन मेरा पूर्ण विश्वास है कि देश इससे पहले ही विकसित देशों में शामिल हो जाएगा। उन्होंने कहा की देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश का विकास होगा तो प्रदेश का विकास होगा। प्रदेश का विकास होगा तो जनपद और गांव का विकास होगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर, जिलाधिकारी मऊ अरुण कुमार और आजमगढ़ मंडल के मंडलायुक्त मनीष चौहान आदि उपस्थित रहे।

### नीरज शेखर ने मुख्य सचिव को दिया धन्यवाद

**बलिया।** पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र और राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र को धन्यवाद दिया। कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि उनके पिता जी का सपना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुख्य सचिव के योगदान से पूरा हुआ है। इसके लिए उनका जीवन भर आभारी रहूंगा। उन्होंने जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया कि इसके लिए उन्होंने भरपूर सहयोग दिया। राज्यसभा सांसद ने कहा कि मुख्य सचिव इस अस्पताल के साथ-साथ जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय और स्पोर्ट कालेज को भी गोद ले, जिससे कि हमारे युवाओं को शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों मिल सके।

### लोगों को मिलेगी चिकित्सा सुविधा : दयाशंकर

**बलिया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने बलिया का नाम पूरे विश्व में पहुंचाने का कार्य किया। मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री के सहयोग से पूर्वांचल का विकास किया है। इसका आगाज हो चुका है। इस अस्पताल के निर्माण हो जाने से न केवल बलिया जनपद, बल्कि जनपद के आस-पास के सभी क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा सुविधा मिलेगी। जननायक कैंसर इंस्टीट्यूट मिनी पीजीआई के रूप में विकसित होगा।

## संक्षेप

### चंद्रशेखर की जयंती पर होगी सर्वधर्म प्रार्थना सभा



**बलिया।** शेखर फाउंडेशन एवं चंद्रशेखर विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में भारत के राजनैतिक आकाश के सबसे देदीप्यमान नक्षत्र, सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत जीवन में अद्भुत एकरूपता साधने वाले पूर्व पीएम जननायक चंद्रशेखर की 96वीं जयंती 17 अप्रैल को चंद्रशेखर उद्यान में सर्वधर्म प्रार्थना सभा के रूप में मनाई जायेगी। यह जानकारी शेखर फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल सिंह ने देते हुए जनपदवासियों से अपील किया कि पूर्व पीएम चंद्रशेखर की जयंती में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपने प्रिय नेता को श्रद्धासुमन अर्पित करें। श्री सिंह ने कहा कि पूर्व पीएम 1980 के बाद देश की रहनुमाई करने वालों की भीड़ में एकमात्र स्टेट्समैन थे। उनमें ग्रास रूट की अद्भुत समझ थी।

### बच्चों ने निकाली स्कूल चलो रैली

**बलिया।** शिक्षा क्षेत्र मनियर के कंपोजिट विद्यालय रामपुर विशुनपुरा पर शनिवार को स्कूल चलो रैली निकाली गयी। रैली को शिक्षक संघ के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कम्पोजिट विद्यालय से चलकर हर पुरवा में भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय पर पहुंची। मौके पर प्रधानाध्यापक कमलेश्वर, शिवसागर, विनीत कुमार, किरण, हरिशंकर, योगेश, श्याम सुन्दर, अरूण कुमार, संदीप कुमार, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।









# 124 मतदान केंद्रों पर मतदान करेंगे 346737 मतदाता

**निकाय चुनाव**

## मतदान में कुल 2226 कर्मचारियों की लगेगी ड्यूटी

**बलिया।** नगरीय निकायों के चुनाव को लेकर सियासी बिसात बिछ चुकी है। सभी राजनीतिक दल अपने-अपने प्रत्याशियों के नाम पर मंथन कर रही है। जिला प्रशासन द्वारा निकाय चुनाव की तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। सभी प्रमुख दल अपनी तैयारी दमदारी से कर रहे हैं।

निकाय चुनाव की तैयारी तेजी से चल रही है। 12 निकायों के 124 मतदान केंद्रों के 422 बूथों को 16 जोन व 32 सेक्टरों में बांटा गया है। इसके अलावा छह सुपर जोन भी बनाए गए हैं, ताकि मतदान की निगरानी बेहतर तरीके से हो सके। जिला प्रशासन की ओर से मतदान केंद्र और बूथों की सुविधाएं ठीक करने के साथ ही मतदान प्रक्रिया प्रभावित करने वाले लोगों के संबंध में जानकारी ली जा रही है। इंटरनेट मीडिया पर भी जिला प्रशासन की नजर है।

जनपद के दो नगर पालिका व 10 नगर पंचायतों में शांतिपूर्ण तरीके से निकाय चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अमले की प्रतिदिन बैठक हो रही है। मतदान कराने के लिए एक बूथ पर चार मतदान कर्मी तैनात होंगे। इस तरह कुल 2226 कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान में लगेगी।

30 प्रतिशत कर्मचारी अतिरिक्त रखे जाएंगे। 3,46,737 मतदाता 12 चेयरमैन चुनेंगे। 10 नगर पंचायतों में नगरा और रतसड़ कलां नव सृजित नगर पंचायत हैं। यहां के 38597 मतदाता पहली बार नगरीय निकाय चुनाव में वोट डालेंगे। 12 निकायों में 1,86,706 पुरुष और 1,60,031 महिला मतदाता हैं। आलेख प्रकाशन अवधि में 4394 युवा जुड़े है। इस बार के चुनाव में इस बार राजनीतिक भागीदारी पहले से ही ज्यादा दिख रही है। सभी प्रमुख दल अपनी तैयारी दमदारी से कर रही है। 17 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होना है। उससे पहले राजनीतिक दलों की ओर से अपने उम्मीदवार घोषित करने की संभावना है।

### तेजी से चल रही चुनाव की तैयारी

**बलिया।** इस संबंध में सहायक निर्वाचन अधिकारी श्याम नंदन तिवारी ने बताया कि कि चुनाव की तैयारी तेजी से चल रही है। मतदान केंद्र और बूथों की स्थित भी स्पष्ट हो चुकी है। 12 निकायों को 16 जोन, छह सुपर जोन और 32 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। निकाय चुनाव की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।

| निकाय | पुरुष | महिला | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका रसड़ा | 16161 | 14225 | 30386 |
| नगर पालिका बलिया | 59807 | 48867 | 108674 |
| नपं चितबड़ागांव | 10078 | 8851 | 18929 |
| नपं बेल्थरारोड | 10072 | 8442 | 18514 |
| नपं सहतवार | 9931 | 8980 | 18911 |
| नपं रेवती | 12209 | 11184 | 23393 |
| नपं मनियर | 10092 | 9346 | 19438 |
| नपं बांसडीह | 10825 | 9908 | 20733 |
| नपं सिकंदरपुर | 12432 | 10760 | 23192 |
| नपं बैरिया | 14622 | 11348 | 25970 |
| नपं रतसर कलां | 10076 | 8803 | 18879 |
| नपं नगरा | 10401 | 9317 | 19718 |

## निर्वाचन कार्यों पर नहीं पड़ेगा छुट्टी का असर : एसडीएम



**बैरिया।** स्थानीय नगर पंचायत के चुनाव के लिए जिम्मेदार फूंक-फूंक कर कदम बढ़ा रहे है। चुनाव में किसी तरह की लापरवाही एवं गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नही हैं। इसी बीच शनिवार को कार्यक्रमों के संदर्भ में उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र द्वारा गाइड लाइन जारी कर दिया गया है। उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र के अनुसार निर्वाचन सम्बंधित कार्यक्रम निर्धारित तिथि पर सम्पादित होंगे। सरकारी छुट्टी का असर निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों पर नही पड़ेगा।

छुट्टी के दिन भी कार्यालयों में निर्वाचन से सम्बंधित कार्यक्रम होते रहेंगे। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद का नामांकन मेरे न्यायालय में होगा। उसका आरओ मैं स्वयं हूं, जबकि सभासद चुनाव का आरओ खण्ड विकास अधिकारी मुरलीछपरा शैलेश कुमार मुरारी होंगे। नामांकन तहसीलदार न्यायालय में खण्ड विकास अधिकारी के समक्ष होगा।

प्रत्याशियों को शासन से निर्धारित शुल्क व जमानत राशि के अलावा पासपोर्ट साइज की फोटो, अदेय प्रमाण पत्र, सम्पत्ति तथा अपराध से सम्बंधित जानकारी शपथ पत्र के माध्यम से देना होगा। इससे पूर्व उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र, क्षेत्राधिकारी उस्मान, एसएचओ धर्मवीर सिंह, चौकी इंचार्ज अतुल मिश्र ने नामांकन स्थलों व तहसील परिसर का निरीक्षण किया। वहीं, उपजिलाधिकारी ने मातहतों को निर्देशित किया कि तहसील मार्ग के दक्षिणी व उत्तरी छोर पर बैरियर लगाया जाए, जिससे अनाधिकृत लोग एवं वाहन तहसील परिसर में नहीं आ सकें। निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होने तक तहसीलदार एवं उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में न्यायिक कार्य नहीं होंगे। जो बहुत आवश्यक होगा, उसका सम्पादन दोनों अधिकारियों के कार्यालय में किया जाएगा।

# पीड़ित संगठित हो जाय तो पावर बन जायेंगे : अरविंद



**बलिया।** दुबहर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय माधोमठ पर भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 'भारतीय संविधान की उद्देशिका का शत्-प्रतिशत पूर्ण रूप से अनुपालन हो' विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अरविंद गोंडवाना ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान की उद्देशिका में समानता, सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय व राजनीतिक न्याय की बात कही है। भारतीय संविधान की उद्देशिका ही भारत के शोषित, पीड़ित, कमजोर, गरीब वर्ग के समग्र विकास की कुंजी है। इसका पाठ घर-घर में किया जाना चाहिए। भारतीय संविधान की उद्देशिका को शत प्रतिशत पूर्ण रूप से अनुपालन कराए जाने के लिए संवैधानिक तरीके से एकजुट राष्ट्रव्यापी संगठित आंदोलन तेज किए जाने की आवश्यकता है। बाबा साहब के संघर्षों से प्रेरणा लेकर हमें अध्ययन आंदोलन चलाने की जरूरत है। कहा कि यदि सभी पीड़ित संगठित हो जाएं तो पीड़ित ही पावर बन जाते हैं। भाकपा माले नेता लक्ष्मण यादव ने कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पिएगा वह दहाड़ेगा। इसलिए हमें अपने बच्चों को शिक्षित करने पर ज्यादा जोर देना चाहिए। मौके पर संतोष भारती, कपिलमुनि गोंड, सुदेश शाह, राकेश यादव, गौतम यादव, संजय साहनी, सोनू कन्नौजिया, मनोज पासवान, सुरेंद्र, रघुवीर साहनी, शिवनारायण मल्लाह, संदीप आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता श्यामसुंदर गिरी तथा संचालन कमल साहनी ने किया।


### अवध पब्लिक स्कूल में मनी बाबा साहब की जयंती



**बलिया।** स्थानीय घनश्याम नगर स्थित अवध पब्लिक स्कूल पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या छाया तिवारी ने दीप प्रज्वलित करने के बाद बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। कहा कि बाबा साहब ने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वह स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। इस अवसर पर गणेश गुप्त, निधि मिश्रा, अभिषेक उपाध्याय, रविशंकर चौबे, अरुण कुमार, वेदांशी त्रिपाठी, मीनू गुप्ता आदि मौजूद रहे। संचालन निशा चौरसिया ने किया। सभी का आभार विद्यालय के सह निदेशक साकेत त्रिपाठी ने प्रकट किया।

**हक-अधिकार जानने को पढ़ना होगा संविधान :** बलिया। उप्र चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ कलेक्ट्रट, माल विभाग की ओर से डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनायी गयी। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त रहे। वक्ताओं ने कहा कि लड़ने के लिये पढ़ना होगा, पढ़ने के लिये लड़ना होगा। किताबें तो बहुत पढ़ी होगी तुमने, हक और अधिकार जानने के लिये संविधान पढ़ना होगा। इसी क्रम में संघ के अध्यक्ष द्वारा अपनी मांगों के संबंध में पत्रक सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त को सौंपा गया। मौके पर प्रभुनाथ राम, गुलाम अशरफ, प्रमोद, मुन्ना राम, पूरन, निर्भय नारायण आदि मौजूद रहे। अंत में राजेश सिंह मंटू व गुलाम अशरफ ने आभार व्यक्त किया।

### बाबा साहब की जयंती पर निकला जुलूस



**नगरा।** क्षेत्र में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। विभिन्न समितियों द्वारा सजाये गये पंडाल में पहुंचकर राजनीतिक दलों के नेताओं ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। तिलकारी मे कलाकारों ने गायन से शमा बांधा। भंगमलपुर, जहांगिरापुर कालोनी, चचयां, सरायचावट, जजला, डिहवा, नरही, ढेकवारी, मलप, ताड़ीबड़ागांव, पड़री, कोठियां, लहसनी, खारी, गोठवा गोठाई, देउरिया, भिटकुना आदि गांवों मे अम्बेडकर जयन्ती की धूम रही। शनिवार को निकले जुलूस में महिला, पुरुष, बच्चे शामिल हुए और क्षेत्र भ्रमण किया। मौके पर आलोक, डा. मिलन राम, हेमन्त, देवनारायण, परसन, उमाशंकर, ओमप्रकाश, छितेश्वर राम, बरिष्ठ नारायण, दीपक कुमार, भोला कन्नौजिया, जयप्रकाश, संजय, धनन्जय, सुधाकर, देवशरन, पवन, अमन शेखर, इन्दल कुमार, भीमसेन, सन्नू, अखिलेश, मनोज, सतीश, मंजीत, संदीप, सूरज, जयवीर, अश्वनी, राघवेन्द्र, रामप्रवेश, विकास, दीपक अरविन्द, फागुलाल, विनय आदि मौजूद रहे।

**संक्षेप**

### मंत्री ने किया बेल्थरारोड डिपो का निरीक्षण

**बेल्थरारोड।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बेल्थरारोड डिपो का औचक निरीक्षण किया। वह पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के गृह ग्राम इब्राहिमपट्टी में आयोजित कार्यक्रम से वापस बलिया जा रहे थे। वापसी के दौरान परिवहन मंत्री के वाहनों का काफिला अचानक बेल्थरारोड डिपो के सामने रुक गया। उन्होंने डिपो के निरीक्षण में भारी गड़बड़ी पाई। कहा कि जनहित की दृष्टि से यहां पर बसों का काफी अभाव है। निरीक्षण के दौरान यहां भारी गंदगी देखने को मिली। यहां पर्याप्त साफ सफाई की जरूरत है। महिलाओं के बैठने के लिए कोई उचित प्रबंध नहीं है। इस डिपो का स्वरूप बदलने के लिए भाजपा नेता छट्ठूराम ने अपना सुझाव दिया। परिवहन मंत्री के निरीक्षण से विभागीय कर्मियों में अफरा-तफरी मची रही। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, छट्ठू राम आदि मौजूद रहे।


### डीएसपी बने दिनेश मिश्रा का स्वागत

**दुबहर।** बैरिया क्षेत्र के जगदेवा निवासी दिनेश कुमार मिश्रा पुलिस उपाधीक्षक पद पर नियुक्त होने के बाद प्रथम बार अपने ससुराल नगवां पहुंचे। यहां ससुराली जनों ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। डीएसपी बने श्री मिश्र ने सभी बड़ों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। कहा कि आप बड़ों के आशीर्वाद की बदौलत ही इस महत्वपूर्ण पद को हासिल कर सका हूं। इस दौरान श्री मिश्र की सास चंद्रा पाठक ने आरती उतार कर अपने दामाद के निरंतर प्रगति की शुभकामना दी। इस अवसर पर अंजली मिश्र, चंद्रकुमार पाठक, चंद्रप्रकाश पाठक, आयकर निरीक्षक अनमोल पाठक, आशुतोष पाठक, हरिशंकर पाठक, अनिल पाठक, गोलू पाठक, सुरेंद्र यादव, रामविलास पासवान आदि मौजूद रहे।

### दवा प्रतिनिधि ने फांसी लगाकर दी जान

**बलिया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के चंद्रशेखर नगर में दवा प्रतिनिधि नितेश पांडेय (28) निवासी मेहरवा सिवान, बिहार ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे में फंदे पर लटके शव को नीचे उतारा और उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। साथ ही आवश्यक जांच पड़ताल में जुट गयी। जानकारी के अनुसार नितेश पांडेय चंद्रशेखर नगर में अकेले ही किराए पर रहते थे। वह एक दवा कंपनी में प्रतिनिधि (एमआर) का कार्य करते थे। सुबह साथी एमआर ने ड्यूटी के लिए कई फोन करने के बाद भी नहीं उठाया तो कमरे पर पहुंच गए। कमरा अंदर से बंद था। उन्होंने इसकी जानकारी अधिकारी व पुलिस को दी। मौके पर भारी भीड़ जुट गई। पुलिस ने कमरे का फाटक तोड़ा। अंदर का नजारा देख सभी के होश उड़ गए। फंदे पर नितेश का शव लटका था। चन्द्रशेखर नगर चौकी प्रभारी पीएन मिश्रा ने बताया कि परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। उनके पहुंचने पर पोस्टमार्टम होगा। पुलिस मोबाइल, लैपटाप व अन्य जरूरी सामान कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। इसकी जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी।

### 23 को प्रीति मौर्या को किया जायेगा सम्मानित



**लालगंज।** अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में श्री शिवनंदन गिरी पूर्व माध्यमिक विद्यालय भगवानपुर के कक्षा आठ की छात्रा कुमारी प्रीति मौर्य के जिले स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर घर परिवार व विद्यालय में खुशी का माहौल है। सावन छपरा निवासी पुष्पेंद्र मौर्य की पुत्री कुमारी प्रीति मौर्य ने गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षकों ने खुशी का इजहार करते हुए बताया कि छात्रा ने उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त कर समाज एवं राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ सांस्कृतिक तथा नैतिक मूल्यों के विकास में जिस लगन, निष्ठा व जागरूकता का परिचय दिया है, वह संस्कृति के उत्थान में प्रशंसनीय है। कुमारी प्रीति मौर्य को 23 अप्रैल को गायत्री शक्तिपीठ बलिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### आग से पांच रिहायशी मड़हे जलकर राख



**बैरिया।** सुरेमनपुर दियरांचल के गोपाल नगर के पांच लोगों की रिहायशी मड़हे में शनिवार की सुबह अज्ञात कारणों से लगी आग से उसमें रखा खाद्यान्न, कपड़ा, फर्निचर, नगदी सहित लाखों रुपए मूल्य का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के घंटों अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग बुझने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। जानकारी के अनुसार अज्ञात कारणों से गोपालनगर निवासी सरस्वती देवी पत्नी बृजेश यादव के रिहायशी मड़हे में आग लग गई और मड़हा धूं-धूंकर जलने लगा। बेकाबू आग की लपटों ने पार्वती देवी पत्नी राजेश यादव, दीनानाथ यादव, उमाशंकर यादव, अवधेश यादव आदि के रिहायशी मड़हे को अपनी चपेट में ले लिया। पलक झपकते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पांच मड़हे जल कर राख हो गये। आग लगने के कारण पूरे गांव में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। लोग अपने-अपने रिहायशी मड़हे पर पानी डालने लगे। वहीं, दर्जनों ग्रामीणों ने पंपिंग सेट चलाकर आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। लेखपाल राजू यादव ने बताया कि नुकसान का जायजा ले लिया गया है। तहसील से सहायता के लिए तत्काल रिपोर्ट भेजा जा रहा है।

### आग से घर गृहस्थी का सामान राख

**दुबहर।** स्थानीय थाना अंतर्गत घोड़हरा गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। बताया जाता है कि घोड़हरा गांव निवासी शिवशंकर यादव पुत्र रामधारी यादव के घर से शुक्रवार की देर रात अचानक आग की लपटें उठने लगी। परिजनों ने आग की उठती लपटों को देखकर शोर मचाया। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया, तब तक छप्पर एवं टीन शेड के घर में रखें अनाज, भूसा, बर्तन, कपड़े सहित घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो चुका था। सूचना पर पहुंचे लेखपाल, विनोद कुमार भारती एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुलायम यादव ने पीड़ित परिवार का मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

### बोर्ड परीक्षा में पास कराने को मांगा जा रहा पैसा

**बैरिया।** अब यूपी बोर्ड के छात्र-छात्राओं से एक नायाब ठगी का तरीका प्रकाश में आया है। यूपी बोर्ड की परीक्षा में अच्छा नंबर दिलवाने अथवा उत्तीर्ण करवाने के नाम पर छात्र-छात्राओं से फोन करके दो से चार हजार रुपये मांगे जाने की कई घटनाएं पिछले दो दिनों में सामने आई है। अपने को बोर्ड आफिस का डाटा आपरेटर बताने वाला व्यक्ति हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के कई छात्र-छात्राओं से फोन के माध्यम से दो से चार हजार रुपए भेजने को कह कर इस बात की गारंटी दे रहा है कि प्रथम श्रेणी में हर हाल में पास करा दूंगा। कई छात्रों से फोन पर इसको लेकर कहासुनी व गाली-गलौज भी होने की खबर है। सुघर छपरा निवासी पीएन इंटर कालेज दुबे छपरा के छात्र मोहम्मद आदिल अंसारी ने इस वर्ष इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा में प्रतिभाग किया था। उसके मोबाइल नंबर पर फोन आया कि दो हजार रुपये फोन-पे द्वारा भेजो। तुम्हें प्रथम श्रेणी में पास करा दूंगा। इसी तरह नारायणगढ़ इंटर कालेज की छात्रा आस्था सिंह इस साल हाईस्कूल की परीक्षा में प्रतिभाग किया है। उसके फोन पर भी उसी नंबर से फोन आया कि दो हजार रुपये फोन-पे करो। तुम्हें प्रथम श्रेणी में पास करा दिया जाएगा। उक्त फोन करने वाला व्यक्ति अपना नाम रूपेश कुमार बता रहा है। इस तरह के फोन कई छात्र-छात्राओं के पास आया है और उनसे ठगी करने का प्रयास किया जा रहा है। इस बाबत एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि किसी पीड़ित ने इस तरह की शिकायत हमें नहीं किया हैं। शिकायत मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। एसएचओ ने उन छात्र-छात्राओं से थाने में सूचना देने की बात कही है।

### बहुत देर तक धूप एवं गर्म हवा में न रहें : नीलेश

**सहतवार।** स्थानीय नगर पंचायत के बहुचर्चित योगिराज श्री चैनराम बाबा समाधि स्थल प्रांगण में शनिवार की प्रातः योग के विशेष सत्र में गर्मी, लू, मधुमेह और रक्तचाप से बचाव हेतु अंतराष्ट्रीय योग गुरु नीलेश उपाध्याय ने लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शीतली, शीतकारी एवं चंद्रभेदी प्राणायाम के अभ्यास से लू लगने तथा हिट स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है। कहा कि मौसमी फल या फलों का रस, दही, मट्ठा, जीरा छाछ, जलजीरा, लस्सी, आम का पन्ना, शिकंजी, खस का शरबत, आम व पुदीने की चटनी तथा बेल के शरबत का सेवन करने से लू के खतरे से बचा जा सकता है। बहुत देर धूप और गर्म हवा में ना रहे। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। धूप में गर्म हुए शरीर के साथ अचानक एसी में बैठने से हिट स्ट्रोक लग सकता है। एसी में बैठने से पूर्व शरीर के तापमान को थोड़ा सामान्य होने दें। धूप में बाहर जाने से पहले पानी में भिगोया सूती कपड़ा सिर पर ओढ़ कर निकलें। तेज धूप से आते ही ज्यादा पसीना आने पर फौरन ठंडा पानी ना पिएं। पानी में नींबू और नमक मिलाकर दिन में 2-3 बार पीते रहे, जिससे लू लगने का खतरा कम हो जाता है। खाली पेट धूप में बाहर ना जाएं। बेल का शरबत अत्यंत फायदेमंद है। इसके सेवन से शरीर हाइड्रेटेड रहता है और लू की संभावना कम हो जाती है। तरबूज, खीरे और ककड़ी का सेवन करें। युवा शक्ति संस्थान के संरक्षक और प्रखर समाजसेवी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि योग शरीर को स्वस्थ और आत्मा को आनंदित रखने का सर्वोत्तम माध्यम हैं। योग के अभ्यास से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मानसिक स्थिरता बनी रहती है। योग के विशेष सत्र में वरिष्ठ व्यापारी वेद प्रकाश बिहारी, रामजी प्रसाद, संजीत कुमार गुड्डू, हीरालाल गुप्ता, बृजभूषण गुप्ता, श्रवण चौरसिया झुन्ना, संजय ठाकरे, संतोष गुप्ता, सतीश पांडेय, आशुतोष गुप्ता टिंकू, श्रीकांत आदि मौजूद रहे।

**संक्षेप**

### दस कुतंल भूसा अस्थाई गौ शाला को दिया दान

**इंदारा, मऊ।** रतनपुरा ब्लाक क्षेत्र के सहुआरी गांव निवासी डाक्टर अरविंद कुमार सिंह अपर निदेशक ग्रेड 2 पशुपालन विभाग अयोध्या मंडल की माता श्यामा सिंह और उनके पिता प्रोफेसर एसएन सिंह की तरफ से 10 कुतंल भूसा शनिवार को अस्थाई गौ शाला छत्तरपुर रतनपुरा को दान दिया गया। भूसा को टैक्टर ट्राली में लदवाकर पशु-चिकित्सा अधिकारी इंदारा डाक्टर राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में अस्थाई गौ शाला छत्तरपुर रतनपुरा भेजवाया गया। जिसकी प्रशंसा चारों ओर हो रही है। इस दौरान मुख्य रूप से राम रत्न गौड़, जितेन्द्र चैहान, नयाज अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

### पांच शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** थाना घोसी पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी शनिवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जब जरिये मुखबिर की सूचना पर जमालपुर भीखमपुर से 05 शातिर अभियुक्तों क्रमशः पीयूष राजभर उर्फ टाइगर पुत्र पवन निवासी भदीड़ थाना मुहम्मदाबाद, रामसुंदर उर्फ गोलू पुत्र बैजनाथ निवासी जमुनीपुर थाना दोहरीघाट, बृजेश कुमार उर्फ प्रिंस पुत्र रोहित निवासी मानिकपुर असना, आशूराम पुत्र सुरेश निवासी धरौली बड़ागांव थाना घोसी व अभिषेक राजभर पुत्र श्रीकांत निवासी चचाईपार थाना मधुबन मऊ के कब्जे से 03 अवैध तमंचा 315 बोर व 08 जिंदा कारतूस, चोरी की दो बाइक सूपर स्प्लेंडर व ग्लैमर (फर्जी नंबर प्लेट के साथ), चोरी के 06 मोबाईलफोन व थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं 142/23 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित 08 हजार रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

### पूनम दीदी ने कराई आत्मिक स्वरूप की पहचान

**मऊ।** शहर में पिछले 3 दिनों से चल रहे हैं अलविदा तनाव शिविर का आम जनमानस के बीच जबरदस्त प्रभाव देखने को मिल रहा है। स्वयं के वास्तविक अस्तित्व की पहचान के द्वारा सफलता प्राप्ति के मंत्रों को यथार्थ रूप में प्रयोग कर जीवन को सरल, संबंधों को सुखद बनाने की विधि सिखाते हुए ब्रह्मा कुमारी पूनम दीदी ने कहा कि संतुलित एवं सकारात्मक विचारधारा के साथ स्वयं के मन को निर्देशित करना सीखें तो जीवन में सफलता प्राप्ति निश्चित है। उन्होंने कहा कि जीवन में जिस चीज की सफलता चाहते हैं उसको सामने रखते हुए स्वयं के मन को निर्देशित करें कि मुझे विजयी बनना ही है। इसके लिए स्वयं के वास्तविक अस्तित्व अर्थात आत्मिक पहचान होना आवश्यक है। स्वयं को आत्मा राजा समझ मन, बुद्धि, संस्कार रूपी कर्मेंद्रियों को निर्देशित करने से वह पूरी ऊर्जा के साथ उसी दिशा में कार्य करने लगेंगे। कार्यक्रम के बीच में बजाए गए प्रेरणादायक गीत जीवन से ना हार जीने वाले, की धुन पर मांस में उपस्थित युवाओं के साथ पूरी सभा झूम उठी। संस्था की क्षेत्रीय निदेशिका बाल ब्रह्मचारी राजयोगिनी सुरेंद्र दीदी की पावन सानिध्य एवं ब्रह्मा कुमारीज मऊ जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी विमला दीदी के संयोजन में आयोजित उक्त शिविर में संस्था के क्षेत्रीय प्रबंधक बीके दीपेंद्र, मुख्यालय के मीडिया व पब्लिक रिलेशन प्रभारी बीके कोमल, बीके अमरजीत, रामकृष्ण, वीरेंद्र, श्रीराम व राम सरिक आदि के साथ विभिन्न सेवाकेंद्रों की प्रभारी ब्रह्माकुमारी बहनें शशि, अमिता, निर्मला, सरोज, निशा, सुनीता आदि उपस्थित रहे।

### छह साल की उम्र में आयत ने माहे रमजान का रखा रोजा

**दोहरीघाट, मऊ।** रमजान का पाक महीना मुस्लिम समाज के लिए खास मायने रखता है। इस माह में संयम और समर्पण के साथ खुदा की इबादत की जाती है। हर व्यक्ति अपनी रूह को पवित्र करने के साथ अपनी दुनियादारी की हर हरकत को पूरी तत्परता के साथ वश में रखते हुए केवल अल्लाह की इबादत में समर्पित हो जाता है। तकवा लाने के लिए पूरे रमजान के माह रोजे रखे जाते हैं। दिनभर की गर्मी में भी अलसुबह सहरी से शाम को इफ्तारी तक रोजेदार भूखा-प्यासा अल्लाह की इबादत करता है। इन रोजेदारों में महिला-पुरुष ही नहीं, छोटे बच्चे भी शामिल होते हैं। ऐसा ही उत्साह देखने को मिला 6 साल की छोटी सी बच्ची आयत जाफरी में। अपनी अम्मी और अब्बू को रोजा करता देख रोजा रखने की जिद करने वाली आयत जाफरी ने न केवल खुद रोजा रखा, वरन अपने भाई बहनों को भी प्रेरित कर रोजा रखवाया। आयत जाफरी ने भरी गर्मी के बावजूद अपने जीवन का पहला रोजा रखा था। इबादत की रात सब-ए-कद्र के पहले भी अपने दूसरा रोजा शिद्दत के साथ अल्लाह की इबादत करते हुए पूरा किया। इफ्तारी के साथ आयत जाफरी ने मुल्क और दुनिया में अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ मांगी। टायर पंचर की दुकान चलाने वाले इनके पिता अजमल जाफरी ने बताया कि हमें देख कर आयत रोजाना रोजा रखने की जिद करती थी। पिछले दिनों जब हम सहरी के लिए उठे तो ये भी जिद कर हमारे साथ रोजेदारी में शामिल हुईं। इनकी लगन और अल्लाह की रहम से इनकी मेहनत सफल रही। इस दौरान अफजल जाफरी, औवल जाफरी, अंजल जाफरी, अनाइजा जाफरी समेत कई रोजेदार मौजूद रहे।

# केंद्र और यूपी में साथ-साथ भाजपा की दो बार बनी सरकार लेकिन नपं में अब तक नहीं खिला कमल

**देवेन्द्र कुशवाहा**

**कोपागंज, मऊ।** नगर निकाय चुनाव का बिगुल बजते ही नगर पंचायत कोपागंज में अध्यक्ष व सभासद पद के प्रत्याशी सुबह शाम मतदाताओं के दरवाजे पर अपनी हाजिर लगा रहे हैं जिससे नगर क्षेत्र मे चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है। बात की जाए नगर पंचायत कोपागज की 1958 मे शासन द्वारा पहली बार इसकी आधार शिला रखी गई। निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में सरगर्मी बढ़ गई है।

कोपागंज नगर पंचायत अध्यक्ष पद के 14 वें चेयरमैन को लेकर दांव लगने लगे हैं। चुनावी गुणा गणित के साथ ही विभिन्न दलों से टिकट की होड़ मची है तो जाति, वर्ग के आधार पर जोड़ तोड़ भी। राजनीतिक दलों के दफ्तरों से लेकर चट्टी चैराहों तक चर्चा का दौर तेज है। नगर पंचायत के चुनाव में कांग्रेस, सपा व भाजपा के दफ्तरों में हलचल बढ़ गयी है। नाते रिश्ते खंगाले जाने के साथ ही पुराने संबंधों को ताजा करने की कवायद जोरों पर है। किसी भी तरह के छोटे-बड़े मांगलिक कार्यो में जातिगत वोट की गरज से जुबानी बुलावे पर भी उपस्थिति दर्ज कराने की होड़ मची है। नजदीकियां बढ़ाने और जताने के बहाने भी इजाद किये जा रहे हैं। बहलहाल कोपागंज नपं के 14वें चेयरमैन के दावेदारों में महिला सीट के लिए आरक्षित होने के कारण निवर्तमान चैयरमैन शबनम हेलाल और अरशद रेयाज के किसी महिला सदस्य के बीच सपा से टिकट पाने की जुगत में लग गए है तो वही, डॉ वीरेंद्र गुप्ता संजीव कुमार गुप्ता भी भाजपा के टिकट पर दावेदारी ठोक रहे है। कोपागंज को वर्ष 1958 में नगर पंचायत का दर्जा मिला। प्रथम चेयरमैन के तौर पर फैजुल्लाह अहमद 1962 तक कुर्सी पर काबिज रहे। वर्ष 1962 से 1965 तक महादेव तिवारी, 1966 से 1970 तक युसूफ वकील, 1971 से 1975 तक निवर्तमान अध्यक्ष हेलाल अहमद के दादा इदरीश चेयरमैन रहे। वर्ष 1976 में हाजी मुस्तफा के कार्यकाल के दौरान उपचुनाव कराया गया। इसमें इकबाल अहमद विजयी रहे। उन्हें अगले दो चुनावों में भी सफलता मिली। वर्ष 1995 में हुये चुनाव में उनकी बहू इशरत बानो चुनाव लड़ी और चेयरमैनी घर में ही रही। इसके उपरांत 2001 में नसीम अहमद जीते। 2006 में हेलाल अहमद ने जीत दर्ज की। पुन 2012 में कांग्रेस के हेलाल अहमद अंसारी ने रेयाज अहमद को लगभग 500 मतों से हराकर अपनी चेयरमैनी बरकरार रखा। 2017 में हेलाल अहमद की पत्नी शबनम हेलाल ने इकबाल अहमद की पुत्रबधु अमीना सिद्दीकी को 529 वोटो से हराकर लगातार तीसरी बार नगर पंचायत अध्यक्ष पर कब्जा बरकरार रखा। अबतक मुस्लिम बहुल क्षेत्र होने के कारण मुस्लिम वोट निर्णायक की भूमिका निभाता था लेकिन नए परिसीमन में अच्छी खासी हिन्दू आबादी जुड़ने से मामला काटे का हो गया है जिसके चलते भाजपा भी इस बार अपना खाता खोलने को बैचेन है।

### साहू समाज के मतों पर नजर

कोपागंज नपं चुनाव के बाबत भाग्य आजमाने वाले प्रत्येक दलों के प्रत्याशियों की निगाहें साहू समाज पर टिकी हुई है। चूंकि पूरे नगर में मुस्लिम मतदाताओं के बाद दूसरे स्थान पर साहू समाज के लोग हैं और इनका मत निर्णायक होता है। इसी वर्ग से उम्मीदवार डॉ वीरेंद्र गुप्ता की माता पारवती देवी के होने से और संजीव कुमार गुप्ता की माता पुष्पा देवी दोनों इस वर्ग पर अपना दावा जताते हुए भाजपा से टिकट पाने की जुगत में है। नपं के कुल 17 वार्डों में पांच सौ परिवारों में इस समाज के वोटरों की संख्या लगभग चार हजार हैं। इन वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिये हर दलों द्वारा अभी से हथकंडे अपनाये जाने लगे हैं। साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष अनूप साहू का कहना है कि इस बार नपं की महिला वर्ग के लिये आरक्षित हैं। इस लिये चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जायेगा।

# परिवहन मंत्री ने प्रधान प्रतिनिधि को किया सम्मानित



**इंदारा, मऊ।** जिले के फतेहपुर मंडाव में प्रदेश स्तरीय जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर को नल से जोड़ने के लिए शनिवार को कोपागंज ब्लॉक क्षेत्र के अलीनगर ग्राम प्रधान रामावती देवी को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए सराहा और कहा की हम इनके कार्यों से बहुत खुश हुए। वही उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र एवं जिलाधिकारी की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अलीनगर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि को प्रशस्ति पत्रक देकर किया सम्मानित किया। इस अवसर पर अनिल प्रजापति ने इस सम्मान को न सिर्फ प्रधान का सम्मान बताया बल्कि इसे पूरे ग्राम सभा के प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान बताया और सभी को धन्यवाद किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे, विधायक राम विलास चैहान, सांसद नीरज शेखर, सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव, मंडलायुक्त आजमगढ़ मनीष चैहान, यूपी जल निगम प्रबंधक निदेशक डॉक्टर बालकर सिंह आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों के अधिकाधिक मामलों का हो निस्तारण

**जनसंदेश न्यूज**

**मऊ।** 13 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के सम्बन्ध में पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अनिल कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में षनिवार को दीवानी न्यायालय के सभागार में प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गयी।

बैठक में बीमा कम्पनीयों के अधिवक्तागण/ अधिकारीगण के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों के अधिकाधिक मामलों में निस्तारण पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना अधिकरण द्वारा उपस्थित बीमा कम्पनीयों के अधिकारीगण/ अधिवक्तागण को सम्बन्धित लंम्बित मामलों में उचित क्षतिपूर्ति प्रदान कर आपसी सामन्जस से अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किया गया। दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति/ आश्रितों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से क्षतिपूर्ति प्रदान कर लाभान्वित किये जाने हेतु चिन्हित मामलों के निस्तारण योग्य विन्दुओं पर परिचर्चा की गयी। साथ ही साथ षनिवार को जनपद न्यायाधीश रामेश्वर के मार्गदर्शन में आरबीट्रेशन के निष्पादन मामलों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया।

उक्त विशेष लोक अदालत में कुल 01 मामलों का निस्तारण किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिनय कुमार मिश्रा द्वारा वादकारीगण एवं आमजन से अपील किया गया कि अपने लम्बित मामलों का निस्तारण 13 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में करा सकते है। उक्त लोक अदालत में अन्य वादों के साथ-साथ दाम्पत्य विवाद एवं बैंक ऋण संबंधित वाद का प्री-लिटिगेशन स्तर पर निस्तारण किया जायेगा।

# आदित्य हत्याकांड में शामिल अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार

## पुलिस हत्याकांड में शामिल अभियुक्तों से कर रही पूछताछ

**कार्रवाई**

**घायल बदमाश रावण के खिलाफ कोतवाली में कई मुकदमें पहले से दर्ज**

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** आदित्य हत्याकांड में शामिल एक अभियुक्त को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। शातिर अपराधी हत्याकांड में अहम किरदार निभाया था। हत्याकांड में पुलिस ने एक और अभियुक्त को दबोचा है। जिसका आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। हालांकि, पुलिस ने सदर कोतवाली क्षेत्र के मिश्र बाजार स्थित अधिवक्ता रामनरेश राय एवं उनके लड़के रवि राय को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

रवि राय की निशानदेही पर ही शव बरामद हुआ था। पुलिस के मुताबिक बीते शुक्रवार को कोतवाली प्रभारी अपने पुलिस टीम के साथ भूतहियाताडं पर चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान करीब सवा ग्यारह बजे रात्रि को सूचना मिली की एक बाइक सवार दो बदमाश सम्राट ढ़ाबा की तरफ से आ रहें है। उक्त बदमाशों को पुलिस टीम ने रोकने का इशारा किया। तो बदमाशों ने जान मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर करते हुए शादियाबाद की तरफ भागने लगे। प्रभारी कोतवाल ने बताया कि जिसकी सूचना अन्य पुलिस टीम को देते हुए पीछा किया गया। तो मीरनपुर हाइवे मोड़ के पास पुलिस सब इंस्पेक्टर शिवाकान्त मिश्रा द्वारा घेराबन्दी करके पीछा किया गया।



जिला अस्पताल में मुठभेड़ में घायल आरोपी से पूछताछ करते एसपी ओमवीर सिंह।

भूतहिया तांड़ मोड़ तिराहे पर मौजूद स्वाट टीम द्वारा भी सूचना के आधार घेराबन्दी की गई। मीरनपुर सक्का हाइवे के पास बदमाशों द्वारा अपने को घिरता देख पुलिस टीम पर जानलेवा हमला की नियत से फायरिंग किया गया। आत्मरक्षा में जबाबी कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को गोली लग गई और मौके से एक बदमाश अंधेरे में भागने का प्रयास किया जिसको घेर कर पुलिस टीम ने तमंचे के साथ पकड़ लिया। घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। घायल बदमाश आदित्य हत्याकांड में वांधित अभियुक्त है।

घायल अभियुक्त की विवेक राय उर्फ रावण पुत्र मुन्ना राय निवासी ग्राम गडुआ मकसूदपुर थाना सुहवल के रूप में पहचान हुई। वहीं पकड़े गए बदमाश की पहचान शशिभूषण शर्मा उर्फ भोलू पुत्र श्रीकान्त शर्मा निवासी भगीरथपुर थाना सुहवल के रूप में हुई। बदमाशों के पास से दो तमंचा और कारतूस व मोटरसाइकिल बरामद किया गया। घायल बदमाश रावण के खिलाफ कोतवाली में कई मुकदमें है। वहीं अभियुक्त शशिभूषण का आपराधिक इतिहास की खोजबीन की जा रही है।

### पेशेवर अपराधी थे आदित्य के हत्यारे

**गाजीपुर।** बिरनो थाना क्षेत्र के बीरबलपुर गांव निवासी आठ माह से लापता युवक आदित्य सिंह की हत्या का खुलासा शुक्रवार को हो गया। हत्या में शामिल मिश्रबाजार के अधिवक्ता रामनरेश राय एवं उनके पुत्र रवि राय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। रवि के निशानदेही पर शुक्रवार को टैक्सी स्टैंड स्थित एक दलदल में शव मिला था। जिसका पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद परिजनों ने दाह संस्कार किया। बतादें बीते शुक्रवार को मृतक के पिता जय सिंह पुत्र केदार नाथ सिंह ने थाना कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि हमारा लड़का आदित्य सिंह (30) वर्ष रामनरेश राय एवं उनके पुत्र रवि राय के साथ पिछले 2 वर्षो से जमीन खरीद एवं बिक्री का कार्य करता था। मिश्रबाजार स्थित उनके मकान में उनके साथ रहता था। करीब 6-7 महीने से वह घर नही आया। परिवार के लोगों ने अपने स्तर से उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। आदित्य के वाट्सएप नं. से घर के वाट्सएप पर मैसेज आता था। जिससे हम लोग दिग्भ्रमित हो जाते थे। करीब 3-4 दिन पहले एक आदमी मेरे गांव आकर बताया कि आदित्य सिंह की हत्या रामनरेश राय ने अपने लड़के रवि राय के साथ मिलकर 6-7 महीने पहले कर दिया है। उसकी लाश को अपने दो प्लाटों मे से किसी एक प्लाट में गाड़ कर छिपा दिया है। इसके अलावा कई और लोगों की इन सभी ने हत्या कर शव को गाड़ दिया है।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत



जखनियां उत्तरी केबिन के पास युवक की मौत के बाद लोगों की भीड़।

**जखनिया।** जखनिया उत्तरी केबिन के पास शनिवार को प्रमोद कुमार चौबे उर्फ बबलू चौबे (35) पुत्र विमल चौबे ग्राम तालगांव मोलनापुर ट्रेन की चपेट में आ जाने से उनकी मौत हो गई। सुबह शौच के लिए निकले लोगों की नजर पड़ी तब इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी गई।

वही जानकारी होते ही मौके पर कोतवाली भुड़कुड़ा के अतरिक्त इस्पेक्टर हीरामणि यादव अपने हमराहियों के साथ सूचना पाकर पहुंचे। जबकि यह मामला जीआरपी औड़िहार के रेंज में आने पर जीआरपी को सूचना दे दी गई। मृतक के पास से मोबाइल आधार कार्ड एवं पर्स के आधार पर पहचान किया गया। परिजनों को सूचना मिलते ही मौके पर परिजन भी पहुंच गए।

मृतक दो भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई वाराणसी नौकरी करता है मृतक को एक लड़का एवं दो लड़कियां हैं। पिता रिटायर सेल टैक्स विभाग से सेवानिवृत्त हो घर पर ही रहते हैं। मृतक खेती बाड़ी का काम देखते थे। समाचार लिखने तक हादसा किस वजह से हुआ इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका था।

# गली-गली चल रही शिक्षकों की कोचिंग

**गाजीपुर।** जिले के सरकारी, वित्त विहीन, व निजी स्कूलों के शिक्षक नियमों को ताक पर रख कर गली-गली ट्यूशन व कोचिंग की दुकान चला रहे हैं। कुछ घर पर ही कक्षाएं चलाते हैं तो कुछ ने बाकायदे कोचिंग सेंटर खोल रखा है। इसको लेकर कई बार लोगों ने ऐतराज भी जताया लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी मौन हैं और कार्रवाई के नाम पर वह चुप्पी साध लेते हैं।

माध्यमिक शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार एक बार कोचिंग का रजिस्ट्रेशन होने के बाद वह तीन साल तक के लिए वैध हो जाता है। इसमें छात्र संख्या के आधार पर उनका पंजीकरण किया जाता है। इनके पंजीकरण की प्रक्रिया पहली जुलाई से 31 जुलाई के बीच होती है। लेकिन शहर के हर मुहल्ले में ट्यूशन व कोचिंग का कारोबार चल रहा है।केवल शहर मे ही पांच दर्जन से अधिक कोचिंग सेंटर खुले हुए है। कुछ सरकारी व सहायता प्राप्त कालेजों के शिक्षक चोरी-छिपे कोचिंग संचालित कर रहे हैं। तो वही निजी स्कूलों के शिक्षक डंके की चोट पर कोचिंग चला रहे हैं।

छात्रों को फेल व पास करने के नाम पर भी उन्हें डराया जाता है। ऐसे में बेबस छात्रों को ट्यूशन का सहारा लेना पड़ रहा है। निजी स्कूलों के शिक्षकों का जाल इतना ही नहीं है, वह बाकायदा क्लासेज के नाम पर पूरा ढांचा तैयार कर रहे हैं। उनके घरों पर छात्रों को बैठने से लेकर अन्य व्यवस्थाएं होती हैं।

शहर के नामी स्कूलों की बात करें उनके कई शिक्षकों ने अपने घरों को कोचिंग सेंटर बना डाला है। यह पंजीकरण नहीं करा रहे हैं। छात्रों का कहना है कि स्कूल के शिक्षकों से कोचिंग करना उनकी मजबूरी है। अगर वह उनसे ट्यूशन नहीं पढ़ेंगे तो उन्हें परीक्षा के समय तथा अन्य मुद्दों पर परेशानी झेलनी पड़ती है।

## विशेष लोक अदालत में 15 आवेदनों का निस्तारण

**गाजीपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में एवं न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में शनिवार को आर्बिट्रेशन विशेष लोक अदालत के निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय में किया गया। इस विशेष लोक अदालत में कुल 47 मामले निस्तारण हेतु नियत किये गये थे। जिनमें से कुल 15 मामले अन्तिम रूप से निस्तारित किये गये। जिसमें संजय कुमार यादव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा 15 वादों का निस्तारण अन्तिम रूप में किया गया।

कामायनी दूबे, पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद न्यायालय के कर्मचारीगण, अधिवक्तागण तथा प्रशासन के प्रति अपना धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं आशा व्यक्त की गयी कि वे इसी प्रकार से आगामी आर्बिट्रेशन विशेष लोक अदालत में अपना सहयोग प्रदान करेगें।

# शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने मचाया कहर

**बसुका गांव में झोपड़ी सहित मवेशी जले**

**सेवराई।** गहमर थाना क्षेत्र के बसुका गांव में बिजली के शार्ट सर्किट से मड़हे में आग लगने के कारण बंधी दो बकरियां बुरी तरह जलने से मर गयी। वही दो भैंस भी बुरी तरह झुलस कर घायल हो गई। ग्रामीणों ने भारी मशक्कत के बाद जब तक आग पर काबू पाते तब तक सब जलकर राख हो चुका था। मौके पर पहुंचे राजस्वकर्मियों ने मौका मुआयना कर पीड़ितों आग से हुई क्षति का आकलन करने में जुट गए। जानकारी के अनुसार गहमर थाना क्षेत्र के बसुका गांव में शनिवार की दोपहर रूपचंद राजभर के मकान में अचानक आग की लपटें उठनी शुरू हो गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने जब देखा तो नल के पानी से जब तक आग बुझाने का प्रयास करते तब तक रूपचंद राजभर की झोपड़ी में बंधी दो बकरी जलकर मर गई। किसी तरह दो भैंसों को बचाने में ग्रामीण सफल हो पाये। लेकिन तब तक भैंस भी बुरी तरह झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गई। वही मड़हे में रखा पशुओं का चारा, लगभग पांच कुंतल गेहूं व साइकिल आदि समान जलकर राख हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने पीड़ित के जले सामानों का आकलन करने में लग गए। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी सेवराई राजेश प्रसाद ने बताया कि सूचना के तुरंत बाद मौके पर राजस्व कर्मियों को भेजकर पीड़ित परिवार के जलकर हुए नुकसान का आकलन करने के बाद सूची बनाकर मुआवजे के लिए कार्यवाही की जा रही है।



बसुका गांव में आग लगने के बाद जले आशियाने को देखते ग्रामीण।

### गरीब परिवार पर फूटा आग गोला

**सेवराई।** बिजली के साथ सर्किट से अपनी आंखों के सामने ही दो बकरियों को जलकर मर जाने वह दो घंटे के झुलसने के साथ ही सभी समान जलकर राख हो जाने के कारण पीड़ित रूपचंद राजभर वह पत्नी बच्चों सहित पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल था। रो-रो कर रूपचंद व उसकी पत्नी बार-बार यही कह रही थी कि " हे भगवान ई कवना जन्म के पाप के बदला ले लिहल" ग्रामीणों ने बताया कि रूपचंद राजभर का परिवार काफी गरीबी के हालत में मजदूरी व दूसरे की खेती कर अपना आजीविका चलाते थे।

## संक्षेप

### शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता : हेमंत



**गाजीपुर।** पूर्व जिलाध्यक्ष प्रा.शि.संघ के सुरेंद्र कुमार सिंह का शनिवार को सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यअतिथि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने पूर्व जिलाध्यक्ष के कार्यों की प्रशंसा किया और कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता है आप भी विभाग को हमेशा अपना सहयोग प्रदान करते रहेंगें। विदाई समारोह में जिलाध्यक्ष जितेंद्र यादव ने सभी आएं हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। विदाई समारोह में आनंद प्रकाश यादव, पवन गुप्ता, कमलेश सिंह यादव, धनंजय,इं.सुरेंद्र प्रताप सिंह, राधेश्याम सिंह यादव, राजेश सिंह, मानवेंद्र सिंह, दीपक जायसवाल आदि रहें। संचालन जिला मंत्री इसरार अहमद सिद्दीकी ने किया।

### निर्दलीय प्रत्याशी अलीशेर राइनी ने ठोकी ताल

**सेवराई।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर नगर पंचायत दिलदारनगर के चुनाव को लेकर कराए जा रहे नामांकन में शनिवार को अध्यक्ष पद के लिए एक निर्दलीय प्रत्याशी मु. अलीशेर राइनी ने नामांकन किया । बता दें कि अलीशेर राइनी उर्फ भोलू दो बार नगर पंचायत दिलदारनगर के अध्यक्ष भी रह चुके हैं पिछले चुनाव में अविनाश जायसवाल से चुनाव हार गए इस बार फिर एक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अलीशेर राइनी अपना भाग्य आजमाने के लिए नामांकन पत्र जमा किया। वही सभासद पद के लिए नौ निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किया। अभी किसी भी राजनीतिक प्रत्याशियों द्वारा अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किए जाने के कारण नामांकन प्रक्रिया जोर नहीं पकड़ रही है। अध्यक्ष पद के लिए अब तक कुल 4 निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किया है । नामांकन प्रक्रिया को लेकर तहसील परिसर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। वही तहसील मुख्यालय आने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग करके चार पहिया वाहनों के आने-जाने पर रोक लगा दिया गया था। नगर पंचायत दिलदारनगर चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर व उपजिलाधकारी राजेश प्रसाद ने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को अध्यक्ष पद के लिए एक नामांकन व सभासद पद के लिए नौ नामांकन पत्र जमा किया गया।

# पुलिस ने पशुओं के साथ तस्कर को रंगेहाथ दबोचा

**कसा शिकंजा**

**बिहार प्रांत में पशु को ले जा रहा था तस्कर,वाहन सीज**

जनसंदेश न्यूज

**भांवरकोल।** पुलिस ने शनिवार की भोर लगभग 4:45 बजे कोटवा नारायणपुर लट्ठूडीह मार्ग पर बसनिया के निकट निमार्णाधीन पुलिया के पास से एक पिकअप पर लादकर चार गायों तथा एक बछिया को वध के लिए बिहार ले जाते समय चालक बलिया के चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के आशापुर निवासी कमलेश यादव को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। वांछित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया।

थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि वह उपनिरीक्षक चौकी प्रभारी मच्छटी ओंकार तिवारी एवं अन्य पुलिस कर्मियों के साथ चक्रमण पर थे। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एक पिकअप पर वध के लिए मवेशियों को लादकर लट्ठूडीह से कोटवा नारायणपुर के रास्ते बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम के सदस्य बसनिया के निकट निमार्णाधीन पुलिया के पास वाहन चेकिंग करने लगे। उसी दौरान एक पिकअप वहां पहुंची तो उसे भी चेक किया गया ।चेकिंग के दौरान पिकअप में चार गाय तथा एक बछिया लदी पाई गईं, जिन्हें वध के लिए बिहार ले जाया जा रहा था ।तलाशी के दौरान चालक के पास से एक तमंचा व एक कारतूस भी बरामद हुआ।



भावंरकोल पुलिस के गिरफ्त में पशु तस्कर।

पूछताछ के दौरान वाहन चालक ने अपना नाम कमलेश यादव तथा निवासी बलिया जिले के चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के आशापुर का बताया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त कमलेश यादव के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम एव आयुध अधिनियम सहित अन्य वांछित धाराओं के तहत मामला पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया। पकड़े गए वाहन को भी एमवी एक्ट के तहत ऑनलाइन सीज कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक श्री राय ने यह भी बताया कि पकड़े गए अभियुक्त कमलेश के विरुद्ध बलिया जनपद के फेफना थाना में भी अभियोग पंजीकृत है।

### सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** जिला कारागार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव कामायनी दूबे द्वारा जेल का निरीक्षण किया गया। बंदियों से निःशुल्क अधिवक्ता, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गयी एवं उनके यथोचित अधिकार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 1047 बंदी निरूद्ध है। जिसमें 914 पुरूष, 45 महिला व 88 अल्पवयस्क है। सुबह का नाश्ता-चना, चाय व दोपहर का भोजन-रोटी, चावल, अरहर की दाल, सब्जी (आलू, पत्ता गोभी) तथा शाम का भोजन-रोटी, चावल, चना की दाल, सब्जी (आलू, बैगन) तथा सायं चाय, बिस्कुट ।सचिव द्वारा पुरूष एवं महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया तथा जेल के कई बंदियों से बात कर उनकी समस्याओं को समझने के साथ ही उनके निस्तारण का निर्देश दिया। सचिव ने कारापाल को जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से व समुचित विधिक सहायता प्राप्त हो सके। कारागार परिसर में साफ-सफाई के लिए निर्देशित किया गया। मौके पर कारापाल रविन्द्र सिंह यादव उपस्थित रहे।

# बस्ते के बोझ ने बढ़ाई बच्चों की पीड़ा

## किताब-कॉपियों के साथ पानी की बोतल के बोझ से बच्चे परेशान

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** विकसित देशों में छोटे स्कूली बच्चों पर बस्ते का बोझ नहीं डाला जाता। उन्हें खेल-खेल में ही प्राथमिक शिक्षा दी जाती है, लेकिन हमारे यहां छोटे बच्चों पर बस्ते का वजन इतना ज्यादा होता है कि वे कई बार दर्द से कराह उठते हैं। इससे बच्चों के स्वास्थ्य पर तो बुरा असर पड़ता ही है, साथ ही उनका शारीरिक विकास भी समय से नहीं हो पाता।

यही वजह है कि वजनदार बस्तों के कारण अभिभावकों की टेंशन लगातार बढ़ती जा रही है। छोटी क्लॉस में किताबों की संख्या काफी अधिक होती है। यह सारा खेल स्कूल संचालकों के द्वारा कमीशन की खातिर किया जाता है। अधिक किताबों के होने से बच्चों को जहां परेशानी होती है, वहीं अभिभावकों की जेब पर भी अतिरिक्त भार पड़ता है।

कुछ ही स्कूल ऐसे हैं, जहां किताबों की संख्या छोटी कक्षाओं में कम है। तंत्र चाहे तो कम हो जाए वजन। प्रशासनिक और शिक्षा विभाग के अधिकारी यदि चाहें तो छोटे बच्चों के बस्तों का बोझ कम करा सकते हैं। संचालकों के कमीशन के खेल पर अंकुश यदि पूरी तरह से लग जाए तो केंद्रीय विद्यालय की तरह ही कम किताबें छोटे बच्चों की क्लासों में हो। इसके साथ ही बच्चों की किताबें स्कूल में ही रखवाई जाएं और छोटी क्लास में होमवर्क न दिया जाए।

पानी की व्यवस्था भी हर क्लास में यदि हो तो बच्चों को बोतल के बोझ से राहत मिल सकती है।

### स्कूल संचालकों की मनमानी

**गाजीपुर।** स्कूल संचालकों की मनमानी इस कदर हावी है कि सेलेबस निर्धारण में भी हस्तक्षेप अधिक है। मनमानी के कारण बच्चों के बस्तों का वजन हर सत्र में बढ़ता ही जा रहा है। हर साल कोर्स में कुछ न कुछ बदलाव कर दिया जाता है, जिसके कारण बच्चों के बस्ते का बोझ भी बढ़ता ही जा रहा है। एक ही विषय की कई-कई किताब और कॉपी होती हैं, जिसके कारण बच्चों के बस्ते का बोझ बढ़ जाता है। कक्षा एक से लेकर पांच तक के बच्चों का स्कूल बैग तीन से पांच किलोग्राम तक के होते हैं। इसके अलावा बस्ते में पेंसिल बॉक्स के अलावा एक लीटर की पानी की बोतल होती है। अभी तक एक ही लंच बॉक्स बस्तों में होता है।


### समय से पहले ही झुक रहे बच्चों के कंधे

**गाजीपुर ।** स्टेशन रोड के निजी चिकित्सक डॉ एके सिंह का कहना है कि दूसरे देशों में छोटे बच्चों पर अधिक भार नहीं दिया जाता। हमारे यहां भारी बस्ते उठाने के कारण समय से पहले ही बच्चों के कंधे झुक जाते हैं। इसके अलावा उनके शरीर में थकान और दर्द होता है, जिसके कारण वे पढ़ाई पर फोकस नहीं कर पाते। मानसिक तनाव से भी बच्चे ग्रसित हो जाते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए कम वजन का बस्ता होना चाहिए।

### अभिभावक बोले- मानसिक तनाव में आ रहे बच्चे

**गाजीपुर।** फुल्लनपुर की श्वेता सिंह का कहना है कि बच्चों के बैग का वजन कम नहीं होने से बच्चे मानसिक तनाव में आ जाते हैं। कमीशन के कारण अधिक किताबें छोटी क्लास में लगाई जाती हैं। इस खेल पर रोक अधिकारियों को लगानी चाहिए।

**वही पीरनगर के सत्येंद्र मोहन राय** का कहना है कि बच्चों का बस्ता काफी कम होना चाहिए, स्कूलों को चाहिए कि वे बच्चों की किताबें स्कूल में रखवाने की व्यवस्था करें। टाइम टेबिल के अनुसार किताबें मंगाई जाए तो कुछ राहत मिल सकती है। बंधवा के नीरज कुमार राय ने कहा कि किताबों की संख्या छोटी कक्षाओं में अधिक होती है। किताबों की जगह बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देनी चाहिए, ताकि उनका शारीरिक और मानसिक विकास समय से हो सके।



(विंध्याचल यादव की यह कविता अपनी पूरी बनावट में लगातार छीजते हुए मानवीय संबंधों की शोक कथा है।यह उनकी गहरी पीड़ा व मानसिक तनाव से फूटी हुई कविता है जहां बाल्मीकि की तरह 'शोक' ही 'श्लोक'(कविता) में बदल गया है।और यह एक अद्भुत संयोग है कि इन्हीं स्थितियों में बाल्मीकि ने पहली कविता लिखी और अब विंध्याचल ने।
इससे यह तो लगता ही है कि बाल्मीकि से चलकर विंध्याचल तक शोक का रंग और भी गाढ़ा हुआ है! विंध्याचल की इस कविता में मानवीय कुटिलता और सभ्यतागत जटिलता के तंतुवाय को एक साथ देखा जा सकता है, जिसमें झुके हुए चेहरों के भीतर से झांकती हुई बद्दुआएं हैं।यह संकेत है कि ज्ञान के आधुनिक मंदिर नालंदा में सब कुछ ठीक नहीं है।यहाँ एक तरफ हिंसक हाथ हैं तो दूसरी तरफ कुछ मौन चेहरे! कवि चाहता है कि जो मौन हैं वे मुखर हों।जो तटस्थ हैं वे सक्रिय हों लेकिन ऐसा होता दिखता नहीं।जाहिर सी बात है ,यह पीड़ा के भीतर से निकली अपेक्षा है जिसे अभी आकार लेना है। कुल मिलाकर कवि अंततः नालंदा को बचाना चाहता है ताकि आधुनिक समय के 'कलित कनफुकओं' व 'ललित लपकों' से नालंदा को बचाया जा सके : श्रीप्रकाश शुक्ल)

## नालंदा में शोक-गीत



**विंध्याचल यादव**

नालंदा शोक गीत गा रहा है /उदासी पुते चेहरों / और स्मित दबाए थरथराते होठों से /नालंदा शोक गीत गा रहा है।
नालंदा 'शोकमग्न' है बाहर-बाहर/ भीतर शोक-'मगन' है।
नालंदा से गिद्ध खत्म हो रहे हैं/ या कहें कि जगह खाली कर रहे हैं दूसरे 'परमहंसों' के लिए;
गिद्धों का इस तरह जाना/ अखर रहा है
उनके प्रति थोड़े समय के लिए ही सही,उनका/ इस तरह जाना, मानवीयता तो पैदा ही करता है।
हालांकि गिद्ध अपनी मौत की व्यवस्था स्वयं करते हैं-
वे मर रहे हैं क्योंकि/ उन्होंने साबुत लील ली है/अहम की पुड़िया,
अधिकार सुख की मादकता और एक खुद चुना/ हुआ एलियनेशन! अपनी एक गुफा!
वे मर रहे हैं क्योंकि/ उन्होंने खुद चुनी है अपनी/भेड़िया मंत्रिपरिषद :
जिनके दांत और आंत दोनों/ आंखों की चालाक मासूमियत के बिल्कुल विपरीत/ बेहद क्रूर और कसाई हैं।
जो अपनी जुबान और जेहन के बीच सम्मोहक/ संतुलन साधने की कला में हमेशा से माहिर हैं।
नालंदा शोक गीत गा रहा है/ ऐसा शोक गीत जिसमें
मृत की आत्मा की शांति की मंगलकामनाएं/ भीतर से बजबजाती हुई बद्दुआओं से बुझे हुए/ शांतिपाठों के रुप में छंदबद्ध हो रही हैं।
इन शांतिपाठों के उच्चार में/ नालंदा की भावी/ अशांति की आहटें और पैंतरों की पदचाप गूंज रही है,
गूंज रही है सियारों-लोमड़ों-कौवों और/ कनखजूरो की गोटियां खेलने की आवाजें /और कुछ तटस्थ सांसों की सरसराहट भी।
नालंदा शोक गीत गा रहा है /और इंतजार कर रहा है
इन सांसों की सरसराहट के आकार लेने का/ मजबूती से नालंदा के पक्ष में।

**संपर्क 80041 30639**

मूल्यांकन

# एक पठनीय उपन्यास : अंततः

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**



राजा सिंह एक उम्दा समकालीन कहानीकार हैं । 'अंततः' उपन्यास उनकी छठवीं कृति है। इससे पहले वर्ष २०१५ में अवशेष प्रणय , २०१८ में पचास के पार , २०२० में बिना मतलब और २०२१ में पलायन नाम से उनकी कहानियां पुस्तकाकार प्रकाशित हुई और सराही गई हैं। २०२१ में पहला उपन्यास बनियों की विलायत आया था. ह्यअंततः दूसरा उपन्यास है, यह वर्ष २०२२ में प्रकाशित हुआ है। राजा सिंह निरंतर लेखन कर रहे हैं। वे अपने परिवेश से चरित्रों को ढूंढ़कर कहानी में उतार देने की कला में माहिर हैं। लेखकीय वक्तव्य में वे लिखते हैं कि 'उपन्यास की उनकी नायिका यथार्थ है। जिसकी जिजीविषा की कहानी है अंततः।' एक महत्वाकांक्षी लडकी की यंत्रणा को अनुभव कर संवेदनशील शब्दों में अभिव्यक्ति दे पाना लेखकीय सफलता है। देहात और औसत शहरी वातावरण के कथानक के अनुरूप भाषा, और उपन्यास के पात्रों का नामकरण राजा सिंह के लेखन की विशेषता है. उन्होंने रघु और सीता के इर्द गिर्द कहानी बुनी है।



अपने रचना संसार में सहज यात्रा करने वाले एक ऐसे लेखक है, जिनके कम शब्दों में उनके पात्रों के संवाद जीवंत हो उठते है। इस उपन्यास में स्त्री कि भटकन कई स्तरों परलक्षित होती है, जिसका कोई स्पष्ट कारण नैतिकता के वृहद परिप्रेक्ष्य में नदारत हैं। और भी कई प्रश्न अनुत्तरित हैं। बातचीत शैली में कही गई, सीता के संघर्ष की कहानी है अंततः। यद्यपि बेहतर होता कि भले ही वास्तविक जिंदगी में नायिका को सफलता न भी मिली हो पर उपन्यास में सफल सुखान्त किया जा सकता था। राजा सिंह की वर्णन शैली में चित्रात्मक अभिव्यक्ति की क्षमता है। खएती, कम सें कम छोटी खेती एक अलाभकारी व्यवसाय है- इस उपन्यास में यह बात कई .स्तरों पर उभर कर आती है। दो पीढ़ियों कि असफलताओं का मार्मिक चित्रण इस उपन्यास में है। उपन्यास का यह अंश पढ़िये, 'रामदीन ने जुताई की रकम अदा की और पिछला उधार चुकता करके फिर उधार किया। उसने खाद बीज के लिए भी यही व्यवस्था अपनाई। पिछला उधार चुकता किया और नया उधार किया। सबसे ज्वलंत समस्या मुंह बाये खड़ी थी, घर का खाना खर्चा का क्या होगा? समझ से परे था यह इन्तजाम.? बैंकों का कर्ज पहले से ही था उसे पिछले तीन सालों से चुका नहीं पाया था। नोटिस पे नोटिस आ रहे थे। ब्याज पर ब्याज लगकर खाता अलाभकारी हो चुका था। बैंक के कोई दया ममता तो होती नहीं है परन्तु अब क्या करें? सेठ साहूकार उनका ब्याज मूल से ज्यादा हो चुका है। एक बार खेत का एक टुकड़ा बेचकर उनके मोटे पेट को भोजन करा चुके हैं। मगर उनके अलावा कोई चारा तो नहीं है।'

अंततः स्त्री, लड़की और माँ के निर्वहन के सम्मुख पेश आए चुनौती पूर्ण संबंधों का लेखा जोखा प्रस्तुत करता है। उसकी इच्छा आकांक्षा को हर स्तर पर पददलित किया जाता रहा है, चाहे माता पिता द्वारा या पति, प्रेमी द्वारा। किन्तु फिर भी वह उठ खड़ी होती है एक नई जिजीविषा के साथ। नायिका का आत्मविस्थापन शब्दों भावनाओं का भी विस्थापन है और पुनः पति के घर वापसी मर्मभेदी कथा कहती है। वर्तमान को देखते हुए सीता का वापस लौटना अकारण नहीं है. इसमें जनसाधारण का अपना यथार्थ संतुलित ढंग से चित्रित किया गया है। देश दुनिया समाज व्यक्ति के अकेलेपन और स्थिति से पलायन के द्वंद्वों और अंतरद्वंद्वों से भरा उपन्यास पढ़ने वाले को भीतर तक झकझोरता है। यह उपन्यास बताता ही कि तथाकथित आधुनिकता एवं संपन्नता की चाह बबार्दी की ओर अग्रसर होती है. सुलझाने की तमाम कोशिशों के बाद भी काफी कुछ रह जाता है अनझुलझा. कोई भी संवेदनशील रचनाकार ऐसी जानलेवा विघटनकारी स्थितियों-परिस्थितियों के प्रति उदासीन नहीं रह सकता जो पीढ़ी दर पीढ़ी चली आती है। जो जीवनमूल्यों के दरकन और टूटन-उखड़न- विस्थापन के साथ व्याप्त है। वे ज्वलंत प्रशनों की तरह उभरती है और कही कोई राह ना मिलने पर बिखराव, संबंधों का तितर-बितर हो जाना ,मानवीय मूल्यों का विदीर्ण होना, संवेदना और करुणा का अति ययार्थपूर्ण प्रस्तुतीकरण मन को कचोटता रहता है। उपन्यास में न सामाजिक बोध की अतिशयता व्याप्त है, न ही सांस्कृतिक और नैतिकता बोध की । इसमें नई दोस्ती, नए स्वप्न, नए तनाव और और अपनी अनचुनी जिंदगी की, अनसुनी चुनौतियों की सहज स्वाभाविक स्वीकार्यता और उनसे विचलन जीवन संग्राम को असहज बना दिया करती है.

लोकभाषा का प्रयोग , समकालिक परिस्थितियों और घटनाओ का वर्णन है, इसलिये उपन्यास पाठक को बांधे रखता है , पठनीय है . उपन्यास की कहानी कोई बड़ा संदेश तो नहीं देती पर वर्तमान सामाजिक परिवेश का यथार्थ चित्रण करती है . आशा है कि यह उपन्यास स्त्री विमर्श की मुखर कृति के रूप में स्थान बनाने में सफल होगा । (पुस्तक उपन्यासः अंततः प्रकाशक राष्ट्रीय पुस्तक सदन, दिल्ली)

**संपर्क 07000375798**

(हमारे पिताजी उस्ताद अफजल हुसैन ही हमारे उस्ताद थे। एक बार शास्त्रीय संगीत सिखाते-सिखाते पता नहीं, उन्हें क्या आभास हुआ....उनके जेहन में क्या आया! अचानक उन्हीं ने हमसे कहा कि तुम दोनों भाई क्लासिकल तो सीख लो, मगर शास्त्रीय संगीत मत गाओ! पुराने जमाने में गुरु जो कह देता था सिर झुकाकर उसे तस्लीम कर लेने के अलावा कोई रास्ता होता ही नहीं था। अगर आपने जवाब दिया या सवाल किया तो ये बहुत ही गलत माना जाता। अपनी इस बात का उन्होंने फिर खुद ही खुलासा भी किया। तुम लोग शास्त्रीय संगीत सीख लो तुम्हारी बुनियाद मजबूत हो जायेगी, मगर तुम लोग गाओ सुगम संगीत और उसमें भी विशेषकर गजल। आने वाले समय में तुम्हारा नाम भी होगा....पहचान भी बनेगी..... शोहरत भी मिलेगी और पैसा भी मिलेगा। वो तपस्वी साधक लोग थे। जैसा उन्होंने कहा वैसा ही हुआ, यह कहना है हुसैन बंधुओं यानी अहमद हुसैन, मुहम्मद हुसैन का। उनसे जनसंदेश टाइम्स के लिए बात की संस्कृति, संगीत और साहित्य में रुचि रखने वाले पत्रकार राजवीर रतन ने। प्रस्तुत है बातचीत का संपादित अंश)

# रफ्ता रफ्ता परवान चढ़ी हुसैन बंधुओं की गजल

पर्फार्मिंग आर्ट्स ही नहीं, किसी भी कला के लिए सीखना जरूरी है। आपके भीतर उस कला की नींव मजबूत होना बहुत जरूरी है और इस नाते अपने गुरु से विधिवत सीखना ही चाहिए। रही गजल की बात...तो गजल किसी भी जमाने में कमजोर नहीं हुयी। किसी सहारे की जरूरत कभी गजल को नहीं हुयी। बड़े गुलाम अली खां साहब के छोटे भाई उस्ताद बरकत अली खां साहब, उसके बाद अगर आप आएंगे तो बेगम अख्तर साहिबा, केएल सहगल साहब, तलत महमूद जी, मोइनुद्दीन खां जयपुर वाले, राहत अली खां साहब....और यूं सिलसिला बढ़ाते चलें तो नाम ही नाम हैं। इस लम्बे सिलसिले के बाद जब मौसम या मिजाज बदला....या यूं कहें कि ट्रेण्ड बदला तो मेंहदी हसन साहब तशरीफ लाए...आगे जगजीत सिंह साहब, गुलाम अली साहब और फिर हरिहरन साहब जैसे गजल कहने वाले आए। ये अल्लाह का करम है कि हम लोग करीब-करीब आधी सदी से चल रहे हैं। 20 साल रियाज किया, बीस साल स्ट्रगल किया और फिर लगातार कार्यक्रमों का दौर.... इस तरह हमारा 60-65 साल का सफर है करीब सात साल की उमर से।

देखा जाये तो हमारी नजर में कोई भी कलाकार बुरा नहीं होता, उसे नापसंद करने वाले का नजरिया अलग हो सकता है जैसे किसी इंसान को मुक्तलिफ फूलों के रंग और खुशबू में से कुछ पंसद आएं और कोई नापसंद आए। ये नहीं कहा जा सकता है कि मोगरा अच्छा है या सिर्फ चमेली का अच्छा है या केवल गुलाब का अच्छा है। अपनी जगह पर एक जर्रा भी आफताब है, क्योंकि सृष्टि रची ही ऐसी गयी है।

मेरे कहने का मतलब यह है कि अगर गजलगोई में शास्त्रीयता का पुट नहीं होता तो वह रचना वो चीज एक लम्बे अरसे तक नहीं ठहर सकती। कोई माने या न माने पर हम दोनों का मानना यही है....यानी नींव मजबूत होना ही चाहिए। तालीम प्रॉपर होना ही चाहिए। अगर किसी कलाकार की मजबूत नींव वाली तालीम नहीं है और उसको किसी भी वजह से स्टेज भी मिल गया, पब्लिसिटी भी मिल गयी, पैसा भी मिल गया और लोग चाहने भी लगे तो भी वह लम्बे समय तक ठहर नहीं सकता क्योंकि उसके पांच मजबूत नहीं हुए हैं। वह तो एक तरह से छलांग मारकर छत पर जा पहुंचा है, पर उसे छत तक जाने और आने का रास्ता मालूम नहीं है वह आएगा कैसे?

आप घरानों की बात पूछ रहे हैं तो हमारी नजर में घरानों का महत्व आज भी उतना ही है जितना पहले था। हां, घरानों पर काम करने वाले धीरे-धीरे कम होते जा रहे हैं, ये जरूर हम मानते हैं। वो इसलिए कि वक्त बदल गया, हालात बदल गये, ख्यालात बदल गये और फिर जमाना बदल गया.... और ये होना ही है। बदलाव तो कुदरती है, आना ही है। लेकिन वो बदलाव हमें अच्छा नहीं लगता, जैसे मिसाल के तौर पे आपकी या मेरी कोई तस्वीर है और वो आपको या मुझे अपनी लग ही नहीं रही तो वो फोटो, वो छवि, वो घराना मेरी नजर में ठीक नहीं है। दूसरी मिसाल देता हूं, भारतीयता के हिसाब से हम भारतीय पूरी दुनिया में रोटी, सब्जी, दाल वगैरह

**साक्षात्कार**

खाते हैं, इसे हम ताउम्र नहीं बदल सकते। इस खाने की ताकत, तासीर एक ही रहेगी। हां, पहले पूड़ी-सब्जी, खस्ते की भी एक परम्परा थी, पर इस सबको छोड़कर अगर हम पश्चिमी व्यंजनों पिज्जा-बर्गर वगैरह की तरफ चले गये तो इस तरीके से हम अपने पेट को भर नहीं सकते.....हां खराब जरूर कर सकते हैं।

1959 से आकाशवाणी जयपुर से बाल कलाकारों के तौर पर हमारी प्रेजेण्टेशन हुई थी। वो प्रोग्राम....वो जमाना....वो लोग.... बहुत सुनहरी यादें हैं। उस समय बहुत बड़े बड़े नोट चला करते थे। चाहे सौ का या दस का.... चवन्नी, इकन्नी, अधन्नी क्या एक पैसे तक की वैल्यू थी।

हमारे पिताजी उस्ताद अफजल हुसैन ही हमारे उस्ताद थे। एक बार शास्त्रीय संगीत सिखाते-सिखाते पता नहीं, उन्हें क्या आभास हुआ....उनके जेहन में क्या आया! अचानक उन्हीं ने हमसे कहा कि तुम दोनों भाई क्लासिकल तो सीख लो, मगर शास्त्रीय संगीत मत गाओ! पुराने जमाने में गुरु जो कह देता था सिर झुकाकर उसे तस्लीम कर लेने के अलावा कोई रास्ता होता ही नहीं था। अगर आपने जवाब दिया या सवाल किया तो ये बहुत ही गलत माना जाता। अपनी इस बात का उन्होंने फिर खुद ही खुलासा भी किया। तुम लोग शास्त्रीय संगीत सीख लो तुम्हारी बुनियाद मजबूत हो जायेगी, मगर तुम लोग गाओ सुगम संगीत और उसमें भी विशेषकर गजल। आने वाले समय में तुम्हारा नाम भी होगा....पहचान भी बनेगी..... शोहरत भी मिलेगी और पैसा भी मिलेगा। वो तपस्वी साधक लोग थे। जैसा उन्होंने कहा वैसा ही हुआ।

हां तो जब 1959 में हम दोनों ने आकाशवाणी में प्रोग्राम किया तो दोनों को वो पांच-पांच रुपये का बड़ा वाला नोट मिला था। आप समझ सकते हैं पांच रुपये की उस समय क्या वैल्यू रही होगी! ते हम अपने का बड़ा भाग्यशाली मानते हैं। हमें पिताजी और.... और भी गुरुजनों से हमें आशीर्वाद मिला है। हम दोनों ने अपना जो भी सफर किया है वो स्टेप बाई स्टेप किया है। हमारे वालिद कहते थे उछाला मारने की जरूरत नहीं है। ऊपर जाना है तो सीढ़ियों से जाइए। आपको प्रोग्राम देना है तो मैं किसी को नहीं कहूंगा, आप अपने भरोसे पर जाइए। वाहिद कहते थे- आपको अगर खुद पर भरोसा नहीं है तो मत जाइए और अगर जाना है तो हमने आप दोनों को जितना बताया है, सिखाया है, समझाया है; वही पूरी ईमानदारी से पेश कर दो....न ही उसमें कमी करे....न ही उसमें इजाफा करो। कमी अगर करोगे तो हम नाराज हो जाएंगे...और अगर आप बढ़ोत्तरी करेंगे तो आपको उसका रास्ता ही मालूम नहीं है परफामेंस खराब हो जायेगी। आप दोनों अपने बुजुर्गों और जो बहुत बड़े-बड़े फनकार हैं, उनकी इज्जत करो....उनसे इजाजत लो। ये जान लो अगर आपने अपने काम में कटौती की तो आपका असर वो भी नहीं लेंगे.... वो ये सोचेंगे कि ये ऐसे ही गाता होगा....ऐसी ही बजाता होगा या ऐसा ही लिखता होगा.... तो ये नहीं करना है।



इस तरह 60-65 साल में हमने जो सारांश निकाला वो ये कि अगर आपको उम्र भर परफामेंस करना है तो उम्रभर सीखना होगा, विद्यार्थी बने रहना पड़ेगा। जहां अपने से बड़ों या गुरुजनों की बराबरी करने की कोशिश की तो वहीं आपके सामने लक्ष्मण रेखा आ जायेगी। आपका सबक वहीं खत्म....आपकी लाइन वहीं खत्म।....तो ऐसा नहीं करना है....एक बात और सीखी कि जब भी कार्यक्रम करने जाएं तो दिमाग में ये बैठा के मंच पर जाएं कि ये मेरा पहला प्रोग्राम है। ऐसे में आप कामयाब होते जायेंगे, पर जहां आप ओवर कॉन्फीडेण्ट हुए, वहां आपका काम खत्म।

.....तो जैसा आपका पहला सवाल था तो हम फिर कह रहे हैं कि गजल आज भी उसी मुकाम पर है, क्योंकि गजल अगर इस मुकाम पर नहीं होती तो हम आपके सामने न होते और न आप हमसे सवाल कर रहे होते।

जहां तक गुजिश्ता दौर में संगीत प्रतियोगिताओं में भाग लेने की बात है तो पहले तो हमारे पिताजी यानी हमारे गुरु, वही मना करते थे कि नहीं जाने की जरूरत है। आपको कम्पटीशन नहीं करना है आपको परफामेंस करना है..... और यही हम अपने बच्चों से अपने शागिर्दों से कहते हैं- म्यूजिक कम्पटीशन की चीज नहीं है। संगीत साधना-आराधना और तपस्या की चीज है। उससे प्यार करो, उसमें रम जाओ.... उससे पैसा कमाने की कोशिश मत करो। हां ये सही है कि पैसा आज की जरूरत है, हर आदमी को पैसा चाहिए और कमाना भी चाहिए, पर पिताजी कहते थे पैसे के बाबत उतना ही जेहन में रखिए, जितना कि जरूरत है। ऐसा न समझना कि सब कुछ पैसा ही है और कला जेहन से हट गयी। कलाकार की जगह अगर व्यवसायी बन गये तो आपकी कला खत्म। पिताजी कहते थे कि कला के हुनर के साथ खेल मत करो, नही तो तुम खुद ही खेल बन जाओगे। आपको पैसे या भौतिक संसाधनों का गुलाम नहीं बनना है। आजाद रहना है। सहारा अगर किसी का लेना है तो वो बस केवल अल्लाह का , भगवान का बाकी किसी का नहीं।

ये बात भी दिलचस्प है कि हम दोनों की जो तालीम हो रही थी वो अकेले-अकेले हुई। हम दोनों के बीच दो साल का फासला है। हम लोगों ने जो इग्जाम-ऑडीशन वगैरह दिये, वो भी अकेल अकेले दिये, लेकिन हमारी जोड़ी पहले हमारे उस्ताद हमारे पिताजी ने बनायी। उसके बाद आकाशवाणी ने हमारी जोड़ी बनायी। फिर तो लोगों ने हमे साथ देखना पसंद कर लिया तो उस्ताद अहमद हुसैन मुहम्मद हुसैन की जगह लोग हमें प्यार से हुसैन बंधु भी पुकारने लगे। हम बड़ी साफगोई से बता रहे हैं कि हम कोई जबर्दस्ती की बातें या



किसी तरह दिखावा नहीं करते। जो हैं, जैसे हैं वैसे ही दिखायी देते हैं।

आपके शहर लखनऊ से हमें अलग लगाव है, एक अलग तरह का खिंचाव है, रिश्ता है। हम लोगों ने लखनऊ में जो पहल प्रोग्राम दिया था, वह 1975 में बोटेनिकल गार्डेन में दिया था। यकीन मानिए, तबसे यहां के लोगों से जो अपनापन, जो प्यार मुहब्बत मिली है वो आज तक बरकरार है। लखनऊ से क्या! पूरे यूपी से हमारा लगाव है लखनऊ के बाद अब गोरखपुर में प्रोग्राम देना है। यूपी से लगाव इसलिए भी है कि हमारा पुराना रिश्ता है, हमारा ननिहाल मथुरा है। मथुरा कृष्ण भगवान की जन्मभूमि है लेकिन हमारी माताजी का जन्म भी वहीं हुआ है। हमारा जयपुर में जो हमारा पुश्तैनी मकान है उसका नाम भी मथुरा वालों की हवेली है। मथुरा से हमारे बुजुर्गों को सवाई मान सिंह लेकर जयपुर आये थे और ये हवेली हमारे बुजुर्गों को बख्शीश में दी थी। पहले बहुत दिन दूसरी जगह गुणीजन खाने में रहे, बहुत से प्रोग्राम कराए, कार्यक्रम करने के दौरान बहुत बड़ी हवेली इनाम में दी।

हमारे बुजुर्गों की कोशिश रही कि मथुरा की निशानी कायम रहे तो हवेली को मथुरा वालों की हवेली का नाम दे दिया।

गजलगोई का जो हमारा तरीका है उसमें हम कार्यक्रम के लिए पहले से हर चीज तय करके नहीं जाते। ये तो लगभग वैसे ही है कि जब हम सफर पर बाहर गाड़ी लेकर निकलते हैं तो सामने के ट्रैफिक के हिसाब से ऑन द स्पॉट फैसला लेना होता कि कब हम ब्रेक लगाएं, कब क्लच ले, कब गाड़ी गेयर में डालनी है और कब एक्सीलरेटर दबाएं। हां, एक गजल या एक भजन या फिर गीत पहले महफिल में जरूर पेश करते हैं और इस दौरान जांच लेते हैं कि हमारी इस महफिल में सुनने वालों का मयार क्या है! हमारी निगाह में तीन तरह के सुनने वाले होते हैं। एक वो जो शायरी पसंद करते हैं, दूसरे वो जो संगीत के दीवाने होते हैं और तीसरे वो जिनको शायरी के संग संगीत का मिला जुला रूप भाता है। हम जांच लेते हैं फिर उस हिसाब से गाते हैं। पहले से पक्का करके नहीं जाते कि साहब यही गाना है। हम इस बात के कायल नहीं कि पहले से प्रोग्राम की स्क्रिप्ट तैयार कर लें। हम मानते हैं कि हमारा दिमाग खुद ऐन मौके पर सब तैयार कर लेगा।

# अलग कथा संसार है अमित श्रीवास्तव का


हिंदी साहित्य में बड़ी तेजी से एक नए पाठकों का उदय हुआ है जिसका अनुभव संसार बिल्कुल जुदा है। जीवन शैली तकनीकी का जीवन पर प्रभाव और आज के दौर में जीवन बहुत ही रिश्तों से दूर होता गया है, एकाकीपन और अवसाद सामुदायिक स्तर पर बढ़ा है। पाठक अपने अनुभव संसार पर रचे गए साहित्य को पसंद कर रहा है। दूसरी तरफ जो लेखक पीढ़ी है उसका पढ़ गया साहित्य नई कहानी आंदोलन से निकला कथा साहित्य है। मैं यह कदापि नही कह रहा कि वो कसौटी आज निष्प्रयोज्य हो चुकी है पर वह अपना स्वरूप जरूर बदल चुकी है। लेखक का कहानी का दुनिया संसार और उसके अनुभव, आज के पाठक वर्ग के कहानी की दुनिया में बहुत फर्क आ चुका है। आज का पाठक पुराने साहित्यिक मानकों पर लिखी गयी कहानियों को सिरे से खारिज कर रहे हैं। शायद यही वजह है कि नई वाली हिंदी को आगे बढ़ाने वाले प्रकाशन अपने नए पाठकों के नब्ज टटोलते हुए कहानी उपन्यास ला रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में ऐसे कथाकार साहित्य के परिदृश्य में तेजी से लोकप्रिय होकर उभरे हैं जिन्होंने अपने समय की नब्ज पकड़ी है। फिर चाहे चंदन पांडेय, अमित श्रीवास्तव, अनिल यादव, कुणाल सिंह, श्रीकांत दुबे, अणुशक्ति सिंह हो। ऐसे कई नाम उभरे हैं जो बनी बनाई साहित्यिक मानकों में आमूल चूल परिवर्तन करते हुए अपना कहन रच रहे हैं। उनके पास अपनी भाषा है, अपना शिल्प है ,अपना फलक है। ऐसे कथाकारों में अमित श्रीवास्तव का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है।

अमित श्रीवास्तव का एक उपन्यास ' गहन है यह अन्धकारा' और हाल ही में आया कहानी संग्रह 'कोतवाल का हुक्का' उल्लेखनीय है। कथाकार इन दोनों कथा साहित्य से पाठकों के सामने आज का सच जिस ढंग से रखता है वह कई अर्थो में परम्परागत मानकों से जुदा है। किस्सागोई को कहानी में बुनता हुआ वह कविता तक की आवाजाही करता है। हालांकि यह प्रयोग कतई नया नहीं है पर अभी तक कथा साहित्य में ऐसे प्रयोग को बहुत उम्मीद से नही देखा गया। किंतु जिस तरह

मूल्यांकन


**शिव प्रकाश त्रिपाठी**




लेखक अमित श्रीवास्तव अपने कहानी के संरचनात्मक बुनावट में उसे स्थायी जगह देते हैं वह कथा का ही हिस्सा हो जाता है। कि दफे पाठक को कहानी में संवेदनात्मक गहनता में एकाएक लेजाकर छोड़ देता है।

कथाकार का पेशा और परिवेश ऐसा है जहाँ उसका सबका जीवन के सबसे वीभत्सक यथार्थ से होता है। मानवता का खाँटी स्वरूप सामने आता है। जीवन मूल्य और नैतिकता जैसे शब्द निर्मूल जान पड़ने लगते हैं। इसलिए लेखक का अनुभव संसार जीवन की निपट सच्ची को अपने कथासाहित्य में लाता है यही कारण है कि चाहे उपन्यास हो या फिर कहानी का प्लाट कई बार ऊबड़खाबड़ महसूस होता है। यही कारण है कि लेखक व्यंग्यात्मक शैली का प्रयोग करता है अपनी कहानी और उपन्यास को कहने के लिए। लेखक का कहन पूरी तरह से जौनपुरिया है। हाँ मैं उनके आरम्भिक जीवन विस्तार के जगह को जोड़कर देखता हूँ। कई दफे लेखक की जौनपुरिया टच भी निकल आता है जबकि कहानी का प्लाट उत्तराखंड का होता है। जिस गप्पबाजी को यह अपने कथा साहित्य में जगह देते हैं वह ठेठ पूर्वांचली है हालांकि फसक पहाड़ में प्रचलित है पर यहां जौनपुरिया प्रभाव अधिक है। एक तरह से यह यात्रा पूर्वांचल से उत्तरांचल की है। 'कोतवाल का हुक्का' कुछ इसी अंदाज ए बयां में लिखी गयी कहानी है जिसमे लेखक खुद किस्सा सुनाने की भूमिका में है। पात्र इस कहानी को गति देते हैं। अब यदि इसे कहानी के पुराने मानकों के आधार पर देखेंगे तो बिल्कुल ही लगेगा कि पात्र से ज्यादा कहानीकार बोल रहा है जबकि हम सब जानते हैं कि यह कहानी किस्सागोई के स्वरूप को भी अपने भी जब्ज किए हुए हैं। और किस्सागोई में किस्सा से अधिक किस्सा सुनने वाला होता है। उसका तौर तरीके, भाव-भंगिमा उसकी भाषाई समझ कहे तो पूरा कहन ही महत्वपूर्ण होता है। जबकि उपन्यास 'गहन है यह अंधकारा' में उसके पात्र चाहे सावित्री देवी हो या फिर सिओ साब सब मुखर होकर कथानक को आगे बढ़ाते हैं। आरम्भ में मैंने लेखक के पेशा और परिवेश के उल्लेख किया है। जो कि उनके कथा साहित्य का मूल है। वजह यह कि कथाकार एक प्रशासनिक दायित्वों से जुड़ा है। इसलिए वह नेपथ्य की बहुत सी सच्चाई को जानते हुए पुलिसिया कार्यप्रणाली को समझते हुए नौकरी की नियमावली के दायरे में रहते हुए घटित अनुभवजन्य घटनाओं का वर्णन निपट वास्तविकता के धरातल पर जा कर उसे व्यंजनात्मक स्वरूप में रखते हैं। यह जो ढाँपने और दिखाने, न बताते हुए सब बताने की कला उनके कथा साहित्य को विशिष्ट बनाती है और लेखक को समकालीन कथाकारों में खड़ा करती है। मुझे अमित श्रीवास्तव का लेखन रागदरबारी की परंपरा का लगता है। वह जिस ढंग से घटित घटनाक्रम में ठहर के उसके संरचनात्मक स्वरूप का कथा के साथ विश्लेषण करते हैं, किसी एक बिंदु को पकड़ के ही उसके सामयिक पहलू का अभिव्यजनात्मक विश्लेषण करते हैं वह उन्हें रागदरबारी उपन्यास की याद दिलाती है एक उदाहरण देखिए 'उच्चाधिकारी बाय डिफॉल्ट विद्वान होता है। हर सरकारी विभाग की तरह पुलिस में भी विद्वता दो प्रकार की होती है। एक के लिए अध्ययन मनन चिंतन जैसे लुम्पेन कारकों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसी विद्वता एक बार आ जाए तो फिर घेर कर बैठ जाती है। बेहया किराएदार टाईप। मकान कब्जे में और किराए के नाम पर ठेका। दूसरी वाली विद्वता सहज,सरल,पदेन विद्वता होती है जो किसी पद के धारण करते ही स्वतः ही आ जाती है। बाई वर्च्यू ऑफ दी पोस्ट। ज्यादा हाथ - पाँव नहीं मारना पड़ता। पद के प्रसादपर्यंत रहती है जब तक है तब तक है।पद से हटे इस प्रकार के विद्वता से हटे।'

अमित श्रीवास्तव के कथा संसार मे भाषा महत्वपूर्ण योगदान देती है। जब भी कोई पात्र पुलिस का उच्चाधिकारी होता है







वहां उसकी भाषा सामंतीय अकड़ वाली होती है। उसका इलीटनेस उसके साथ रहता है इसीलिए उसकी भाषा अंग्रेजी होती है। फरार्टेदार अंग्रेजी। जिससे वह अपने पद की धौंस दिखाते हुए दिखता है। वहीं मुंशी के आते हैं भाषा उर्दुनिष्ठ हो जाती है। आज भी पुलिस में जो दस्तावेजी काम होता है उसमें उर्दू भाषा का प्रयोग बहुलता में होता है शायद यही कारण है कि लेखक ने अपने कहानी संग्रह के सभी कहानियों के शीर्षक पुलिसिया उर्दू शब्दावली में रखा है। जैसे - मुंकिर, गोशवारा, हकतलफी, मौका मुरत्तब आदि। लेकिन जैसे ही कथानक में सामान्य पात्र आते हैं भाषा आम बोलचाल की हो जाती है। दाज्यू और भुला से वाक्य शुरू होने लगते हैं। लेखक के कहानी संग्रह में छोटी कहानियां ज्यादा प्रभावित करती हैं। जिन्हें रचता हुआ लेखक सचेत रहता है और इन्हें सिर्फ एक स्टेटमेंट होने से बचाता है। छोटी कहानियों का लेखक का अपना शिल्प है। ऐसी कहानियों के रचनाकर्म में कहानीकार लेखकीय समझ, चतुराई और स्थिरता से काम निकालता है जो उचित जान पड़ती है।


तो अमित श्रीवास्तव के कथासंसार से होकर गुजरने से पहले हमें हमारे परंपरागत मानकों के आग्रहों से मुक्त होना पड़ेगा। उनका कथा संसार आपको बहुत कुछ नया देता है। कई बार चौंकाता है। आपको वो नही रहने देता जो आप पहले होते हैं। यही उपलब्धि है लेखक की।

**(लेखक बुंदेलखंड कॉलेज, झाँसी में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, संपर्क 8960580855)**

## डा. बलभद्र की दो कविताएँ

### मार्च के प्रथम सप्ताह की आखिरी तारीख

गिरिडीह धनबाद रोड के दोनों ओर
दूर-दूर तक पसरे जंगलों में दर्जनाधिक
रॉलिंग मिलें हैं
बेहिसाब प्रदूषण है
उद्योगजनित धूल है धुंध है धुआँ है
तबाह बस्तियां हैं
हांफते हुए, खांसते हुए लोग हैं
बीमार-कुपोषित बच्चे हैं
धूल और धुएं से करियाये वृक्ष हैं
आज मार्च के प्रथम सप्ताह की आखिरी
तारीख है
और वर्षों से इतनी तबाहियां झेलते
पलाशों में इस बार भी बेहिसाब बेशुमार
लाल-लाल फूल हैं
जिनकी लालिमा मिलों की छोड़ी
कालिमा से जूझ रही है
पथरीली धरती का रसीला अंतस्तल
उमग रहा इन दिनों इन टेसूफूलों में
धरती के अंतस्तल का रसीलापन!
सोख न ले कोई पानीबेंचवा



टेसूफूलों को अपने नाम न करा ले कोई
जालिम
आओ, आओ, देख तो लें भर नजर
उतार लें सहेज लें यह रंग अपनी आत्मा
में बसा लें।

### 2. खतरे में है

उठ कि लोकतंत्र खतरे में है
बोल कि लोकतंत्र खतरे में है
लड़ कि लोकतंत्र खतरे में है
एक हो जा कि लोकतंत्र खतरे में है
उठा खतरे कि लोकतंत्र खतरे में है

**संपर्क 98013 26311**

## गोलेन्द्र पटेल की पाँच कविताएँ

### 1. स्त्री थी न!

तुम्हारी भक्ति अद्वितीय है
लेकिन वह आग में बैठी
तो तुम बचे
क्योंकि उसने अपनी शक्ति तुम्हें दे दी
स्त्री थी न!

### 2. अपूर्णता

प्रथम पूज्य अपूर्णता के प्रतीक हैं
शायद अर्द्धनारीश्वर भी!
भाषा में लिंग की यह कैसी पुष्टि है?
ना मेहरारू, ना मर्द है
वह अपने आप में एक दर्द है
मनुष्य की प्रमुख प्रवृत्ति असंतुष्टि है
मतलब , यह भी अपूर्ण है
किन्तु इस किन्नर-कथा में व्यथा
पूर्ण है!

### 3. तीसरा समाज

भले ही भारत-भूमि
आदिकाल से तमाम जातियों की रही है
किन्तु ; आज मैंने
दलित, आदिवासी, वृद्ध, विकलांग
व किन्नर पर काम करते हुए पाया कि
साहित्य में एक तीसरा समाज है!

### 4. किन्नर हैं

देखता हूँ
जो भी भोर में स्वप्न
वे भयानक होते हैं
उनमें सदियों का दुःख
कब, कहाँ और कैसी अवस्था में उगा
पता नहीं चलता
लेकिन धरती
बाँझ की संज्ञा पाने से बच गयी
क्या किन्नरी
पीड़ा की पंक्ति में स्त्री है?
आखिर क्यों अश्लीलता की
राह चुनीं उन्होंने?
हास्यात्मक भद्दी गालियाँ और भर्त्सना
की भाषा
उनकी परिभाषा में दर्ज है
दुआएँ और दर्द के बीच
अपने अस्तित्व के लिए
लड़ना
उनका फर्ज है!
पर आजकल उनकी सुनता कौन है?
वे कहें किससे अपनी बात?
उनके लिए
ना सुविधा है, ना सम्मान
क्या वे इस समाज का हिस्सा नहीं हैं?
क्या वे इनसान नहीं हैं?
क्या वे किसी अलग कोख से जन्मे हैं?
जो न नर, न नारी
किन्नर हैं!

### 5. किन्नरी

मैं किन्नरी हूँ , हाँ मैं किन्नरी हूँ !
गंदी-भद्दी भाषा में दुआएँ
देती मेरी जीभ जठर की जरूरत है
तुम्हारे घर-द्वार से लेकर
ट्रेन के डिब्बों में , बसों में
और चौराहों पर
तालियाँ बजाना मेरी वाजिब मजबूरी है
मैं जो जीती हूँ , उसे खुल कर लिखती
हूँ
जैसी हूँ , वैसी दिखती हूँ
मुझे न पूर्ण स्त्री होने की चाह है
न पूर्ण पुरुष



न ही अर्द्धनारीश्वर
मैं बस तुम्हारी नजरों में इनसान होना
चाहती हूँ
तुम्हारी तरह मेरा भी परिवार था
अब भी है , आगे भी रहेगा
लेकिन उसमें मैं नहीं रहूँगी
क्योंकि माँ-बाप भाई-बहन सभी
रिश्तेदार
कहते हैं कि मैं किन्नरी हूँ
क्या ट्रांसजेंडर होना
अपनों से बहिष्कृत होना है?

**संपर्क : 8429249326**

# निकाय चुनाव के लिए चार सुपर जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त

**बैठक**

### चुनाव की तिथियां घोषित

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 से सम्बन्धित प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा प्रदेश में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 दो चरणों में सम्पन्न कराने हेतु 9 अप्रैल, को अधिसूचना जारी कर दी गई है। जनपद में द्वितीय चरण के अन्तर्गत 3 नगर पालिका व 13 नगर पंचायतों के अध्यक्षों और सदस्यों का निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कराया जायेगा। जनपद स्तर पर 16 अप्रैल को सार्वजनिक सूचना जारी की जायेगी तथा निर्वाचन अधिकारी के स्तर से 17 अप्रैल, को सार्वजनिक सूचना जारी की जायेगी।


प्रेसवार्ता को संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

उन्होने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों का क्रय व जमा करने की अन्तिम तिथि 17 से 24 अप्रैल पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 25 अप्रैल मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे से कार्य की समाप्ति तक, अभ्यर्थन की वापसी 27 अप्रैल गुरुवार पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक, प्रतीक आवंटन 28 अप्रैल शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे से कार्य की समाप्ति तक, मतदान 11 मई गुरुवार को पूर्वाह्न 7 बजे से अपराह्न 6 बजे तक तथा मतगणना का 13 मई शनिवार को पूर्वाह्न 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक निर्धारित किया गया है।

उन्होने बताया कि जनपद में कुल 16 नगर निकाय व 238 वार्डों की संख्या है, जिसके अन्तर्गत कुल 160 मतदान केन्द्र, 532 मतदेय स्थल बनाये गये हैं। 86 संवेदनशील मतदान केन्द्र तथा 292 संवेदनशील मतदान स्थल, 59 अति संवेदनशील मतदान केन्द्र व 168 अति संवेदनशील मतदान स्थल, 15 अति संवेदनशील प्लस मतदान केन्द्र व 72 अति संवेदनशील प्लस मतदान स्थल हैं। 4 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं। 21 जोन, 60 सेक्टर बनाये गये हैं। 48 स्थायी निगरानी टीम, 48 उड़न दस्ता टीम, 16 वीडियो अवलोकन टीम, 44 रिटर्निंग आफिसर, 57 सहायक रिटर्निंग आफिसर, 16 प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य हेतु लेखा टीम, 19 सहायक प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य हेतु लेखा टीम व मतदान हेतु 2344 मतदान कार्मिकों की तैनाती की गयी है। उन्होने बताया कि जनपद में नगरीय निकाय के कुल 458627 मतदाता हैं, जिसमें 240974 पुरुष मतदाता एवं 217653 महिला मतदाताओं की संख्या है, जो अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि समस्त निकायों के नामांकन स्थल संबंधित तहसील परिसर में बनाये गये हैं।

### वीडियो अवलोकन प्रभारी का प्रशिक्षण कल

**आजमगढ़।** मुख्य कोषाधिकारी गिरीशचन्द श्रीवास्तव ने बताया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 में वीडियो अवलोकन प्रभारी एवं सहायक की जनपद आजमगढ़ के अन्तर्गत आने वाली नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत हेतु ड्यूटी लगायी गयी है। जिनका 17 अप्रैल को अपराह्न 2 बजे से कोषागार कार्यालय आजमगढ़ में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है, जिसमें समस्त वीडियो अवलोकन प्रभारी एवं सहायक की शत प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। इसी के साथ ही लेखा टीम प्रभारी एवं सहायक की जनपद आजमगढ़ के अन्तर्गत आने वाली नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत हेतु ड्यूटी लगायी गयी है। जिनका 17 अप्रैल को अपराह्न 3:30 बजे से कोषागार कार्यालय में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है, जिसमें समस्त लेखा टीम प्रभारी एवं सहायक की शत प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।

## संक्षेप

### दर्जनों छात्राओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



**अंजानशहीद आजमगढ़।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़ कस्बा में स्थित आशादीप नर्सिंग कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट अजमतगढ़ पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों छात्राओं ने रक्तदान किया। शनिवार को आशादीप नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी और अजमतगढ़ बाजार के लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वही नगर पंचायत अजमतगढ़ चेयरमैन पद के प्रत्याशी अजय साहनी, विनोद सोनकर, रोशन वर्मा, सोहराब अहमद, गब्बर कन्नौजिया के साथ तीन दर्जन से अधिक विद्यालय की छात्राओं ने रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया। वही चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि आने वाले दिनों में इस प्रकार का कार्यक्रम बड़े पैमाने की आवश्यकता है रक्तदान न सिर्फ दूसरों का जीवन बचाता है बल्कि रक्तदान करने वाले व्यक्ति को व्यक्ति के जीवन में बहुत फायदेमंद भी है वही आशादीप हॉस्पिटल के प्रबंधक राजदीप राय ने कहा कि रक्तदान इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में जन जागरण जरूरी है आशादीप नर्सिंग कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के दर्जनों की संख्या में शिक्षक व कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### एसएन यादव के प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने से हर्ष



**पटवध (आजमगढ़)।** एसएन यादव समाज कल्याण विभाग आजमगढ़ संघ के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए। उनके चयन से शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। आजमगढ़ समाज कल्याण विभाग संघ का एसएन यादव को प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रथम आगमन पर जिला समाज कल्याण अधिकारी मोतीलाल द्वारा माला पहनाकर सम्मानित किया गया। समाज कल्याण विकास संघ के चुनाव में कुल 227 मत में 126 मत प्राप्त कर 26 मतों से विजय प्राप्त हुआ। गुरुवार को स्वागत समारोह में जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा विभाग से प्राप्त धनराशि में लैपटॉप प्रिंटर आदि वितरण किया गया। समाज कल्याण विकास संघ के प्रमुख सचिव ने समाज के सभी योजनाओं को बेहतर करने की सलाह दी। इस अवसर पर मुकेश, विवेक, आलोक, शिव कुमार, गौरव, अमित ऋषिकेश, चंद्रजीत, अब्दुल अहमद, वीरेंद्र, दुर्गा आदि मौजूद रहे।

### एसपी ने किया थाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने शनिवार को थाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ-सफाई में पिछले एक माह में सकारात्मक पहल कर सुधार लाने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का निर्णय लिया। आगामी अलविदा जुमा एवं ईद के त्योहार के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर अराजक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करने, संवेदनशील स्थलों पर ड्यूटी लगाने एवं फुट पेट्रोलिंग करने के संबंध में निर्देशित किया। प्रचलित नव निर्माण कार्य के संबंध आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। थाना कार्यालय में अभिलेखों का अवलोकन किया, लम्बित शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक यथाशीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

### फैशन शो ग्लैम ब्यूटी प्रेजेंट का हुआ आगाज



**आजमगढ़।** जनपद में बहुत ज्यादा स्कोप है फैशन और कला के क्षेत्र को लेकर और यहां के लड़के और लड़कियां भी कला के विभिन्न क्षेत्रों में खुद को आजमाने के लिए आने वाले सभी मौकों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने हेतु हमेशा तैयार हैं। मैं उम्मीद करती हूं कि मैं आने वाले दिनों में सभी के लिए एक उम्मीद की किरण बन जाऊं। उक्त बातें दिव्या हांडा ने फैशन शो के दौरान कही। इस कार्यक्रम का आयोजन सिधारी स्थित एक होटल में शनिवार को किया गया। इस आशय की जानकारी प्रेस वार्ता के माध्यम से दिल्ली से आई हुई चीफ गेस्ट दिव्या हांडा मिसेज इंडिया दीवा 2022 और सुप्रिया ने दी। इस मौके पर सिद्धार्थ सिंह सहित सभी प्रतियोगी उपस्थित रहे।
सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु टॉक शो आयोजित

### प्रतिबंधित मांस के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**पवई आजमगढ़।** पवई थाना पुलिस ने प्रतिबंधित मांस व बोलेरो के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस सभी आरोपियों को सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया। वादी उप निरीक्षक पवन कुमार सिंह थाना पवई.की फर्द बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय में गोवध निवारण अधिनियम बनाम 1.मो. सैफ पुत्र मो. आजम निवासी गोधना थाना पवई, शेख शहजाद पुत्र मुस्ताक अहमद ग्राम टेऊवां बरौली थाना फूलपुर, मो. सहीम पुत्र मो. नसीम निवासी सहदुल्लापुर थाना पवई. शहनवाज पुत्र स्व. सिराज निवासी गोधना थाना पवई पंजीकृत किया। 14 अप्रैल को उप निरीक्षक पवन कुमार सिंह मय हमराह द्वारा अभियुक्तों मो. सैफ पुत्र मो. आजम निवासी गोधना थाना पवई, शेख शहजाद पुत्र मुस्ताक अहमद ग्राम टेऊवां बरौली थाना फूलपुर, मो. सहीम पुत्र मो. नसीम निवासी सहदुल्लापुर थाना पवई को शेरजाह तिराहे से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से तीन बोरियों में कुल 80 किलोग्राम प्रतिबंधित मांस व एक अदद बोलेरो गाड़ी बरामद किया। सभी आरोपियों को पुलिस ने सम्बंधित धाराअें में चालान कर जेल भेज दिया।

### चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

**आजमगढ़।** शेखर सोशल महिला महाविद्यालय, सिधारी, आजमगढ़ में स्काउट के विशेष शिविर के अंतिम दिन विकास एवं शिक्षण समिति ने कई कार्यक्रम आयोजित किए। भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निदेर्शानुसार जनपद में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान विगत कई दिनों से जोर शोर से चलाया जा रहा है। उसी क्रम में टॉक शो आयोजित किया गया, जिसमें यातायात व सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम को मार्थ, भारत सरकार के रोड सेफ्टी क्लब आजमगढ़ के नोडल ऑफिसर प्रांशु सिंह और स्काउट के डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजिंग कमिश्नर अवधेश यादव ने संबोधित किया। इस अवसर पर जागरूकता गेम का भी आयोजन किया गया। विजेताओं को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एक सिग्नेचर कैंपेन भी आयोजित हुआ जिसमें सभी उपस्थित जनों ने अपने-अपने हस्ताक्षर करके सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन हेतु प्रतिबद्धता दशार्यी। अनुपम सिंह ने भी सड़क सुरक्षा से संबंधित जरूरी बातें बताई। संचालन वेस इंडिया के निदेशक डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ.प्रकाश चंद्रा ने किया। कार्यक्रम के सफल संयोजन में स्काउट के आई टी कोऑर्डिनेटर अजय यादव, अनुराग सिंह, संजय सिंह, डा.अरुण पाण्डेय, अनुरागिनी सिंह, अनीता साइलेस, राहुल सिंह लगे रहे।


प्रमाण पत्र के साथ स्काउट गाइड के छात्र।

## कमरे का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**बेखौफ**

### छत के रास्ते घुसकर अज्ञात चोरों ने 50 हजार नगदी सहित जेवर पर किया हाथ साफ

### जीयनपुर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी

**अंजानशहीद आजमगढ़।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के तिवारी पट्टी पुल के समीप मकान से अज्ञात चोरों ने 50 हजार नगद सहित लाखों के जेवर पर हाथ साफ किया महिला की तहरीर पर जीयनपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

शशि कला पत्नी शिशुपाल निवासी नरहन खास तिवारी पट्टी पुल के समीप निजी मकान बनाकर रहती हैं वहीं पर सिलाई कढ़ाई व रेडीमेड कपड़े की दुकान अपने मकान में खोल रखी है जो 14 अप्रैल की रात्रि में गेहूं की कटाई करने के लिए अपने पैतृक गांव नरहन खास चली गई और अगले दिन कटाई के बाद शाम वापस आई तो पड़ोसी ने बताया कि घर में आग लगी हुई है गेट का ताला खोलकर देखा तो कमरे का ताला तोड़कर अलमारी बक्से में रखे कपड़े जेवर पायल कुंडल बड़ा लॉकेट सहित नगद 50 हजार रूपए चोरों ने हाथ साफ कर दिया। सामान बिखरा पड़ा हुआ था वही ऊपर छत पर जाकर देखा तो सीढ़ी पर लगी कुंडी तोड़कर चोर अंदर छत के रास्ते से दाखिल हुए थे महिला की तहरीर पर जीयनपुर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर चोरों की तलाश शुरू कर दी।


घर में विखरा सामान।

### अनियंत्रित स्कार्पियो ने ली किशोर की जान

**रानीकीसराय आजमगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ईश्वरपुर गांव के समीप शनिवार की शाम अनियंत्रित स्कार्पियो की चपेट मे आने से 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गयी। स्कार्पियो सडक के किनारे गड्ढे में पलट गयी जिससे स्कार्पियो सवार पाच लोग जख्मी हो गये। पुलिस ने वाहन कब्जे मे लिया। रानीकीसराय थाना क्षेत्र के ईश्वरपुर गाव निवासी आकाश कुमार पुत्र प्रहलाद घर से चेकपोस्ट की ओर जाने के लिए साइकिल से आ रहा था ज्यो ही चेकपोस्ट फरिहा मार्ग पर स्थित सडक पर पहुचा तभी फरिहा की ओर से आ रही स्कार्पियो अनियंत्रित हो कर साइकिल सवार को कुचलते हुए गड्ढे मे चली गयी। घटना मे गंभीर हालत मे आकाश को स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहा से रेफर होने पर जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इधर स्कार्पियो पलटने से उसमे सवार सभी पाच लोग घायल हो गये। आस पास के नागरिकों के जुटते ही जख्मी हालत मे चेकपोस्ट की ओर चले गये। सूचना पा कर पहुची पुलिस ने वाहन को कब्जे मे लिया है। मौत की सूचना मिलते ही कोहराम मचा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक तीन बहन एक भाई में दूसरे नम्बर पर था।

## अगलगी से तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**जनसंदेश न्यूज**

**मेहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के गद्दीपुर गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में तीन बीघा गेहूँ की फसल जल कर राख हो गयी। आग की सूचना पर पहुचे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद काबू पाया।

मेहनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गद्दीपुर के पश्चिमी सिवान में शुक्रवार को समय करीब पौने एक बजे खड़ी दुपहरिया के पछुआ हवा के बीच अज्ञात कारणों से गेहूं की खड़ी फसल करीब पांच बीघा व गेंहू का बाधी गई बोझ लगभग पौने तीन सौ के अलावा किसान मौसम खराब देख हार्वेस्टर से गेंहू की फसल की मढ़ाई के बाद खेतों पड़े पराली का पशुओं को चारा (भूसा) बनवाने के लिए खेतो मे छुटा हुआ करीब आठ बीघा के साथ, तीन बीघा गेंहू की मढ़ाई के बाद खेत मे पड़े भूसा तीन बीघा का था, साथ ही चार खूंटी बॉस, दो पेड़ो में बधा बोझ के साथ आग बुझाने में लगे रहे ,ग्रामीणों का कहना है ,अगलगी की घटना गद्दीपुर के पश्चिम सिवान के पश्चिम विषहम गांव की तरफ से आग फैलते हुए गद्दीपुर गांव की तरफ बढ़ी हैं इस दौरान लगी आग से जलकर खाक हो गया। घटना की जानकारी पीछू हवा के बीच आसमान में उठे धुंआ देख ग्रामीण घटना स्थल पर भागें सिवान में लगे डीजल पम्पिंग सेट चालू कर बाल्टी से बुझाने का प्रयास किया, सीसी बीच अगलगी की सूचना प्रधान प्रतिनिधि प्रकाश यादव ने एसडीएम संत रंजन को दी एसडीएम ने फायर ब्रिगेड को अवगत कराया घटना स्थल पर करीब पौने एक घण्टे बाद फायर ब्रिगेड घटना स्थल पर पहुँची करीब एक घण्टे बाद आग पर काबू पाया वही फायर ब्रिगेड के अलावा ग्रामीण भी अपनी गेंहू का वेलास पुत्र मूलचंद, श्यामधारी, गेना पुत्र प्रकाश, वृजभान व शिवपूजन पुत्र सुद्धु, लालमन व विक्रम पुत्र वँशु, छत्रधारी पुत्र अवधू, रमेश पुत्र नन्दलाल, कल्पनाथ पुत्र रघुबीर, प्रभा पत्नी मनदेव का जलकर राख हो गया। अगलगी की सूचना पर उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह क्षेत्रीय लेखपाल अनूप यादव व राजू विश्वकर्मा लेखपाल मौके पर पहुँचकर अगलगी की छतिपूर्ति बनाकर तहसील मुख्यालय को रिपोर्ट प्रेषित किया ,एसडीएम संत रंजन ने कहा कि पीड़ितों को छतिपूर्ति दिलायी जायेगी।


आग से जलती गेहूँ की फसल।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**दुखद**

### मौत की सूचना से परिजनों में मचा कोहराम

**जनसंदेश न्यूज**

**अंजानशहीद आजमगढ़।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के आजमगढ़ गोरखपुर मुख्य मार्ग पर बरईपुर पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ व्यक्ति की दुर्घटना में मौत हो गयी। जीयनपुर से काम कर लौट रहे कास्तकार की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

शुक्रवार की रात्रि में घर वापस आते समय आजमगढ़ गोरखपुर मुख्य मार्ग पर नारायणपुर पेट्रोल पंप के सामने रात्रि 8रू00 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से धर्मेंद्र पुत्र श्याम बिहारी उम्र 50 साल जो जीयनपुर कस्बा में फर्नीचर बनाने का कार्य करने के बाद घर वापस आते समय रास्ते में दुर्घटना में मौके पर ही मौत हो गई वही सूचना पर लाटघाट चैकी इंचार्ज सौरभ कुमार सिंह व जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया परिजनों को सूचित किया गया परिजनों की अज्ञात वाहन के विरुद्ध तहरीर के बाद मुकदमा पंजीकृत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए आजमगढ़ जिला अस्पताल भेज दिया गया वही शनिवार को शव घर पहुंचते ही परिवार व गांव में कोहराम मच गया चार महीना पूर्व धर्मेंद्र विश्वकर्मा अपने परिवार के साथ मुंबई से गांव में आकर रहना शुरू किया था जहां गृहस्थी को बसाने के लिए परिवार के इकलौते कमाऊ रहे। सूचना पर उनकी पत्नी लीलावती देवी व पुत्री अंशिका देवी का रो रो कर बुरा हाल था वही उनके बड़े पुत्र राजन शुभम सुशील सौरभ पर पिता की मौत से पहाड़ टूट पड़ा वही 3 पुत्र एक पुत्री अविवाहित हैं जिनकी शादी अभी करनी है।


रोते विलखते परिजन।

### दुष्कर्म के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

**आजमगढ़।** थाना कन्धरापुर निवासिनी 7 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को कोर्ट ने दोष सिद्ध पाने पर आजीवन कारावास व 50 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनायी। बीते 9 फरवरी 2021 को थाना कंधरापुर की एक महिला ने थाना स्थानीय पर शिकायत किया कि वादिनी की 7 वर्षीया पुत्री के साथ विपक्षी शक्तिमान पुत्र पतिराम निवासी थाना कंधरापुर द्वारा दुष्कर्म किया गया। जिसके संबंध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना बिलरियागंज पर पाक्सों एक्ट पंजीकृत किया गया था। 11 फरवरी 2021 को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त शक्तिमान को गिरफ्तार कर चालान किया गया था। उपरोक्त मुकदमें में 5 गवाह परीक्षित हुए। जिसके क्रम में शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश, आजमगढ़ द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त शक्तिमान को दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास एवं 50 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## विदेश में मौत, घर में मचा कोहराम

### तीन मई को होनी है बेटा-बेटी की शादी

**जनसंदेश न्यूज**

**मोहम्मदपुर (आजमगढ़)।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव के एक परिवार में उस समय कोहराम मच गया जब विदेश से फोन पर यह सूचना आई कि उसके परिवार के सदस्य की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई है। 3 मई को मृतक के बेटा बेटी की शादी होनी है। घटना से महज 10-15 मिनट पहले मृतक ने अपनी पत्नी से फोन पर बात किया था।

शमशाद अहमद उर्फ सेचू 48 वर्ष पुत्र अली अख्तर ग्राम जमालपुर थाना गंभीरपुर का निवासी था। रोजी रोटी के लिए वह कुवैत में रहकर नौकरी करता था। 3 मई को उसके बेटा और बेटी की शादी होनी है। जिस बाबत खरीदारी कर वह कुवैत में रह रहे अपने भांजे से मिलने जा रहा था। इस बीच में वह अपनी पत्नी से फोन कर उसका हाल-चाल भी लिया। भांजे से मिलने जाते समय रास्ते में मार्ग दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। महज 15 मिनट पहले जिस पति से पत्नी ने फोन पर बात की थी, कुछ देर बाद उसकी मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

मृतक के 2 पुत्र लतीफ 24 वर्ष, सजील 10 वर्ष और तीन बेटियां हैं। एक बेटी की शादी हो चुकी है। बेटा लतीफ और एक बेटी की शादी 3 मई को होनी है। बेटा लतीफ करीब डेढ़ वर्ष से विदेश में रहकर नौकरी करता है, जो रोजा बाद घर आने की तैयारी कर रहा था।

### श्रमिक नेता प्रभु नारायण पांडेय का हुआ सम्मान

**आजमगढ़।** हिंदी उर्दू साहित्य मंच द्वारा वरिष्ठ कवि श्रमिक नेता प्रभु नारायण पांडेय प्रेमी को उनके निवास घोरठ पहुंचकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। सर्वप्रथम साहित्य मंच के अध्यक्ष शायर ताज आजमी ने वरिष्ठ कवि प्रेमी जी को बुके एवं मंच के संरक्षक प्रवक्ता महेंद्र मृदुल ने अंगवस्त्रम, कोषाध्यक्ष रोहित राही ने सम्मान पत्र एवं मंच के मुख्य संरक्षक संजय पांडेय व महासचिव जयहिंद सिंह हिंद ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया। शायर ताज आजमी ने अपनी रचना ह्यजख्म खाते रहे मुस्कुराते रहे दोस्ती दोस्तों से निभाते रहेह्न पढ़ी। उद्योग विद्यालय में हिंदी के प्रवक्ता साहित्यकार मृदुल ने अपनी रचना, वो परवाना ही क्या जो समा से डर जाए, सुनाया। जयहिंद सिंह हिंद ने अपनी रचना 'बात मन की सुनाने से क्या फायदा। हाल अपना बताने से क्या फायदा। देख कर जो तुम्हें अपना मुंह फेर ले। उससे दिल को लगाने से क्या फायदा' सुनाया। कार्यक्रम में रोहित राही बयासी, साहित्यकार संजय पाण्डेय, ने भी अपनी रचनाएं सुनायी। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि श्रमिक नेता श्री प्रेमी ने साहित्य मंच ने जो हमारा सम्मान किया है उसके प्रति में आभार प्रकट करते हुए अपनी रचना पढ़ी।

## गेहूं खरीद का समारोह पूर्वक हुआ उद्घाटन

### सरपंच को दिलायी गयी पद एवं गोपनीयता की शपथ

**जनसंदेश न्यूज**

**अंजानशहीद आजमगढ़।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के मुहम्मदपुर समिति पर समारोह पूर्वक सरपंच का शपथ ग्रहण व गेहूं खरीद का फीता काट कर शुभारंभ किया गया।


फीता काटकर गेहूँ की खरीद का उद्घाटन करते राजेश राय।

शनिवार को समारोह पूर्वक निर्विरोध निर्वाचित सरपंच मुहम्मदपुर समिति राजेश राय का समारोह पूर्वक शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया इस दौरान निर्विरोध निर्वाचित सरपंच राजेश राय व उपसरपंच प्रियंका मौर्या का मुहम्मदपुर समिति के नवनिर्वाचित सदस्य व क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता रामाश्रय राय ने की व संचालन सचिव सूर्यभान यादव ने किया। इस दौरान सरपंच राजेश राय उपसरपंच प्रियंका मौर्या सहित संचालक समिति के नौ सदस्य किशुनदेव यादव व विजय बहादुर पटेल नेब्बुलाल सोनकर सहित अन्य सदस्यों ने समिति के सकुशल संचालन व देखरेख की शपथ ली वहीं गेहूं खरीद का पहले दिन समारोह पूर्वक फीता काटकर सरपंच राजेश राय में शुभारंभ किया पहले दिन मुहम्मदपुर के किसान बच्चा राय की गेहूं की खरीद हुई वही किसान बच्चा राय का माल्यार्पण कर बधाई दी गई इस दौरान क्षेत्र के लाटघाट समिति के सरपंच रामाश्रय राय, रामअवध मौर्य, बृजेश राय, प्रमोद राय, पंकज राय, बच्चन यादव जयनैन्द राय गुड्डू राय सहित क्षेत्र के दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत-मेदनीपुर वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/सामु0शौचा0 /पंचायत भवन/आंगनबाड़ी केन्द्र/ अन्त्येष्टि स्थल/गंगा एक्शन प्लान/सांसद निधि/विधायक निधि एवं अन्य निधियों व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 (पांच) कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। मॉडल गांव हेतु एस.एल.डब्ल्यू.एम./गंगा एक्शन प्लान के तहत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, ई-रिक्शा/ठेला गाड़ी एवं अन्य कार्य। निविदा का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

**ग्राम प्रधान-रीता देवी**
**ग्राम पंचायत-मेदनीपुर**
**वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर**

**ग्रा0पं0अ0/सचिव-विनीत कुमार राय**
**ग्राम पंचायत-मेदनीपुर**
**वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर**

# बिना चेकिंग नामांकन स्थल में प्रवेश पर रोक

**तैयारी**

**डीएम, एसपी ने कलेक्ट्रेट नामांकन स्थल का किया निरीक्षण**

**मातहतों को दिया निर्देश, प्रस्तावक प्रत्याशी को ही अनुमति**

**कोई गोली से बात करेगा तो उसे गोली से ही निपटाया जाएगा : एसपी**


कलेक्ट्रेट और चुनार में निरीक्षण डीएम, एसपी


नामांकन करतीं सपा प्रत्याशी कीर्ति कोल

**जनसंदेश न्यूज**

मीरजापुर। विधान सभा उपनिर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सतर्क हैं। नामांकन स्थल का डीएम एसपी ने शनिवार को निरीक्षण किया। किसी को भी बिना चेकिंग नामांकन स्थल में प्रवेश न दिये जाने का निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिले के विधानसभा सीट छानबे में उप निर्वाचन के लिए नामांकन प्रक्रिया आरम्भ हैं।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने नामांकन स्थल कलेक्ट्रैट और कचहरी परिसर का निरीक्षण किया।

नामांकन सुरक्षा व्यवस्था में ड्यूटी में लगे पुलिस बल की मौके पर चेकिंग करते हुए ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों के उपकरण एचएचएमडी आदि की भी चेकिंग की गई। जवानों को उपकरणों दुरूस्त रखते हुए मुस्तैद रहने की हिदायत दी गई। चेकिंग के दौरान उपकरण का उपयोग करने तथा चुनाव आयोग के सभी निदेर्शों का पूरी तरह से पालन करने को कहा गया। ड्यूटी में लगे सुरक्षाकर्मियों को निर्देशित किया गया कि नामांकन करने वाले प्रत्याशी एवं प्रस्तावकों के अलावा अन्य कोई बाहरी व्यक्ति नामांकन केन्द्र पर प्रवेश न करें। नामांकन के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अव्यवस्था न हो। नामांकन केन्द्र के अन्दर जाने से पूर्व ड्यूटी में मुस्तैद रह कर सभी की विधिवत चेकिंग कर नियमानुसार ही अन्दर जाने दिया जाये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीकांत प्रजापति, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर, निरीक्षक एलआईयू सहित प्रशासन एवं पुलिस बल के लोग उपस्थित रहे।

**चुनार संवाददाता** के अनुसार जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने चुनाव के मद्देनजर पूरी तैयारियों की जानकारी लेने चुनार नगर में संस्कृत महाविद्यालय टेकौर के प्राइमरी विद्यालय का जायजा लिया। उसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह डिग्री कॉलेज में बनाए गए मतगणना स्थल का जायजा लिया। अहरौरा व चुनार दोनों जगह की मत पेटियां इसी स्थान पर रखी जायेगी। चुनार में 16 मतगणना केंद्र है और 45 बूथ बनाया गया है का जायजा लिया। इसके बाद चुनार तहसील के सभागार में नगर निकाय चुनाव को लेकर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अधिकारियों व कर्मचारियों व चौकीदारों को ब्रीफ मीटिंग की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी दशा में बलवा बवाल करने वाले लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजें। सेंटर पर अगर कोई गोली से बात करेगा तो उसे गोली से ही निपटाया जाएगा। एसपी ने कहा कि गर्मी में चुनाव हो रहा है। उस जगह पर पानी व डॉक्टर की व्यवस्था होनी चाहिए। इस दौरान एसडीएम नवनीत सेहरा, सीओ, तहसीलदार नूपुर सिंह, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## सपा प्रत्याशी ने किया उप चुनाव में नामांकन

**मीरजापुर।** छानबे विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी कीर्ति कोल ने शनिवार को नामांकन किया। इस मौके पर पार्टी के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने दो सेट में पर्चा दाखिल किया। नामांकन के दौरान तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। उपचुनाव के नामांकन के लिए पूर्व सांसद दिवंगत भाईलाल कोल की पुत्री कीर्ति कोल ने शनिवार को सपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। सपा समर्थकों के साथ जिला मुख्यालय पर पहुंची। इस दौरान सपा के पूर्व मंत्री, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, आशीष यादव एवं परवेज खां आदि पदाधिकारी नामांकन कराने कलेक्ट्रेट में पहुंचे थे। लोहिया ट्रस्ट से सपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता चंद फर्लांग दूर स्थित कलेक्ट्रेट के गेट पर पहुंचे। नारेबाजी कर रहे समर्थकों को कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर ही रोक दिया गया। कुछ पदाधिकारियों को ही अंदर आने दिया गया। नामांकन के दौरान प्रत्याशी के समर्थन में आए कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सुरक्षा का तगड़ा इंतजाम किया गया था। नामांकन स्थल की ओर बढ़ने पर केवल प्रत्याशी और समर्थकों को जाने दिया गया। नामांकन करने के बाद कीर्ति कोल ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि उनका क्षेत्र पिछड़ा हुआ है। वह अपने क्षेत्र का विकास चाहती हैं। लिहाजा शिक्षा, सड़क और पानी के लिए उनकी लड़ाई है। क्षेत्र के विकास के लिए काम किया जाएगा।

## 188 लोगों का जमा कराया गया असलहा

**1500 लोगों को धारा 107/16 में किया गया पाबंद**

**लालगंज।** छानवे विधान सभा उपचुनाव में आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक लालगंज थाना प्रभारी द्वारा 188 लाईसेंस धारकों से असलहा जमा कराया गया है। शांति भंग आशंका के अंतर्गत 1500 लोगों को धारा 107/16 के तहत अब तक पाबंद किया जा चुका है। जिन लोगों को इस धारा के तहत पाबंद किया गया है। उन्हे नोटिस मिलने के बाद अपनी जमानत कराने के लिए तहसील मुख्यालय एसडीएम न्यायालय में जाना पड़ेगा। लालगंज थाना प्रभारी ज्ञानूप्रिया ने बताया कि थाना क्षेत्र में लगभग साढे चार सौ लाइसेंसी असलहा धारक है जिनमें 188 लोगों से असलहा अभी तक जमा कराया जा चुका है। शेष बचे लोगों से 20 अप्रैल तक असलहा जमा कराया जाना है और उपचुनाव में बूथ स्तर पर समीक्षा करते हुए शांति भंग अंदेशा में पंद्रह सौ लोगों को 107 / 16 में पाबंद किया गया है जिनके नोटिस भेजने की कार्यवाही की जा रही है। नोटिस मिलने के बाद उन्हें अपना जमानत करना पड़ेगा।

## पुलिस जवान के सीने में उठा दर्द बना जानलेवा

**जनसंदेश न्यूज**

**दुखद**

**पुलिस लाइन में था तैनात नहाते समय हुई तकलीफ**

**साथी ले गए मंडलीय अस्पताल, हुई मौत**


मृत सिपाही

**मीरजापुर।** पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी सुमित कुमार गौतम की अचानक सीने में दर्द हुआ। उसने अपने साथियों को बताया। लोग अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक जौनपुर, थाना मछली शहर के परशुपुर गाँव का रहने वाला था। जवान के मौत की खबर लगते ही विभागीय जन गमगीन हो गए। जौनपुर निवासी सुमित कुमार गौतम पुत्र शिव प्रकाश गौतम की वर्तमान नियुक्ति पुलिस लाइन में थी।

शनिवार को सुबह वह नहाने गया। करीब 10 बजे उसे अचानक सीने में दर्द हुआ। यह बात अपने साथियों को दी। उसे तत्काल इलाज के लिए मंडलीय चिकित्सालय ले जाया गया। इलाज के दौरान आरक्षी का निधन हो गया। मृतक आरक्षी सुमित कुमार गौतम वर्ष-2019 में पुलिस विभाग में आरक्षी पद पर भर्ती हुए थे। जवान के निधन की खबर सुनते ही पुलिस लाइन में मातम पसर गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को देकर उनका इंतजार किया जा रहा है।

## आपसी कलह में पति ने खाया विषाक्त हालत गम्भीर

**मड़िहान।** संतनगर थाना अन्तर्गत ग्राम सभा पटेहरा कला के शिवपुर मौजा में शनिवार को पति पत्नी मे विवाद इस कदर बढ़ा कि आक्रोशित पति ने विशाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत गम्भीर देख परिजन उपचार हेतु मण्डलीय अस्पताल ले गये। बताया जाता है कि गांव निवासी अभिमन्यु 30 पुत्र अमृतलाल का पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद पत्नी अपने घर के कामों में व्यस्त हो गयी। वही घर पर मिर्चा छिड़काव करने के लिए दवा रखा था जिसका सेवन कर लिया। पति की हालत बिगड़ने लगी और अचेत हो गया। पति को अचेत देख पत्नी रोने बिखलने लगी। पत्नी की चीखपुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजन अपने निजी साधन से अचेतावस्था में इलाज हेतु पटेहरा पीएचसी ले गये जहां प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर स्थित देख डॉक्टर बहाल अहमद ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग ट्रैक्टर, थ्रेशर गृहस्थी का सामान जलकर खाक

**जनसंदेश न्यूज**


आग की भेंट चढ़ा ट्रैक्टर

**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के अतरैला राजा गांव में बिजली के शार्ट सर्किट से मणि प्रसाद मिश्र के घर में आग लग गई। जिससे लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। घटना दोपहर बारह बजे के करीब है। जानकारी के अनुसार बिजली की शार्ट सर्किट से निकली चिनगारी से दरवाजे पर रखी पुआल की कूटी में आग लग गई। देखते ही देखते चिनगारी आग का शोला बन गई।

आग की लपटें बिकराल रुप धारण करती हुई टीन सेट में खड़ा ट्रैक्टर को अपने जद में ले लिया और पूरे ट्रैक्टर में धू-धू करके आग जलने लगा। ट्रैक्टर के चारों टायर फटने की आवाज से समूचा गांव दहल उठा। घटना की सूचना पाते ही स्थानीय ग्राम प्रधान महा नरायण भारती मौके पर पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से जनरेटर चालू करवाकर आग पर काबू पाने की कवायद में जुट गए। और उनके द्वारा अगलगी की सूचना दूरभाष पर एस डी एम लालगंज को दी गई। गनीमत रही कि घटना के दौरान हवा का रूख शांत रहा और घर के चारों तरफ पक्की दिवाल की बाउंड्री बनी थी जिससे आग गांव की तरफ आगे नहीं बढ़ पाई। अन्यथा समूचा स्वाहा हो जाता। आग की प्रचंड लपटों से 60 क्विंटल गेहूं 120 नग हस्ती पाइप 50 क्विंटल के करीब पुआल की कूटी जलकर राख हो गई। स्थानीय ग्रामीणों और ग्राम प्रधान की तत्परता से तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया था। तहसील प्रशासन को सूचना दिए जाने के बावजूद समाचार लिखे जाने तक कोई भी तहसील कर्मी मौके पर नहीं पहुंचे थे। स्थानीय ग्राम प्रधान महा नरायण भारती ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए राहत सहायता दिए जाने की मांग की है।

## संक्षेप

### अबूझ हालत में महिला ने लगाई फांसी



**सीखड़।** चुनार कोतवाली के अंतर्गत कुशहा गांव निवासी नितिन कुमार मिश्रा की पत्नी सोनी मिश्रा ने सुबह 9 बजे अपने कमरे में पंखे में साड़ी बांधकर आत्महत्या करली उस वक्त घर पर परिवार का कोई सदस्य नहीं था पति नितिन एक प्राइवेट विद्यालय में अध्यापक है अपने विद्यालय चला गया था पिता गांव में कहीं गए थे और दादी भी किसी के घर गई थी और बेटा वेदांत 6 साल का है वह अपने विद्यालय गया था बताया जाता है नीतीश की शादी 2013 में कृष्णानंद पाठक चौखड़ा उदरा कैमूर बिहार के पुत्री सोनी के साथ हुआ था सोनी 1 दिन पूर्व अपने बहन के घर से लौट कर आई थी पति से कुछ विवाद हुआ था आर्थिक तंगी के चलते भी काफी परेशान रहती थी इसी को देखते हुए पति ने एक ब्यूटी पार्लर खुलवा रखा था सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे को तोड़ने का प्रयास किया लेकिन सोनी के पिता ने दरवाजा खोलने के लिए मना कर दिया था आने के बाद ही दरवाजा खोला जाएगा करीब 5 घंटे बाद पिता के आने के बाद दरवाजा खोला गया पुलिस ने पंखे से शव को उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### आगजनी व सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** अदलहाट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी की तहरीर के बाद युवक पर गंभीर धराओं में मुकदमा दर्ज करके जेल भेज गया है। व्यक्ति के द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध वादी के घर में घुसकर परिवारीजन पर जानलेवा हमला, आगजनी एवं अफरा तफरी का माहौल पैदा करने तथा पुलिसकर्मियों से अभद्रता व कार्य सरकार में बाधा उत्पन्न करने के सम्बंध में तहरीर दिया गया। जिसके आधार पर थाना अदलहाट पर मुकदमा पंजीकृत करके पुलिस जांच में जुट गई। थाना अदलहाट पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र से आरोपी दीपक पाण्डेय पुत्र स्व0 शिवशंकर निवासी ग्राम पंडित कालोनी शास्त्री नगर वार्ड–02 चंदौली थाना चंदौली को गिरफ्तार करके जेल भेजा दिया।

### फुटवियर की दुकान से बेची जा रही थी अवैध शराब

**मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र मड़िहान के अंतर्गत कलवारी बाजार स्थित फुटवियर की दुकान से अवैध शराब बिक्री की सूचना पर पुलिस ने शुक्रवार की देर रात छापा मारकर एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। अम्बेडकर जयंती पर सार्वजनिक अवकाश होने के नाते सरकारी शराब की दुकानें बंद थी, जिसका फायदा उठाकर दुकानदार फुट वियर की दुकान से खुलेआम शराब बेच रहा था। अवैध शराब बिक्री की खबर पर मड़िहान पुलिस ने छापेमारी करते दुकान से तीन पेटी अवैध अंग्रेजी व देशी शराब बरामद करते हुये दुकानदार को हिरासत में लेकर थाने आयी । दुकानदार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई में जुटी है । क्षेत्र में कई दिनों से अवैध शराब की विक्री जोरो पर चल रह ी थी ।थाना प्रभारी मड़िहान शैलेश कुमार राय के निर्देश पर शुक्रवार की देर रात उपनिरीक्षक जितेंद्र सरोज, कांस्टेबल दुर्गेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर फुटवियर की दुकान पर पंहुच कर छापेमारी की दुकान के अंदर रखा 81 सीसी अंग्रेजी व देशी शराब बरामद करते हुए दुकानदार दिलीप कुमार उमरवैश्य को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाई में जुटी पुलिस ने बताया की दो वर्ष पूर्व भी आरोपी के दुकान से अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। थाना प्रभारी को मुखबिरों से सूचना मिला था की क्षेत्र के कलवारी बाजार में कई दिनों से अवैध शराब की विक्री चल रहा है जिस पर छापेमारी की गई।

### दो बच्चों की मां प्रेमी संग हुई फरार

**कलवारी।** मड़िहान थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गोपलपुर मौजा जुड़िया में एक शादीशुदा महिला की अपने पड़ोस में रहने वाले युवक विशाल पुत्र श्याम नारायण उम्र 20 वर्ष से आँखें चार हो गयी। महिला की शादी दस साल पहले बहादुर से हुई हैं। महिला दो बच्चों की माँ है। प्रेम परवान चढ़ता रहा धीरे धीरे यह खबर उसके पति के कान तक पहुंच गयी। पति बहादुर ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। बिरोध होता देख महिला अपने प्रेमी विशाल के साथ फरार हो गयी। पति ने प्रार्थना पत्र देकर अपने बच्चों के मां को खोजने की गुहार मड़िहान थाने पर लगाई। थाना प्रभारी शैलेश राय ने बताया कि पति और कथित प्रेमीयुगल को थाने पर लाया गया है लेकिन महिला अपने पति के साथ जाने के लिए तैयार नही है वह अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है। खबर लिखे जाने तक थाना परिसर में पंचायत चल रही थी।

### आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत न्यायालय में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के दिशा–निर्देश पर राजगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत मनोज कुमार पाठक निवासी ग्राम खम्हरियां को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाले उपनिरीक्षक शिवकुमार यादव को सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर कांस्टेबल राजेन्द्र सोनकर के साथ अभियुक्त के घर दबिस देने पहुंचे जहां पुलिस को देखकर मनोज कुमार पाठक भागने लगा जिसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। आरोपी पर स्थानीय थाना में 46/23 धारा 386 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है जिसकी काफी दिनों से तलाश की जा रही थी। इस दौरान न्यायालय के आदेशानुसार उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### न्यायालय ने पॉस्को एक्ट में आरोपी को सुनाई तीन साल की सजा

**मीरजापुर।** थाना अहरौरा पर एक महिला ने 16 मार्च 2020 को नाबालिक बालिका के साथ मारपीट, छेड़–छाड़ करना व अश्लील हरकते व धमकी देने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिय ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था । मिशन शक्ति अभियान के तहत इस मामले की प्रभावी एवं सशक्त पैरवी कराया गया। जिसके फलस्वरूप न्यायालय द्वारा महिला सम्बन्धित उपरोक्त अपराध में धारा में दोषी पायें जाने पर आरोपी को अनिल कुमार उर्फ पिन्टू कुमार पुत्र रामधनी चौहान निवासी कटरा थाना अहरौरा को 03 वर्ष का कारावास एवं 6 हजार पांच सौ के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी। अर्थदण्ड अदा न करने की दशा पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### फांसी का फंदा लगाकर किशोरी ने की आत्महत्या

**बिरनो ।** थाना क्षेत्र के नसरतपुर में घर में फांसी का फंदा लगाकर किशोरी ने आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना की जांच में जुट गई। मऊ जिले के थाना सरायलखंसी के बाबुआपुर गांव निवासी श्वेता कुमारी पिता सुरेश राम तीन माह से अपने मामा के घर नसरतपुर आई थी। इस बीच शनिवार को खाना बनाकर सबको खिला पिलाकर दिन में लगभग 11:00 बजे घर में बने कमरे में सोने चली गई। सुबह काफी देर तक दरवाजा खटखटाने पर जब कोई आवाज नहीं आई तो, उन्होंने खिड़की से देखा तो हतप्रभ रह गए। जिसकी सूचना परिजनों द्वारा बिरनो पुलिस को दी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने फंदे से किशोरी को उतारा और जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। किशोरी के नाना रामनगीना राम ने बताया कि वह जब से घर से आई थी बहुत शांत रहा करती थी। घर में कोई लड़की नहीं थी। इस वजह से बहुत प्यार दुलार के साथ रखा जाता था। उसने ऐसे घटना को अंजाम क्यों दिया कुछ समझ में नहीं आ रहा है।

## बेखौफ खनन माफिया उजाड़ ले गये वन विभाग की बाउंड्री

**मनमानी**

**वन विभाग को नहीं लगी भनक**

**जनसंदेश न्यूज**


वन विभाग की गायब चहार दीवारी

**कलवारी।** स्थानीय विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा गोरथरा में वन विभाग की जमीन पर पिछले वर्ष पौधरोपण हुआ था। उन पौधों की सुरक्षा के लिए पत्थर से बाउंड्री वॉल बनाया गया था, जिस पर खनन माफियाओं की निगाह पड़ी। बेखौफ खनन माफिया दिन के उजाले में ही वन विभाग की बाउंड्री वाल को उजाड़ ट्रैक्टर पर लादकर ढुलाई कर रहे हैं।

वन विभाग जहां अपने वन भूमि को सुरक्षित करने के लिए बाउंड्री वाल बनाया है वही खनन माफिया अवैध तरीके से बाउंड्री वॉल को तोड़कर पत्थरों की धुलाई कर रहे हैं और ऊंचे दामों पर बेचकर मालामाल हो रहे हैं। अवैध खनन का धंधा क्षेत्र में जोरों शोरों से चल रहा है। लेकिन वन विभाग को कानों कान खबर तक नहीं है।

क्षेत्र में कई सक्रिय दलाल हैं जो मामला रेंजर तक पहुंचने से पहले ही रफा-दफा कर देते हैं और मोटी कमाई करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 4 फीट ऊंची और 1 किलोमीटर लंबी बाउंड्री वाल को खनन माफिया रात का अंधेरा व दिन के उजाले की परवाह किए बिना बेखौफ होकर ट्रैक्टर पर लादकर पत्थर को उठा ले गए। वन विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से ही अवैध खनन क्षेत्र में फल फूल रहा है। इस संबंध में रेंजर रमेश मौर्य से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वन विभाग के बाउंड्री वॉल के अवैध पत्थर के ढुलाई का मामला संज्ञान में नहीं है। जांच कर खनन माफियाओं के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कराकर कार्यवाही की जाएगी। सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### भरण पोषण भत्ता नहीं देने पर पति को हुई जेल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मवंई खुर्द गांव निवासी एक व्यक्ति को न्यायालय के आदेश के बाद भी पत्नी को करीब पांच वर्ष से भरण पोषण भत्ता न देने पर न्यायालय से वारंट जारी होने पर पुलिस ने शनिवार को सुबह उसके घर के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हलिया क्षेत्र के मवंई खुर्द गांव निवासी रामनारायण न्यायालय के आदेश के बाद भी काफी दिनों से पत्नी सुनीता को भरण पोषण भत्ता नहीं दे रहा था जबकि न्यायालय ने 4 हजार रुपए प्रतिमाह भरण पोषण भत्ता देने का आदेश दिया था। पांच वर्ष से पति द्वारा भरण पोषण भत्ता नही देने पर पत्नी ने न्यायालय में भरण पोषण भत्ता देने की गुहार लगाई थी, जिस पर न्यायालय ने रामनारायण के विरुद्ध नोटिस जारी कर कुर्की की कार्यवाही के साथ वारंट जारी कर दिया था। पुलिस आरोपी की काफी दिनों से खोजबीन कर रही थी। शनिवार सुबह उसके घर के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक बाली मौर्य, हेड कांस्टेबल रंजीत यादव, हेड कांस्टेबल महेंद्र प्रसाद शामिल रहे। उपनिरीक्षक बाली मौर्य ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर पत्नी को करीब पांच वर्ष से लगभग 2 लाख 42 हजार 933 रूपये भरण–पोषण भत्ता नही देने वाले आरोपी पति रामनारायण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## नगर पालिका चुनाव के मद्देनजर डीएम व एसपी ने किया मतदेय स्थलों का निरीक्षण




**अहरौरा।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल एवं निर्वाध रूप से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत संवेदनशील बूथों व मतदान केन्द्रों एवं स्ट्रांग रूम/मतगणना स्थल का निरीक्षण शनिवार को किया। निरीक्षण के क्रम में थाना चुनार क्षेत्रान्तर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बने मतगणना स्थल/स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

तत्पश्चात अहरौरा पहुंचकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने नगर पालिका क्षेत्र अहरौरा के मतदान स्थल नगर पालिका इंटर कॉलेज अहरौरा एवं जय हिंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अहरौरा का विधिवत निरीक्षण किया एवं दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य को निर्देश दिया कि मतदान संबंधी आवश्यक सुविधाएं मतदान केंद्र पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह एवं चौकी प्रभारी को भी सुरक्षा व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान नगर की व्यवस्थाओं को भी अधिकारियों ने परखा।

बतादें कि नगरपालिका क्षेत्र अहरौरा में लगभग 20600 सौ मतदाता है जिनका मतदान नगर पालिका क्षेत्र में बने विभिन्न मतदान केंद्रों पर होगा। मतदान केंद्रों पर मतदान के दिन मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिले के उच्चाधिकारी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी चुनार नवनीत सेहारा, तहसीलदार अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से चल रहे तीन क्लीनिक को कराया सील

**हलिया।** क्षेत्र के रतेह चौराहा, देवरी बाजार में शनिवार को डिप्टी सीएमओ डा0 मुकेश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने औचक छापेमारी कर तीन झोलाछापों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनके क्लीनिक को सील करवा दिया। रतेह चौराहा में एबी यादव क्लीनिक पर औचक छापेमारी की जहां झोलाछाप द्वारा कोई चिकित्सा डिग्री नही दिखाने पर क्लीनिक को सील करवा दिया। इसके बाद टीम हलिया बाजार पहुंची, जहां डिप्टी सीएमओ के क्षेत्र में आने की भनक लगते ही झोलाछाप अपने क्लीनिक पर ताला बंद कर भाग निकले। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम देवरी बाजार पहुंची जहां पारस नाथ पाल व अनिल यादव द्वारा अवैध रूप से क्लीनिक संचालित करते हुए मौके से भाग निकले डिप्टी सीएमओ ने अवैध रूप से संचालित दोनों क्लीनिकों पर ताला लगवाकर सील की कार्रवाई की। स्वास्थ्य टीम ने रतेह चौराहा देवरी बाजार, मनिगढ़ा हलिया बाजार में अवैध रूप से संचालित 9 क्लीनिकों की जांच पड़ताल की। संचालकों से रजिस्ट्रेशन आदि कागजात की मांग की लेकिन क्लीनिक संचालकों द्वारा कोई भी कागजात नही दिखाने पर डिप्टी सीएमओ ने सभी को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर सीएमओ कार्यालय में स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है। डिप्टी सीएमओ डा मुकेश कुमार ने बताया कि हलिया क्षेत्र में झोलाछापों के विरुद्ध अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित तीन क्लीनिक को सील कराया गया है। तथा नौ क्लीनिक संचालकों को नोटिस जारी किया गया है।

### भयाक्रान्त कर पैसे की मांग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना राजगढ़, पर अवधनाथ पुत्र बुद्धिनाथ निवासी खम्हरिया थाना राजगढ़ ने भयाक्रान्त कर पैसे मांगने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। उक्त तहरीर के आधार पर थाना राजगढ़ पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी । उ0नि0 शिवकुमार यादव मय टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी मनोज पुत्र बुद्धिनाथ निवासी खम्हरिया थाना राजगढ को गिरफ्तार करके आरोपी को जेल भेजा दिया।

## दिव्यागों को मिले नपा का टिकट तो होगी जीत : जहरीला

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश विकलांग सेवा समिति की बैठक सिटी क्लब में शनिवार को की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने कहा कि नगर पालिका परिषद महानगर पालिका का चुनावी बिगुल बज चुका है। बैठक में उत्तर प्रदेश महासचिव संजीव गुप्ता ने कहा कि यदि विकलांग समाज अपनी शक्ति और अपने अधिकारों को पहचान ले तो नगर पालिका परिषद के चुनाव में बड़ा उलटफेर करने की क्षमता रखता है। मीरजापुर नगर पालिका परिषद क्षेत्र में लगभग 10000 विकलांग परिवार हैं। उत्तर प्रदेश विकलांग सेवा समिति ने आह्वान किया कि यदि विकलांगों को विकलांग समाज की किसी भी पार्टी प्रत्याशी द्वारा अनदेखी किया गया तो विकलांग समाज अपने परिवार सहित बोर्ड के माध्यम से चमत्कारिक निर्णय लेने का निर्णय पर पहुंचाने का काम करेगा। बैठक में प्रमुख रूप से जटाशंकर सिंह जहरीला, सूरज प्रजापति, गणेश शर्मा, विनोद कुमार सोनकर, सुभाष मौर्य, राजकुमार मिश्रा, कन्हैयालाल, बब्बू बिंद, सत्यवान यादव, रामवृक्ष चौहान समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## मानक के अनुरूप नहीं बन रही सड़क

### उड़ रही धज्जियां, ग्रामीणों में आक्रोश

**जनसंदेश न्यूज**


बनाई गई रद्दी सड़क

**हलिया।** विकास खंड के नैड़ी सुखड़ा संपर्क मार्ग के महुगढ़ गांव से पवांरी कलां, मड़वां धनावल, बबुराकलां, रतेह चौराहा होते हुए नैड़ी मोड़ तक पीडब्ल्यूडी द्वारा 1 करोड़ 25 लाख रूपए की लागत से बनाई जा रही 14 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा घटिया कार्य करवाया जा रहा है जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढंग से नही करवाया जा रहा है।

सड़क निर्माण में मानक की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में तारकोल की जगह खराब मोबिल ऑयल डाला जा रहा है जिससे गिट्टी उखड़ने लगी है। घटिया सामग्री का इस्तेमाल होने से सड़क जहां एक तरफ बन रही है तो दूसरी तरफ गिट्टी निकलनी शुरू हो जा रही है। ठेकेदार द्वारा मानक के अनुरूप कार्य नही करवाए जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण घनश्याम श्रीवास्तव, सत्येन्द्र दुबे, शिव दत्त दुबे, रामसकल सरोज, रोहित दुबे, कमलेश वर्मा, जय प्रकाश विश्वकर्मा, लखनलाल वर्मा, सुनील सरोज आदि ने बताया कि ठेकेदार द्वारा मनमानी ढंग से सड़क निर्माण के नाम पर सिर्फ कोरम पूरा किया जा रहा है। सड़क की साफ सफाई करवाए बिना ही गिट्टी बिछाकर तारकोल की जगह खराब मोबिल ऑयल डाला जा रहा है जिससे बनाई जा रही सड़क उखड़ने लगी है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य मानक के अनुरूप करवाए जाने हेतु जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट करवाया है।

इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के जेई सुशील कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य की जांच की जाएगी। सड़क निर्माण कार्य मानक के अनुरूप करवाए जाने हेतु संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया जाएगा। घटिया सड़क निर्माण पर कार्रवाई की जाएगी।

# निकाय चुनाव कराने के लिए जिम्मेदारी से कार्य करें अधिकारी

**बोले सीडीओ**

## सीडीओ ने अधिकारियों के साथ की बैठक

जनसंदेश न्यूज


बैठक को संबोधित करते सीडीओ

**सोनभद्र।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष संपन्न कराने हेतु प्रभारी अधिकारियों एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई।

इस दौरान सीडीओ ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु जिन भी अधिकारियों को जो भी जिम्मेदारी सौंपी गयी है, वह निर्धारित समय अवधि में उसका अनुपालन सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र ने निर्वाचन से सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अब तक की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन से सम्बन्धित जो भी जिम्मेदारी मिली है, उसे अति शीघ्र पूर्ण कर लें।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे आशुतोष दूबे, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप पटेल, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी गौरीशंकर शुक्ला, उप कृषि निदेशक डीके गुप्ता, समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, राजेश कुमार खैरवार, अनिल कुमार गुप्ता, डीआईओ विनय कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### चुनाव संपन्न कराने हेतु उड़न दस्ते का गठन

**सोनभद्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के दौरान प्रत्याशियों और उनके समर्थकों द्वारा मतदाताओं को प्रलोभित कर मतदान प्रभावित करने के उद्देश्य से नगद धनराशि के वितरण की शिकायतें प्राप्त होती रहती है जिससे निर्वाचन के दौरान प्रत्यशियों के मध्य तनाव की भी स्थिति उत्पन्न होने की सम्भावना रहती है और इस प्रकार की सभी घटनाओं का सीधा प्रभाव निर्वाचन की शुचिता एवं निष्पक्षता पर पड़ता है। निर्वाचन को देखते हुए उड़नदस्ते का गठन किया गया है। उड़नदस्ते को उक्त कार्य हेतु वीडिओ कैमरा वीडियोग्राफर के साथ उपलब्ध कराया जायेगा तथा चेकिंग के समय सम्पूर्ण कार्यवाही की प्रारम्भ से अन्त तक वीडिओ रिकार्डिग की जायेगी उक्त रिकार्डिग की सी डी तैयार कराकर उसकी एक प्रति सम्बन्धित व्यक्ति और एक प्रति जिला स्तरीय समिति को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जायेगी। उड़नदस्ते के अतिरिक्त अन्य अधिकारी नगदी की बरामदगी के सम्बन्ध में किसी कार्यवाही के लिए अधिकृत नही होगें। प्रतीक आवंटन के दिनांक से ही उड़नदस्ते वाहनों और व्यक्तियों की चेकिग करेंगे तथा मतदाताओ को प्रभावित करने हेतु उनके बीच रूपया, शराब या अन्य किसी वस्तु का वितरण करना, रिश्वत देना आदि के सम्बन्ध में जब्ती की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी व्यक्ति के कब्जे में रु 2,00,000 दो लाख से अधिक की नगदी पायी जाती है उसका कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नही किया जाता है तो उक्त धनराशि को जब्त कर लिया जायेगा और सम्बन्धित प्राविधानों के अधीन कार्यवाही की जायेगी उक्त कार्यवाही की सूचना आयकर विभाग को भी दी जायेगी। उड़नदस्ते द्वारा प्रतिदिन की गयी कार्यवाही का विवरण जिला स्तरीय कमेटी के सदस्य को अवगत कराया जायेगा तथा जिला स्तरीय कमेटी द्वारा परीक्षण करने के उपरान्त आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## माडर्न आईटीआई के 25 अभ्यर्थियों का हुआ कैम्पस सेलेक्शन, खुशी


युवाओं का साक्षात्कार करते अधिकारी

जनसंदेश न्यूज

**विंढमगंज।** थाना क्षेत्र के हीराचक स्थित माडर्न आई. टी.आई. में शनिवार को रोजगार मेला का आयोजन हुवा जिसमें राजस्थान की फियेम इंडस्ट्रीज लिमिटेड और यजाकी इण्डिया लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों द्वारा लिखित और साक्षात्कार में संस्थान के सैकड़ों अभ्यर्थी शामिल हुए।

जिसमें इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में 17 और फीटर ट्रेड से 08 अभ्यर्थियों का चयन अंतिम रूप से हुआ। संस्थान के डायरेक्टर मंसूर आलम ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया।

इस मौके पर संस्थान के डायरेक्टर मंसूर आलम, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट इंचार्ज मनोज कन्नौजिया, प्रधानाचार्य हृदयनारायण के साथ अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## संक्षेप

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, सनसनी

**डाला।** हाथीनाला थाना क्षेत्र बेलहत्थी ग्राम पंचायत के टोला कोडरा में एक युवक का शव पेड़ से लटकता मिलने से सनसनी मच गई। सूचना पर पहुंची हाथीनाला पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी अस्पताल भेजकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। हाथीनाला थाना प्रभारी श्याम बिहारी ने बताया कि शनिवार को मृतक के दादा गुलाब पुत्र रामदास निवासी टोला कोड़रा बेलहत्थी ने थाने आकर सूचना दिया कि मेरा पोता 23 वर्षीय राम सकल पुत्र धनराज सुबह भोर में उठकर नित्य क्रिया के लिए जंगल की तरफ गया और पेड़ पर अपने शर्ट के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक की अगले महीने शादी होनी थी। धनराज का शव जमीन से सटा हुआ मिला। सूचना मिलते ही हाथीनाला थाना प्रभारी मय फोर्स मौके पर पहुंच ग्रामीणों की मदद से शव को पेड़ से नीचे उतारकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गए।

### एएसपी ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

**चोपन।** अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत ने शनिवार को संयुक्त रूप से नगर पंचायत चोपन के प्राथमिक विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, गुरुद्वारा इण्टर कालेज व रेल कर्मचारी इण्टर कालेज इत्यादि पोलिंग बूथों का भौतिक निरीक्षण किया। कर्मियों को तत्काल कमियां सुधारने का निर्देश दिया, जिससे मतदान के दिन कोई अव्यवस्था उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर आयोग की मंशा के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं, जिससे कि मतदाताओ को कोई असुविधा न हो। उन्होंने मतदेय स्थलों पर पोलिंग पार्टी के आवागमन, फर्नीचर, विद्युत कनेक्शन, वायरिंग, शौचालय, पानी तथा दिव्यांग मतदाता के लिए रैंप के साथ ही पेयजल, बाउंड्रीवाल एवं साफ-सफाई की व्यवस्था को देखा। निर्देश दिए कि कहीं व्यवस्था में कमियां हैं तो उसे संबंधित अधिकारी से समन्वय स्थापित कर ठीक करा लें।

### जनपद की बेटी बनी इंडिया बेस्ट प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट

**सोनभद्र।** रावर्ट्सगंज शहर के इमरती कालोनी की रहने वाली बेटी विशाखा सिंह ने मलिका ए अवध की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में इंडिया बेस्ट प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट का एवार्ड हासिल किया। विशाखा को एवार्ड मिलने पर उसके माता-पिता व शुभचिंतकों ने बधाई दिया। बता दें कि हाल के दिनों में मलिका ए अवध की तरफ से होटल त्रिदेव वाराणसी में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें पूरे भारत से 5121 प्रतिभागियों ने पार्टीसिपेट किया था। जिसमें उन सभी को पीछे छोड़ते हुए जिसमें दस प्रतिभागियों ने अपनी जगह बना पाई थी। उसमें उत्तर प्रदेश से छह, मध्यप्रदेश से तीन, मणिपुर से एक और टाप 1 में सोनभद्र की बेटी विशाखा सिंह ने सब 5111 लोगों को हरा के इंडिया बेस्ट प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट का खिताब जितने में कामयाब रही। विशाखा बताती है कि कंपटिशन बहुत ही ज्यादा टफ था, लेकिन मम्मी पापा व भाई बहन व दोस्तों के हौसला से मैं इस कंपटीशन को जीत पाई। जिसका मुझे और मेरे परिवार को गर्व है।

### नियमों को ताक पर रखकर जिम्मेदार कर रहे मनमानी

**सोनभद्र।** जिला पंचायत खनिज परिवहन शुल्क वसूली सवा करोड़ कम में ठेका हो जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पूर्वांचल नव निर्माण मंच के नेता गिरिश पांडेय ने जिलाधिकारी को ट्वीट कर सवाल किया कि जिला पंचायत खनिज परिवहन शुल्क वसूली की राशि हर साल दस प्रतिशत बढ़ाकर न्यूनतम बोली रखी जाती है तो इस साल का ठेका पिछले साल की अपेक्षा लगभग दस प्रतिशत कम पर किस नियम के आधार पर दे दिया गया। उन्होंने डीएम से खनिज परिवहन शुल्क वसूली नीलामी की प्रक्रिया की जांच कराने की मांग किया है। आरोप लगाया कि विभाग के जिम्मेदार लोग आंख बंद कर नियमों की अनदेखी की जा रही है। इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग किया है।

### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आज

**सोनभद्र।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय ने बताया कि आगामी नगर निकाय सामान्य निर्वाचन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रविवार को सार्वजनिक सूचना निर्गत की जायेगी। इसके बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन से जुड़े समस्त अध्यक्ष/सचिव/समस्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक होगी। बैंठक में संबंधितों की उपस्थिति अनिवार्य की गयी है।

### सड़क हादसे में मृत युवक के मामले में केस दर्ज

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र के परासपानी में लगभग सात माह पूर्व पति की सड़क दुर्घटना में मौत होने के बाद चोपन थाने में मुकदमा दर्ज कराने के लिए एक विधवा महिला को न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के शरण में जाना पड़ा, तब जाकर उसका मुकदमा दो दिन पहले दर्ज हो सका। सरिता पत्नी स्व. लवकुश ने न्यायालय को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते 21 सिंतबर को रात्रि परासपानी में एक बाइक सवार युवक लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए आया और मेरे पति की बाइक में टक्कर मार दिया, जिससे उसके पति सड़क पर गिरकर डिवाइडर में टकरा गए। इस हादसे में गंभीर चोट लगने से उपचार के दौरान उसके पति लवकुश पुत्र अमेरिका निवासी बेलहत्थी, हाथीनाला की मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद महिला ने चोपन थाने का कई चक्कर काटा लेकिन मुकदमा नही लिखा गया। जिसपर वह न्यायालय से गुहार लगाई, तब जाकर चोपन थाने में मुकदमा दर्ज हो सका।

### मकान में लगी आग, गृहस्थी खाक

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत पनारी के चौना टोला के कच्चा मकान में आग लगने से घर गृहस्थी, दस हजार नगदी समेत लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। संयोग अच्छा था कि घटना के वक्त घर में कोई मौजूद नही था। बताया गया कि रामअवतार गोड़ पुत्र भुक्खु निवासी चैना टोला म्योरपुर का मूल निवासी ससुराल में मकान बनाकर रहकर खनन क्षेत्र में मजदूरी का काम करता है। शनिवार की दोपहर रामअवतार की पत्नी बच्चों को लेकर ओबरा डैम नदी नहाने गई थी कि अचानक घर में आग लग गई, जिससे गृहस्थी का समान, सोना, चांदी, कागजात, नकदी दस हजार, राशन, बर्तन समेत एक से डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हो गया। इस सन्दर्भ में पनारी लेखपाल नथुनी यादव ने बताया कि मौके का निरीक्षण कर लिया गया है, रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को सौंप दी जाएगी। आपदा राशि का सहयोग जिला प्रशासन से जल्द ही मिल जाएगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 मई को

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 मई को होना है। लोक अदालत के सफलता पूर्वक आयोजन के सम्बन्ध में प्रभारी सचिव पूर्ण कालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्यजीत पाठक की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक संपन्न हुई। इसमें अधिकारियों को सचिव ने निर्देशित करते हुए कहा कि लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण किया जाना है, जिसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान व अपर जिला पंचायत राज अधिकारी ने कहा कि वह अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित निस्तारण योग्य प्रकरणों को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराने का प्रयास करेंगे।

### डीएम की गठित टीम ने प्रोफेसर के जाति प्रमाण पत्र को सही पाया

**सोनभद्र।** रायपुर थाना क्षेत्र के वैनी निवासी डा. मनोज कुमार वर्मा के जाति प्रमाणपत्र को जिला प्रशासन ने जांचोपरांत सही पाया है। काशी हिंदु विश्व विद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डा. मनोज कुमार वर्मा के विरूद्ध उनके ही विश्व विद्यालय के कुछ लोगों ने जिलाधिकारी सोनभद्र से शिकायत किया था कि उन्होंने फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी प्राप्त किया है। बताया जाता है कि डा. वर्मा के साथ 28 जनवरी 2019 को डा. अरविंद कुमार जोशी एवं अनन्त नारायण मिश्रा ने मारपीट किया था। इस मामले में उन्होंने विपक्षियों के विरूद्ध लंका थाना वाराणसी में एसीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। चार्जशीट लगकर मामला न्यायालय में लंबित है तत्पश्चात विरोधियों द्वारा डा. मनोज कुमार वर्मा के जाति खरवार अनुसूचित जनजाति के प्रमाण पत्र की शिकायत जिलाधिकारी से किया था। इस मामले में डीएम द्वारा गठित जिला स्कूटनी कमेटी ने डा. मनोज द्वारा प्रस्तुत किए गए सारे तथ्यों की जांच के उपरांत सही पाया गया और निर्णय दिया कि इनके ऊपर जो भी आरोप लगाए गए है वह बेबुनियाद, तथ्यहीन है।

# बिच्छी नदी पर शुरू हुआ पुल का निर्माण

**खुशी**

## रंग लाई विधायक की पहल


पुल निर्माण का निरीक्षण करते विधायक

**म्योरपुर।** बिच्छी नदी पर पुल निर्माण को लेकर क्षेत्रीय विधायक रामदुलार गोंड़ द्वारा सदन में मामला उठाये जाने के बाद पुल का निर्माण शुरू कर दिया गया है। क्षेत्रीय विधायक रामदुलार गोंड़ ने शनिवार को पिंडारी गांव पहुंचकर पुल निर्माण कार्य को देखा तथा निर्माण कार्य करा रहे लोगों को आवश्यक निर्देश दिया। कहा कि पुल निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही नही बरती जानी चाहिए। पुल निर्माण मानक के अनुसार होना चाहिए। बिच्छी नदी पर पुल न होने की वजह से ग्रामीणों को बरसात के समय में बांस व बल्ली के सहारे अस्थायी पुल बनाकर यहां से गुजरना पड़ता था, लेकिन विधायक की पहल पर यहां पुल का निर्माण शुरू हो गया है। ऐसे में ग्रामीण पुल निर्माण को लेकर काफी उत्साहित हैं। पिंडारी ग्राम पंचायत 17 टोलों में बंटी है, यहां की आबादी लगभग 12 हजार है। गांव के बीच से बिच्छी नदी होकर गुजरती है, जो इसे दो भागों में बांटती है। एक तरफ 10 टोले तो दूसरी तरफ सात टोले स्थित हैं। एक दशक पहले तेज बारिश की वजह से बिच्छी नदी पर बना पुल बह गया था। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। ग्रामीणों को गांव के दूसरे हिस्से में पहुंचने के लिए 40 किलोमीटर की लंबी परिक्रमा करनी पड़ती थी। यहां पुल न होने की वजह से ग्रामीणों को बरसात के समय में लकड़ी और बांस का अस्थायी पुल बनाकर इससे काम चलाना पड़ता था। समस्याओं को देखते हुए दुद्धी विधायक ने विधान सभा में बीते माह आवाज उठाई थी कि पुल के न होने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक की पहल के बाद पुल का निर्माण शुरू कर दिया गया।

### अग्निशमन केंद्र का सीओ ने किया निरीक्षण

**घोरावल।** आगामी नगर निकाय चुनाव व गर्मी को देखते हुए क्षेत्र के ग्राम केवली स्थित अग्निशमन केंद्र का सीओ अमित कुमार ने शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि अग्निशमन केंद्र में एक फायर टैंकर है जिसकी क्षमता 2000 लीटर की है तथा उसमें 1000 फीट लंबा होज पाइप व डेढ़ सौ फीट लंबी होज रील है, जिसका उपयोग अग्निशमन हेतु किया जाता है। अग्निशमन वाहन में दो पांच 5 लीटर की क्षमता वाले फायर सिलेंडर रखे हैं तथा 20-20 लीटर के दो फोम ड्रम है जिनका उपयोग बिजली अथवा किसी रासायनिक पदार्थ से आग लगने पर किया जाता है। अग्निशमन कैंपस में एक बोरिंग की गई है, जिससे अग्निशमन हेतु जल संरक्षित किया जाता है। क्षेत्र में आगजनी की कोई घटना होने पर क्षेत्रवासियों द्वारा 112 नंबर अथवा 101 फायर सर्विस नंबर पर टोल फ्री सूचना देकर रिपोर्ट दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने आमजनों से अपील किया कि आगजनी की घटना होने पर तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को अवगत करायें।

# हत्या के दोषी कृष्णदेव राय को उम्रकैद

**सजा**

**साढ़े तीन वर्ष पूर्व पंकज किशोर दुबे हत्याकांड का मामला**

**25 हजार रुपए अर्थदंड**

**सोनभद्र।** साढ़े तीन वर्ष पूर्व हुए पंकज किशोर दुबे हत्याकांड के मामले में शनिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी कृष्णदेव राय को उम्रकैद व 25 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक झारखंड प्रांत के पलामू जिला अंतर्गत डाल्टेनगंज थाना क्षेत्र के चेयरमैन रोड हमीरगंज निवासी प्रशांत कुमार दुबे ने पिपरी थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उनके बड़े भाई पंकज कुमार दुबे वर्तमान में ओम लाइंस ट्रांसपोर्ट रेणुकूट में कार्य करते थे। वे शर्मा पेट्रोल पंप के सामने सियाराम सिंह के मकान में किराए पर रहते थे।

15 नवंबर 2019 को रात्रि 10 बजे मेरे बड़े भाई की संदिग्ध हाल में मौत हो गई। जिसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। इस तहरीर पर 16 नवंबर 2019 को अज्ञात में एफआईआर दर्ज किया गया।

मामले की विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में बिहार प्रांत के बक्सर जिला अंतर्गत राजपुर थाना क्षेत्र के डेहरी गांव निवासी कृष्णदेव राय पुत्र विंध्याचल राय के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी कृष्णदेव राय को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने बहस की।

### अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक की मौत, दूसरा जख्मी

**डाला।** हाथीनाला थाना क्षेत्र के हथवानी मोड़ के पास शुक्रवार की रात एक बाइक पर सवार दो युवक अनियंत्रित होकर रेणुकूट रोड पर गिर गए, जिसमें एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची हाथीनाला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी अस्पताल भेजवाते हुए घायल युवक को हिण्डालको अस्पताल में भर्ती कराया। हाथीनाला थाना प्रभारी श्याम बिहारी ने बताया कि एक मोटरसाइकिल से दो युवक डाला की तरफ से अपने घर बभनी जा रहे थे कि रेणुकूट रोड पर थाने से दो किमी आगे हथवानी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर गिर गए। सूचना पर मौके पर जाकर देखा तो 24 वर्षीय सोनू खान पुत्र हामिद रजा निवासी बरवा टोला, बभनी व घायल 25 वर्षीय जगनरायन पुत्र रामनरायन यादव बरवा टोला, बभनी सड़क पर पड़े हुए थे। बाइक चला रहा सोनू खान की मौके पर मौत हो गई थी व जगनरायन गंभीर रूप घायल था। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए हिण्डालको अस्पताल ले जाया गया। बताया कि घटना के सन्दर्भ में अभी तक कोई तहरीर नही मिली है, तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# संविधान बनाकर बाबा साहब ने शोषितों का संवारा जीवन : सुषमा मौर्य

**अवसर**

## जअपा ने मनायी अंबेडकर फुले, सम्राट अशोक की जयंती

जनसंदेश न्यूज


समारोह को संबोधित करती जअपा राष्ट्रीय महासचिव सुषमा मौर्य

**शक्तिनगर।** जन अधिकार पार्टी सिंगरौली जिलाध्यक्ष पिन्टू लाल कुशवाहा की अध्यक्षता में पार्टी के कार्यकताओं ने शनिवार को बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के साथ महात्मा ज्योतिबाराव फुले एवं महान सम्राट अशोक की जयंती सिंगरौली के नवानगर स्थित सामुदायिक भवन में धूमधाम से मनायी।

मुख्य अतिथि सुषमा मौर्य राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि बाबा साहब ने भगवान बुद्ध की विचारधारा एवं सम्राट अशोक के शासन काल पर आधारित संविधान भारतवासियों को सौंप शोषितों का जीवन संवारा। सम्राट अशोक महान कलिंग विजय प्राप्ति के बाद बौद्ध धम्म को स्वीकार कर अपने पुत्र एवं पुत्री को धम्म प्रचार-प्रसार के लिए श्रीलंका सहित दुनिया के तमाम देशों में भेजा व अपने शासन काल के दम पर प्रियदर्शी कहलाए व बौद्ध धम्म को पूरी दुनिया में स्थापित किया। कहा कि महात्मा ज्योतिबाराव फुले के अथक प्रयास से देश के सभी वर्गों की महिलाओं को शिक्षा का अधिकार प्राप्त हुआ, जिससे महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नही हैं। इस मौके पर डा. भागीरथी मौर्य, वाराणसी मण्डल प्रभारी सुमन्त सिंह मौर्य, सिंगरौली जिला प्रभारी अवनीश सिंह कुशवाहा, लालबाबू कुशवाहा, रितेश गुप्ता, पंकज कुशवाहा, नन्दू सिंह, रामकेश्वर कुशवाहा समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन रामकेश्वर कुशवाहा ने किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत करौदिया**
**विकास खण्ड चतरा जनपद सोनभद्र**

पत्रांक-मेमो/नि0सू0/2023-24 दिनांक 15.04.2023

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत करौदिया में वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत मनरेगा, पंचम राज्य वित्त 15वां वित्त योजना, स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सामग्री मोरम, भस्सी, सीमेन्ट, ईट, इण्टरलाकिंग ईट, कोटा स्टोन, टाईल्स, सरिया, बोल्डर, स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, बालू, लोहे का दरवाजा, रंगाई-पोताई इत्यादि सामग्री की आपूर्ति की आवश्यकता है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत करौदिया के ग्राम सचिवालय से दिनांक 17.04.2023 से 19.04.2023 तक फार्म 500 रू0 जमा कर प्राप्त करें। दिनांक 20.04.2023 को दोपहर 12 बजे तक जमा कर सकते हैं। दिनांक 21.04.2023 सायं 4:30 तक निविदा खोला जायेगा। अन्य शर्तें फार्म के साथ संलग्न है।

कार्यालय ग्राम पंचायत करौदिया
विकास खण्ड चतरा,
जनपद-सोनभद्र

**कार्यालय ग्राम पंचायत पटना**
**विकास खण्ड चतरा जनपद सोनभद्र**

पत्रांक-मेमो/नि0सू0/2023-24 दिनांक 15.04.2023

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत पटना में वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत मनरेगा, पंचम राज्य वित्त 15वां वित्त योजना, स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सामग्री मोरम, भस्सी, सीमेन्ट, ईट, इण्टरलाकिंग ईट, कोटा स्टोन, टाईल्स, सरिया, बोल्डर, स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, बालू, लोहे का दरवाजा, रंगाई-पोताई इत्यादि सामग्री की आपूर्ति की आवश्यकता है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत पटना के ग्राम सचिवालय से दिनांक 17.04.2023 से 19.04.2023 तक फार्म 500 रू0 जमा कर प्राप्त करें। दिनांक 20.04.2023 को दोपहर 12 बजे तक जमा कर सकते हैं। दिनांक 21.04.2023 सायं 4:30 तक निविदा खोला जायेगा। अन्य शर्तें फार्म के साथ संलग्न है।

कार्यालय ग्राम पंचायत पटना
विकास खण्ड चतरा,
जनपद-सोनभद्र

# चंदौली से सुदर्शन व सैयदराजा से रूबी व श्वेता ने किया नामांकन


निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करते सुदर्शन सिंह।


सैयदराजा नगर पंचायत के वार्ड सभासद का नामांकन कर बाहर आते प्रत्याशी।


नामांकन करते चंदौली नगर पंचायत के सभासद प्रत्याशी।


सैयदराजा से सभासद प्रत्याशी बबिता।

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** नगर निकाय चुनाव के नामांकन का अंतिम दौर चल रहा है। मुख्यालय सदर तहसील परिसर में बनाए गए सैयदराजा और चंदौली के लिए नामांकन केन्द्र में शनिवार को काफी गहमागहमी आगामी के बीच प्रत्याशियों में प्रस्तावक संग अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

जहां से सैयदराजा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्दल प्रत्याशी के रूप में रूबी और श्वेता गुप्ता ने नामांकन किया। इसके अलावा सभासद पद के लिए 26 लोगों ने नामांकन किया। चंदौली नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय उम्मीदवार सुदर्शन सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया वही 9 लोगों ने सभासद का परिचय निर्दलीय के रूप में दाखिल किया।

नगर निकाय चुनाव को लेकर इन दिनों काफी उत्साह देखने को लोगों में मिल रहा है। मुख्यालय स्थित सदर तहसील सभागार में सैयदराजा व चंदौली अध्यक्ष व सभासद के लिए नामांकन का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में पांचवे दिन शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्दल के रूप में सुदर्शन सिंह ने नामांकन कक्ष में पहुंचकर आरओ दिग्विजय प्रताप सिंह के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वही सभासद के लिए 9 निर्दल प्रत्याशियों ने अपनी उम्मीदवारी की। जिसमें वार्ड नंबर-12 लोहिया नगर से पूर्व सभासद संजय अग्रहरि की पत्नी बबिता ने नामांकन किया। वहीं सैयदराजा से ही अफरोज हाशमी ने ही बतौर सभासद प्रत्याशी अपना नामांकन किया। नगर पंचायत सैयदराजा अध्यक्ष पद के लिए निर्दल उम्मीदवार के रूप में रूबी व सबीना बेगम ने निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार पांडेय के समक्ष नामांकन दाखिल किया। 26 उम्मीदवारों में निर्दल के रूप में सभासद के लिए नामांकन किया। इसे लेकर सुबह से ही गहमा गहमी का माहौल रहा।

### अध्यक्ष पद के लिए तीन ने लिया नामांकन पत्र

**चंदौली।** नगर पंचायत चंदौली व सैयदराजा के अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवारी करने वाले भावी प्रत्याशियों ने पांचवें दिन भी नामांकन पत्र की खरीदारी शनिवार को की। नगर पंचायत चंदौली अध्यक्ष पद के लिए मनोज सिंह, प्रमोद गुप्ता और विवेक सिंह ने नामांकन पत्र खरीदा। वहीं सैयदराजा सभासद के एक निर्दलीय नामांकन खरीदा है।

## 16 दिन की बच्ची संग महिला उम्मीदवार ने किया नामांकन

**चंदौली।** नगर निकायों में चुनावी बिगुल बज चुका है। राज्य निर्वाचन आयोग की समय-सारणी के मुताबिक इस वक्त नामांकन की प्रक्रिया गतिमान है। शनिवार को नामांकन की कड़ी में सैयदराजा की निर्दल उम्मीदवार रूबी अपने 16 दिन के नवजात बच्चे व परिजनों के साथ पहुंची। चुनाव को लेकर विवाहिता के उत्साह की चचाएं नामांकन स्थल पर रही। रूबी ने बताया कि बीते 28 मार्च को उन्होंने बच्ची को जन्म दिया था। नगर निकायों में आरक्षण का निर्धारण हुआ तो सैयदराजा की सीट पिछड़ी जाति के महिला के लिए आरक्षित कर दी गयी। ऐसे में रूबी चेयरमैन पद के उम्मीदवार के रूप में शनिवार को चंदौली कचहरी पहुंची और निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन किया। उन्होंने महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण की दिशा में काम करने की बात कही।


16 दिन की बच्ची के साथ नामांकन करने पहुंची उम्मीदवार रूबी।

## संक्षेप

### राजस्व वसूली कम होने पर एमडी ने जतायी नाराजगी

**सकलडीहा।** प्रबंध निदेशक पूर्वांचल डेस्कॉम शंभू कुमार शनिवार को सकलडीहा विद्युत वितरण उपखंड तृतीय का निरीक्षण किया। इस दौरान राजस्व वसूली कम होने सहित अन्य समस्याओं का समाधान नही होने पर नाराजगी जताया। अंत में अधिकारियों को राजस्व वसूली और नेवर पेड कराने का निर्देश दिया। एमडी के तेवर देख अधिकारियों में खलबली मचा रहा। बिजली विभाग की लाख कवायद के बाद भी सकलडीहा विद्युत वितरण उपखंड तृतीय में राजस्व की वसूली बढ़ नही रहा है। डिविजन के अधिकारियों की क्रिया कलाप को लेकर उच्चाधिकारियों में नाराजगी है। शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजना के बाद भी राजस्व की वसूली कम होने पर एमडी शंभू कुमार ने नाराजगी जताते हुए वसूली बढ़ाने का सख्त निर्देश दिया। चेताया कि किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगा। इसके पूर्व क्षेत्र के विद्युत उपकेन्द्र, जर्जर तार व खंभा सहित सब स्टेशनों के बारे में जानकारी लिया। अंत में कर्मचारियों के साथ मीटर रिडिंग और उपभोक्ताओं के साथ बेहतर सामांज्स बनाने का निर्देश दिया। इस मौके पर चीफ अभियंता अनुप कुमार वर्मा, अधीक्षण अभियंता विजय राज सिंह, अधीशासी अभियंता राजन कुमार, एसडीओ संजय कुमार, अवर अभियंता मनीष, अरविंद कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### दस किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**डीडीयू नगर।** राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल ने संयुक्त रूप से जांच अभियान के दौरान शनिवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 7/8 के पश्चिमी छोर पर स्टाल नं0 4 के पास से एक तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से 10 किलो ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की। जीआरपी प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रेलवे स्टेशन, सकुर्लेटिंग एरिया एवं ट्रेनो में अवैध तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को संयुक्त पुलिस टीम के रेलवे स्टेशन डीडीयू के पीएफ नंबर 7/8 पर चेकिंग की। इसी बीच पश्चिमी छोर पर रेखा इंटरप्राइजेज स्टाल नं0 4 के पास बने सीमेंटेड बेंच से कुछ दूरी के पास से एक अवैध गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया गया।जिसके कब्जे से कुल 10 किलो ग्राम गांजा बरामद हुआ।

### विनोद मिश्रा ने कंदवा थाने की संभाली जिम्मेदारी

**कंदवा।** अपराध पर नियंत्रण करना प्राथमिकता होगी। बिहार सीमा पर सुरक्षा सहित रात्रि गश्त कर अपराधियों पर नकेल का प्रयास रहेगा।यह बातें नवागत थाना प्रभारी कंदवा बिनोद मिश्रा ने शनिवार को अनौपचारिक बात करते हुए पत्र प्रतिनिधियों से कहा। कंदवा थाना प्रभारी रहे शैलेन्द्र प्रताप सिंह के स्थानांतरण के बाद कंदवा थाना का पदभार ग्रहण करने के बाद बिनोद मिश्रा ने कहा कि थाना क्षेत्र मे अपराध पर नियंत्रण अपराधियों पर नकेल कसने सहित आमजन की सुरक्षा, संरक्षा के लिए पुलिस कटिबद्ध है। कहा कि चोरी की वारदातें न घटित हो इसके लिए रात्रि मे पुलिस गश्त तेज कर दी गई है। बिहार सीमा से लगे क्षेत्रों पर पैनी नजर रखी जा रही है। रात्रि में संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी सहित गतिविधियों पर पुलिस की नजर है। पूर्व में सकलडीहा कोतवाली सहित अन्य जगह का प्रभार, उत्तरदायित्व निभा चुके बिनोद मिश्रा अपराध को लेकर गंभीर है। कहा कि चोरी पर नियंत्रण प्राथमिकता होगी।

### फगुईया में सड़क पर गड्ढा दुर्घटना को दे रहा दावत

**सकलडीहा।** चंदौली से सकलडीहा-सैदपुर मार्ग का निर्माण कार्य कच्छप गति से चल रहा है। इस कारण फगुईया गांव के समीप सड़क गड्ढे में तब्दील हो गयी है। जो दुर्घटना को दावत दे रही है। ग्रामीणों ने सड़क पर गड्ढा पाटने की मांग किया है। विदित हो कि चंदौली से सकलडीहा मार्ग पर फगुईया गांव के समीप सड़क के बीचों बीच गड्ढा आये दिन दुघर्टना को दावत दे रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क के किनारे पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने पर सड़क पर जलभराव के कारण सड़क के बीचों बीच गड्ढा में तब्दील होगया है। जिससे आये दिन सुबह से शाम वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे है। यही नहीं अंधेरे में बड़ी वाहनों के फस जाने से जाम की स्थिति हो जा रही है। ग्रामीणों ने समस्या से निजात दिलाने की मांग किया है।

### चंदौली से प्रयागराज रोडवेज बस चलाने की मांग

**चंदौली।** सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री अनिल कुमार सिंह के अध्यक्षता में शनिवार को प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिला। मांग किया गया कि जो रोडवेज बस चंदौली से प्रयागराज चलती थी वह विगत कई वर्षों से नहीं चल रही है जिसको पुनः चलाया जाए। साथ ही चकबंदी आफिस में वाटरकूलर लगाए जाने व पुराने वाटर कूलर को मरम्मत किये जाने की आवश्यकता जताई। इसके साथ ही एसीओ मुगलसराय को चंदौली में बैठने हेतु आफिस दिए जाने व बंदोबस्त अधिकारी चंदौली के न होने के कारण उनके स्थान पर न्यायिक एसडीएम को कार्यभार ग्रहण कराने की मांग भी की गई। डीएम ने इस दौरान ध्यान से प्रतिनिधि मंडल को सुना व जल्द से जल्द सभी कार्यों को पूरा करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह, कमलेश पाण्डेय, संजीव श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### पलटने के बाद धू-धूकर जल उठा ट्रैक्टर-ट्राली

**नौगढ़।** थाना क्षेत्र के नौगढ़-चकिया मार्ग पर शनिवार को दोपहर में लेड़हा मोड़ से आगे लोलरचुआं के समीप ढलान उतरते समय अनियंत्रित हुई टैज्क्टर पलट गयी। जिसमें अचानक आग लग जाने के कारण टैज्क्टर धू-धू कर जलने लगा। जिसे देख चालक मौके पर से भाग निकला। घटना की जानकारी होने पर तत्काल मौके पर पहुंचे तहसीलदार सुरेश चन्द्र थानाध्यक्ष अतुल प्रजापति ने वैकल्पिक संसाधनों से आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। बिजली का खंभा को टैज्क्टर पर लादकर कहा जा रहा था तथा टैज्क्टर किसकी है। इस बारे में पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी है।

### महापुरूषों का आदर्श जीवन के लिये प्रेरणास्त्रोतः न्यायाधीश

**सकलडीहा।** भोजापुर स्थित बृजनंदनी स्कूल में शनिवार को टॉपर छात्र छात्राओं व अभिभावकों का सम्मान समारोह किया गया। बतौर मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश शुल्क मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस दौरान विद्यालय के टॉपर छात्र छात्राओं को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि महापुरूषों व आदर्श व व्यक्तित्व से जीवन में कुछ सीखने को मिलता है। महापुरूष किसी जाति विशेष के लिये काम नही करते थे। बल्कि समाज को नई दिशा देने का काम करते है। उनका विचार जीवन के लिये प्रेरणास्त्रोत है। इस मौके पर प्रधानाचार्य डा.आशुतोष त्रिपाठी, निदेशक अखिलेख अग्रहरी, अविनाश मिश्रा, चंदन पांडेय, विनोद, राजीव, मंजु, शदा, राधिका, ऋद्धिमा आदि मौजूद रहे।

## उपजा के सदर तहसील अध्यक्ष बने आरिफ हाशमी, हर्ष


उपजा सदर तहसील अध्यक्ष आरिफ हाशमी को मनोनयन पत्र देते चुनाव अधिकारी।

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश जर्लिस्टस एसोसिएशन सदर तहसील इकाई की बैठक शनिवार को मुख्यालय स्थित कैंप कार्यालय में हुई। इसमें संगठन सहित तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही चुनाव अधिकारी अरविंद पटवा की मौजूदगी में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन कराया। इस दौरान चुनाव अधिकारी अरविंद पटवा ने सदस्यों की राय पर उपजा सदर तहसील अध्यक्ष के लिए आरिफ हासमी के नाम की घोषणा की। साथ ही महामंत्री के लिए मयंक कुमार सिंह को मनोनित किया गया। इसके बाद सदस्यों ने माल्यार्पण कर अध्यक्ष व महामंत्री का स्वागत किया। वही अध्यक्ष ने कहा कि जो मुझे जिम्मेदारी मिली है उसका निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूरी तरह से निर्वहन करूंगा। पत्रकार हित में संगठन सदैव तत्पर रहेगा। साथ ही मुख्यालय पर पुस्तकालय की स्थापना के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण मांगों को शासन-प्रशासन के संज्ञान में लाकर उसे पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान कमलेश गिरी, मनोज सिंह यादव, शमशाद अंसारी, राकेश चंद्र यादव, बाबर अली, मुनमुन सिंह, रविकांत सिंह, बिट्टू सिंह आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने मारपीट के आरोपी को भेजा जेल

**कंदवा।** कंदवा पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर दरौली निवासी विजयी यादव को तेल्हरा गांव के समीप गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त ने न्यायालय से जमानत पर छूटने के बाद विपक्षी को सुलह कराने के लिए धमकी दिया था। आरोप है कि न्यायालय के जमानत पर मारपीट का आरोपी घर आया था। वहीं आरोपी विपक्षी गीता देवी को सुलह न करने पर गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी दिया जा रहा था। शिकायत पर कन्दवा थानाध्यक्ष बिनोद कुमार मिश्रा के निर्देश पर उपनिरीक्षक अमित कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार, श्यामसुंदर ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को तेल्हरा गांव के समीप गिरप्तार कर जेल भेज दिया। इस सम्बंध में कन्दवा थानाध्यक्ष बिनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि मारपीट के आरोपी को जेल भेज दिया गया था। जबकि न्यायालय से जमानत पर छूटने के बाद विपक्षी पर सुलह करने का दबाव बनाने के लिए गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी दिया जा रहा था।आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## अजय राय बने उपजा तहसील इकाई के अध्यक्ष


डीडीयू नगर में उपजा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी संग पत्रकार।

**डीडीयू नगर।** यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन तहसील इकाई पीडीडीयू नगर का चुनाव आज शनिवार को चुनाव अधिकारी सरदार महेंद्र सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। जिसमें संगठन के सदस्यों ने सर्वसम्मति से अजय राय को अध्यक्ष और राकेश बाबू शर्मा को महामंत्री घोषित किया गया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय राय से संगठन को मजबूत करने व पत्रकार हित में कार्य करने के साथ ही हर महीने बैठक कराने का अनुरोध किया। इस बाबत अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पत्रकार हित के लिए जो भी कार्य होंगे संगठन हर समय तैयार रहेंगा। इस दौरान चुनाव अधिकारी सरदार महेंद्र सिंह ने कहा कि यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन एक ऐसा संगठन है जो पत्रकार हित के लिए प्रदेश से लेकर केंद्र तक की लड़ाई लड़ने के लिए तत्पर रहता है। इस दौरान अशोक जयसवाल, अनूप कर्णवाल, मनोहर गुप्ता, कमलजीत सिंह, घनश्याम पांडे, समर बहादुर, मृत्युंजय तिवारी, अजय राय, संदीप कुमार, अंकित गुप्ता, राजेंद्र प्रकाश, रंधा सिंह चौहान, अजीत यादव उपस्थित रहे।

## आश्वासन पर सलेमपुर में 24 वें दिन धरना समाप्त


सलेमपुर में धरना के दौरान एसडीएम मनोज पाठक को पत्रक देते ग्रामीण

**सकलडीहा।** भाकपा माले इंकलाबी नौजवान सभा की ओर से सलेमपुर गांव में विभिन्न सात सूत्री मांगों को लेकर चल रहे धरना शनिवार को एसडीएम मनोज पाठक के आश्वासन पर समाप्त कर दिया गया। एसडीएम ने समस्त समस्याओं का समाधान कराने का भरोशा दिया। ग्रामीणों ने चेताया कि 27 अप्रैल से पूर्व समस्या का समाधान नही होने पर ब्लॉक का घेराव किया जायेगा। पूर्व में तहसीलदार विकासधर दूबे कुछ समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया था। मगर ग्रामीण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अड़े रहे। अंत में एसडीएम मनोज पाठक ने समस्याओं का समाधान कराने का भरोशा देकर धरना समाप्त कराया। इस मौके कामरेड रमेश राय, शशीकांत सिंह, उमानाथ चौहान, जीऊत विश्वकर्मा, दरोगा चौहान,राजू चौहान, शिवपूजन चौहान, चिखुरी चौहान, रामजीत चौहान, मदन चौहान, काजल चौहान,चंपा देवी, दुलारे गोंड, चंद्रावती देवी, गुड्डी देवी, नगीना देवी, कलावती देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता कामरेड मुनीलाल संचालन कामरेड तूफानी गोंड ने किया।

### पीसीएस में चयनित प्रतिभाओं को मिला सम्मान

**कंदवा।** विकास खण्ड के गोरखा हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार को रामधारी सिंह दिनकर सेवा समिति द्वारा कलम के सिपाहियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पीसीएस में चयनित चन्द्रप्रकाश गौतम, दुर्गेश दीप, अमन कुमार सिंह व सेवानिवृत शिक्षक अनिल सिंह, रामकिशुन जायसवाल आदि को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह एंव अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि डा.हरेन्द्र राय ने कहा कि पीसीएस में चयनित होकर चन्द्र प्रकाश गौतम, दुर्गेश दीप, अमन कुमार सिंह ने पूरे जनपद का मान बढ़ाया है। नरवन के लाल ने आज यह साबित कर दिया है कि गांव में भी शिक्षा ग्रहण कर ऊंचे ओहदे पर पहुंचा जा सकता है। रामधारी सिंह दिनकर सेवा समिती के सचिव व जिला पंचायत सदस्य मृत्युंजय सिंह दीप्पू ने कहा कि हमारे क्षेत्र के युवाओ को आगे बढ़ने की प्रेरणा और इनको उर्जा मिलेगी। इस दौरान बृजेश सिंह, योगेन्द्र सिंह, राहुल सिंह, रघुराज प्रताप सिंह, यशवर्धन सिंह, अनिल सिंह, रामकिशुन जायसवाल, सुनील सिंह, महेन्द्र सिंह आदि लोग रहे। अध्यक्षता गिरधारी राजभर व संचालन भूपेंद्र सिंह ने किया।

## ग्रामीणों ने रास्ते के लिए डीआरएम से लगाई गुहार

जनसंदेश न्यूज

**डीडीयू नगर।** स्थानीय रेलवे के लोको कॉलोनी से तारनपुर जाने वाले मार्ग की बाउंड्रीवाल की जा रही है, जिससे रेलवे की जमीन से होकर तारनपुर जाना मुश्किल होगा। रास्ता बंद होता देखकर गांव के लोग परेशान हो गए हैं। शनिवार को गांव के लोगों ने धूप में खड़े होकर डीआरएम से गुहा लगाई। कहा कि गांव से बाहर निकलने का रास्ता मत रोकिए। ग्रामीणों ने इसके पहले डीएम, डीआरएम और चंदौली सांसद विधायक को ज्ञापन सौंप कर रास्ता देने की मांग की। रेलवे कॉलोनियों से सटे ग्रामीण इलाके है। ऐसे में अक्सर ही ग्रामीण इलाके के लोग रेलवे के रास्ते से ही गांव में आवागमन करते हैं।

अब रेलवे अपनी जमीन पर बाउंड्री करा रहा है। जिससे ग्रामीण इलाकों के आवागमन की बड़ी समस्या सामने आ गई है। लोको कॉलोनी से तारनपुरपुर गांव सटा हुआ है। तारनपुर से सटा हुआ ही अमोघपुर गांव भी है लेकिन तारनपुर से अमोघपुर जाने का मुख्य मार्ग के बजाए तीन चार फुट की गलियां हैं। ऐसे में गांव के लोग लोको कॉलोनी से होकर ही आवागमन करते हैं। कुछ दिनों से रेलवे लोको फील्ड से दैत्रावीर बाबा तक बाउंड्री का निर्माण करा रहा है।

इससे गांव के लोगों को बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। कार्य करा रहे लोग एक दो स्थानों पर तीन फुट का रास्ता छोड़ रहे हैं। इससे गांव के लोग पैदल तो निकल सकते हैं लेकिन वाहन आदि नहीं निकलेंगे। इससे गांव के लोग परेशान हैं। बाउंड्री बनने से बड़ी परेशानी होगी। ग्रामीणों ने सुविधा के लिए दस फीट स्थान छोड़ कर बाउंड्रीवाल बनाने की मांग की है। ताकि गांव के लोग आवागमन कर सकें। प्रार्थना करने वालों में प्रधान गीता देवी, कांतिदेवी, उमरावती, लक्ष्मीना, बेबी देवी, लल्ला देवी, राधा देवी, आशा देवी, रामादेवी, लीलावती, सुनीता, मंजू, पूनम, राधिका, तारा, अशोक गुप्ता, रोहित, राजकुमार, लाल बहादुर आदि काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।


डीआरएम से हाथ जोड़कर गुहार लगाते तारनपुर के ग्रामीण।

### सोनाइत गांव में कुएं में गिरने से युवक की मौत

**नौगढ़।** थाना क्षेत्र के सोनाइत गांव में शुक्रवार की रात कुआं में गिरने से फूलचंद 45 वर्ष निवासी ग्राम गंगापुर थाना चकरघट्टा की मौत हो गई। सूचना पर शनिवार को मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। बताया जाता है कि आगामी 15 मई को मृतक के पुत्र भगवानदास की शादी का आयोजन है। जिसके लिए शुक्रवार को सायंकाल फूलचंद अपने साढ़ू बबुंदर कोल निवासी चुप्पेपुर के यहां शादी का निमंत्रण कार्ड देने के लिए गया हुआ था। जहां पर आवभगत होने के बाद रात्रि में वह समीपवर्ती गांव सोनाइत मे किसी कार्य से चला गया। वापस आते समय रात्रि करीब 9 बजे बस्ती के किनारे मौजूद कुआं मे गिर पड़ा। शनिवार को सुबह कुआं मे उतराया हुआ शव देख ग्रामीणों ने पुलिस को फोन पर सूचना दिया। थानाध्यक्ष अतुल प्रजापति ने बताया कि जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। घटना की खबर मिलते ही मृतक की पत्नी इन्द्रावती व पुत्र पुत्रियों एवं सगे संबन्धियों का रो रोकर काफी बुरा हाल है।

## सामाजिक सद्भावना के शिल्पकार थे बाबा साहेबः सूर्यमुनि तिवारी


गौरी गांव में बाबा साहब को श्रद्धांजलि देते सूर्यमुनि तिवारी।

**बबुरी।** क्षेत्र के गौरी में शुक्रवार देर रात्रि भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी के नेतृत्व में संविधान निमार्ता डा.भीम राव अम्बेडकर की 132वीं जयंती बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया। भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित किया व केक काट कर हर्षोल्लास पूर्वक जन्मदिन मनाया। इस दौरान भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अम्बेडकर सामाजिक सद्भावना के शिल्पकार थे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बाबा साहेब के मार्ग पर चलकर सामाजिक न्याय, आर्थिक सुदृढ़ीकरण व अंत्योदय से सबका विकास सुनिश्चित कर रही है। आज भारत जो तीव्र गति से आगे बढ़ा है, इसमें उनका बहुत बड़ा योगदान है। जिन्होंने सारे समाज को एकत्र करके एक साथ आगे बढ़ाने में, संवैधानिक ढांचे में उसकी व्यवस्था की थी। आंबेडकर जी को अगर सच्चे मायने में याद करना हो तो उनके बताए हुए रास्ते पर चलना होगा। ये सब हम लोगों की जिम्मेदारी है और भाजपा उनकी नीतियों पर चलते हुए आगे बढ़ रही है। इस मौके पर डा.फूलचंद राम, बलिराज , सुशील कुमार, नरेश सते, निरंजन सते, प्रदीप , अजय कुमार, राजा कुमार, दिनेश कुमार, राजकुमार , टिंकू कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अनुपालन करेंः एडीएम

**चंदौली।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान नगरीय निकाय चुनाव से संबंधित राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, नामांकन कार्यक्रम, नाम वापसी, प्रतीक आवंटन, मतदान तिथि, मतगणना आदि समस्त कार्यक्रम के विषय में पार्टी प्रतिनिधियों को बताया गया।

इस दौरान राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार आदर्श आचार संहिता के अक्षरश अनुपालन किये जाने के निर्देश दिये गये। निर्देशित किया गया कि चुनाव प्रचार सामग्री, वाहनों के प्रयोग आदि के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुसार सक्षम स्तर से अनुमति अवश्य प्राप्त करेंगे। सभी राजनैतिक दल व उम्मीदवारों को इस दौरान सामान्य आदर्श आचार संहिता का पालन, चुनाव प्रचार, पार्टी प्रतिनिधियों द्वारा अपेक्षित आचार व्यवहार आदि के संबंध में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। बताया कि सभाएं व जुलूस के लिए जिला प्रशासन से पूर्व अनुमति अवश्य प्राप्त कर लिया जाय। चुनाव प्रचार हेतु लाउडस्पीकर एवं साउंड बॉक्स का प्रयोग पूर्व अनुमति लेकर ही करेंगे और इनका प्रयोग रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। समस्त पार्टी प्रतिनिधि व उम्मीदवार द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी प्रतिबद्धता के साथ अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। यदि कहीं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला पाया जायेगा तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सुखराम भारती, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, भाजपा, बसपा, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय लोक दल आदि उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट में राजनीतिक दलों संग बैठक करते एडीएम उमेश मिश्रा।

# स्पोर्ट्स

## 'हमें काफी कुछ सीखने को मिला जिस पर हम आत्ममंथन करेंगे', केकेआर के कप्तान नितीश राणा ने दी प्रतिक्रिया

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाज भले ही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नाकाम रहे हों लेकिन कप्तान नितीश राणा का कहना है कि आने वाले मैचों में यही गेंदबाज उन्हें जीत दिलाएंगे। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक के 55 गेंद में नाबाद 100 रन की मदद से सनराइजर्स ने चार विकेट पर 228 रन बनाये जो आईपीएल में उनका दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। जवाब में केकेआर लक्ष्य से 23 रन पीछे रह गई। राणा ने मैच के बाद कहा, मुझे पता है कि यही गेंदबाज आने वाले मैचों में अच्छा प्रदर्शन करके जीत दिलाएंगे। हम एक गेंदबाजी ईकाई के रूप में इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा , ब्रूक के लिये हमने रणनीति बनाई थी । हम उस पर 60 से 70 प्रतिशत ही अमल कर सके जिसका श्रेय बल्लेबाज को जाता है । लेकिन हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। लेग स्पिनर सुयश शर्मा और वरूण चक्रवर्ती ने मिलकर 85 रन दे डाले।



# मुंबई इंडियंस और केकेआर के बीच भिड़ंत आज, जीतने के लिए होगी रोमांचक जंग

## रोहित शर्मा की टीम के लिये सबसे बड़ी चुनौती केकेआर के आक्रामक बल्लेबाजों को रोकने की होगी

**मुंबई।** पूर्व चैम्पियन मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स रविवार को जब आमने सामने होंगे तो दोनों का लक्ष्य अपने अभियान को ढर्रे पर लाने का होगा और रोहित शर्मा की टीम के लिये सबसे बड़ी चुनौती केकेआर के आक्रामक बल्लेबाजों को रोकने की होगी।




मुंबई इंडियंस ने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर हार का सिलसिला तोड़ा जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स को ईडन गार्डंस पर विशाल स्कोर वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया। पिछला मैच जीतने के बावजूद आईपीएल की सबसे कामयाब टीम मुंबई वानखेड़े स्टेडियम पर काफी दबाव में रहेगी । इस सत्र में अभी तक रोहित शर्मा की टीम अपने चिर परिचित अंदाज में नहीं दिखी है। दो जीत और दो हार के बाद केकेआर अंकतालिका में चौथे स्थान पर है और मुंबई की तुलना में उसका रनरेट बहुत अच्छा है। मुंबई के लिए रोहित ने दिल्ली के खिलाफ 65 रन बनाये लेकिन उन्हें लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा ।

वहीं सूर्यकुमार यादव का खराब फॉर्म लंबा होता जा रहा है। मुंबई को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की कमी खलेगी जो पहला मैच खेलने के बाद फिर कोहनी की समस्या का शिकार हो गए हैं । ऐसे में तेज गेंदबाजी का जिम्मा जासन बेहरेनडोर्फ और रिले मेरेडिथ पर होगा जबकि पीयूष चावला पिछले मैच में तीन विकेट लेने के बाद उस फॉर्म को दोहराना चाहेंगे । मुंबई को युवा ब्रिगेड टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, तिलक वर्मा और ईशान किशन से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

केकेआर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ चमत्कारिक जीत दर्ज की और सनराइजर्स के खिलाफ आखिरी गेंद तक किला लड़ाया। टाइटंस के खिलाफ आखिरी ओवर में पांच छक्के लगाने वाले रिंकू सिंह ने पिछले मैच में 58 रन बनाकर विरोधी टीमों की नींदे उड़ा दी है। उनके अलावा कप्तान नितिश राणा, वेंकटेश अय्यर, रहमानुल्लाह गुरबाज और शार्दुल ठाकुर ने भी रन बनाये हैं । केकेआर के लिये चिंता का सबब आंद्रे रसेल का खराब फॉर्म है। वह सनराइजर्स के खिलाफ चार ओवर भी पूरे नहीं कर सके और चोटिल हो गए लेकिन उन्होंने तीन विकेट लिए।

***टीमें :***

कोलकाता नाइट राइडर्सः नीतीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय, रिंकू सिंह, एन. जगदीसन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड वीज, कुलवंत खेजरोलिया, लिटन दास और मनदीप सिंह।

मुंबई इंडियंस : रोहित शर्मा (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, टिम डेविड, डेवाल्ड ब्रेविस , तिलक वर्मा, ईशान किशन, ट्रिस्टन स्टब्स, विष्णु विनोद, कैमरून ग्रीन, अर्जुन तेंदुलकर, रमनदीप सिंह, शम्स मुलानी, रिले मेरेडिथ, नेहाल वढेरा, रितिक शोकीन, अर्शद खान, डुआन जेनसन, पीयूष चावला, कुमार कार्तिकेय, राघव गोयल, जोफ्रा आर्चर, जैसन बेहरेनडोर्फ, आकाश मढवाल । मैच का समय : दोपहर 3.30 से ।

## डब्ल्यूपीएल 2024 की तैयारी शुरू, दिवाली के आसपास हो सकता है टूनार्मेंट का आगाज

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को अगले साल दिवाली के आसपास आयोजित करने पर विचार कर रहा है। डब्ल्यूपीएल का आयोजन त्योहारों के समय करने से यह टूनार्मेंट भारतीय पुरुष टीम के अंतरराष्ट्रीय मैचों से टकरा सकता है,




लेकिन बीसीसीआई का मुख्य लक्ष्य डब्ल्यूपीएल और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बीच फासला रखना है। इस साल 26 मार्च को डब्ल्यूपीएल समाप्त होने के महज पांच दिन बाद 31 मार्च को आईपीएल की शुरूआत हो गयी थी। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई आईपीएल की तरह डब्ल्यूपीएल में भी 'होम एंड अवे' प्रारूप की शुरूआत करेगा जिसके अनुसार टीमें अपने आधे लीग मैच घरेलू मैदान पर और बाकी लीग मैच विपक्षी टीम के शहर में खेलेंगी। क्रिकबज ने जय शाह के हवाले से शुक्रवार को कहा, हम डब्ल्यूपीएल को होम एंड अवे प्रारूप में दिवाली के आसपास आयोजित करने की संभावना पर विचार कर रहे हैं। साल में दो (डब्ल्यूपीएल) सीजन नहीं होंगे, सिर्फ एक ही सीजन अलग समय पर होगा।₹ शाह ने कहा, ₹महिला क्रिकेट के पास अब एक समर्पित दर्शक आधार है। यह संख्या भविष्य में बढ़ती रहेगी क्योंकि हम अगले डब्ल्यूपीएल में ज्यादा से ज्यादा उत्साहजनक दर्शकों के आने की उम्मीद कर रहे हैं। शाह ने ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बार्क) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि डब्ल्यूपीएल का पहला संस्करण पांच करोड़ से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचने में सफल रहा था। उन्होंने बताया कि मुंबई इंडियन्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच मुकाबला सबसे ज्यादा लोगों ने देखा था।

# पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को 88 रनों से हराया, बाबर आजम ने की धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी

## बतौर कप्तान धोनी ने टी-20 इंटरनेशनल में 41 मैच जीते थे

**लाहौर।** पाकिस्तान ने अपने कप्तान बाबर आजम के 100वें टी20 मैच का जश्न पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में (लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए) न्यूजीलैंड को 88 रनों से हराकर मनाया। इस जीत के साथ ही कप्तान बाबर आजम ने पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी के एक बड़े रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। बतौर कप्तान धोनी ने टी-20 इंटरनेशनल में 41 मैच जीते थे। वहीं, अब बाबर ने भी पाकिस्तान को अपनी कप्तानी में 41 मैच जीता दिए हैं। अब बाबर के पास बतौर कप्तान टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा मैच जीतने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का मौका है।



तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 18 रन देकर चार विकेट लिए। न्यूजीलैंड की टीम चार ओवर बाकी रहते 94 रन पर ही आउट हो गई। उसने आखिरी पांच विकेट छह रन के भीतर गंवा दिये । इससे पहले पाकिस्तान ने 182 रन बनाये। युवा बल्लेबाज साइम अयूब और फखर जमां दोनों ने 47 रन की पारी खेली।

अफगानिस्तान से श्रृंखला 1 . 2 से हारने के बाद पाकिस्तान ने इस श्रृंखला में अपनी पूरी मजबूत टीम उतारी है।वहीं न्यूजीलैंड की टीम में उसके आठ प्रमुख खिलाड़ी नहीं हैं जो भारत में आईपीएल खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड इस दौरे पर पांच टी20 और पांच वनडे खेलेगी। न्यूजीलैंड के लिये मैट हेनरी ने टुकड़ों में हैट्रिक ली। उन्होंने अपने तीसरे ओवर की आखिरी दो गेंदों पर शादाब खान और इफ्तिखार अहमद को आउट किया। वहीं अगले ओवर की पहली गेंद पर शाहीन शाह अफरीदी को डीप में डेरिल मिशेल के हाथों लपकवाया।

## बॉलीवुड न्यूज

### केजीएफः चैप्टर 3 में फिर होगी रॉकी भाई की धूम

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स की केजीएफ चैप्टर 2, 14 अप्रैल, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन प्रशांत नील ने किया था, वहीं यश ने एक बार फिर रॉकी भाई के रोल में रॉक किया। इस फिल्म में कुछ और प्रतिभाशाली कास्ट की टुकड़ी नजर आई जिसमें संजय दत्त, रवीना टंडन, श्रीनिधि शेट्टी, अर्चना जोइस, वशिष्ठ एन. सिम्हा और राव रमेश संग कुछ और कलाकार शामिल थें। लेकिन केजीएफ फ्रेंचाइजी की शुरूआत साल 2018 में हुई थी, जब होम्बले फिल्म्स ने केजीएफः चैप्टर 1 के साथ देश को सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर दी थी। केजीएफ के साथ पूरे भारत के दर्शकों को ध्यान में रखते हुए, प्रोडक्शन हाउस ने देश को एक ऐसी फिल्म दी, जिसने इंडस्ट्री में मसाला एंटरटेनमेंट फिल्मों के स्टाइल को नए सिरे से परिभाषित किया। कह सकते है होम्बले फ्लिम्स ने केजीएफ फ्रेंचाइजी के अपकमिंग पार्ट के लिए दर्शकों के उत्साह को हमेशा किनारे पर रखा है। इसी कड़ी में अब प्रोडक्शन हाउस ने केजीएफ के अगले चैप्टर का एक बड़ा हिंट दिया है, जो फैन्स के बीच हमेशा से चर्चा में रहा है। हाल में जैसा कि केजीएफः चैप्टर 2 ने अपनी रिलीज के 1 साल पूरे किए है, इस खास मौके पर निमार्ताओं ने दर्शकों की पसंदीदा कैजीएफः चैप्टर 2 के सफर को कैप्चर करते हुए एक वीडियो साझा किया और कैजीएफः चैप्टर 3 के लिए उनके उत्साह को और बढ़ा दिया। ऐसे में अब मेकर्स केजीएफ 3 को 2025 में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं, हालांकि रिलीज की तारीख अभी तय नहीं है। केजीएफ फ्रेंचाइजी देने के अलावा, होम्बले फिल्म्स 'सालार' जैसी पैन इंडिय फिल्म्स, जिसे साल की सबसे बड़ी फिल्म कहा जा सकता है, युवा और धूमम के साथ लोगों को एंटरटेन करती नजर आएगी।



### रेयांश चड्ढा 'दिल दि यां गल्लां' स्टार कास्ट में शामिल

**इंदौर।** सोनी सब का फैमिली ड्रामा 'दिल दि यां गल्लां' एक पंजाबी परिवार की दिल को छूलेनेवाली और भावनात्मक कहानी है, जो दर्शकों का दि ल जीत रहा है। शो ने हाल ही में100 एपिसोड पूरे कि ए हैं, और इसकी कहानी दर्शकों के बीच चर्चा का विषय रहती है। (हेमा सदू ) और वीर (पारस अरोड़ा) आगामी एपिसोड्स में सगाई करने वाले हैं, बराड़ परिवार जटिल भावनाओं के जाल में उलझा हुआ होगा। विभि न्न घटनाओं के एक रोमांचक मोड़ में, शो में एक पंजाबी व्यक्ति डॉलर (रेयांश चड्ढा) का आगमन होने वाला है, जो मिलनसार है, लोगों का ध्यान खींचता है, और आसानी से अपने आसपास के लोगों का प्यार जीत लेता है। डॉलर का किरदार निभाने वाले रेयांश चड्ढा ने कहा, डॉलर का किरदार, जो स्वयं की ओर आकर्षित करना वाला है और अपना दिल हथेली में रखता है, उसे निभाना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है।



# बराबरी के मुकाबले में आमने सामने होंगे गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स

**अहमदाबाद।** पिछले मैच में पंजाब किंग्स पर रोमांचक जीत दर्ज करने के बाद गुजरात टाइटंस का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को राजस्थान रॉयल्स से होगा तो उनका इरादा अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज होने का रहेगा। अब तक हार्दिक पांड्या की टाइटंस ने संजू सैमसन की अगुवाई वाली रॉयल्स के खिलाफ तीनों मैच जीते हैं लिहाजा मनोवैज्ञानिक रूप से उसका पलड़ा भारी होगा। टाइटंस ने आईपीएल 2022 में पदार्पण करते हुए फाइनल में 11 गेंद बाकी रहते सात विकेट से जीत दर्ज की थी। फिलहाल टीम छह अंक लेकर तीसरे स्थान पर है।



लखनऊ सुपर जाइंट्स और रॉयल्स के भी छह अंक हैं लेकिन नेट रनरेट के आधार पर तीनों टीमें अलग अलग पायदान पर हैं। रॉयल्स और टाइटंस बल्लेबाजी और गेंदबाजी के मामले में बराबरी की टीमें हैं लेकिन पिछले साल इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मिली तीन जीत से टाइटंस के हौसले बुलंद हैं। दूसरी ओर रॉयल्स इस सिलसिले को तोड़ने को बेताब होंगे। दोनों टीमों के कोर खिलाड़ी लगभग वहीं हैं और नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर दबाव का बेहतर सामना करने वाली टीम ही विजयी होगी। रॉयल्स के पास शीर्ष क्रम में यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर और सैमसन हैं जिन्होंने पावरप्ले का बखूबी इस्तेमाल किया है। बटलर का पावरप्ले में स्ट्राइक रेट 196.6 है। वहीं जायसवाल का पावरप्ले के ओवरों में स्ट्राइक रेट 184 है । देवदत्त पड्डिकल, रविचंद्रन अश्विन, शिमरोन हेटमायेर और जैसन होल्डर के रहते रॉयल्स के बल्लेबाजी क्रम में काफी गहराई है । गेंदबाजी में उनका इकॉनामी रेट अब तक 7 . 3 रहा है जो बेहतरीन कहा जा सकता है। उसके शीर्ष तीन स्पिनरों एडम जाम्पा, अश्विन और युजवेंद्र चहल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया । अब देखना होगा कि चेन्नई पर तीन रन से मिली जीत के बाद क्या वही गेंदबाजी संयोजन फिर उतारा जाता है।

रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स को बड़े अंतर से हराया लेकिन चेन्नई के खिलाफ जीत करीबी रही। अब उनके सामने टाइटंस के रूप में इस सत्र की सबसे कठिन चुनौती है । टाइटंस के पास पंड्या, डेविड मिलर, शुभमन गिल, साइ सुदर्शन , विजय शंकर और मोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी हैं। शंकर ने केकेआर के खिलाफ 24 गेंद में 63 रन बनाये थे लेकिन रिंकू सिंह ने आखिरी ओवर में यश दयाल को पांच छक्के जड़कर केकेआर को चमत्कारिक जीत दिलाई। टाइटंस ने दयाल की जगह पंजाब के खिलाफ 34 वर्ष के मोहित को उतारा जिन्होंने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिये और टीम को जीत दिलाई।

***दोनों टीमें इस प्रकार हैं :***

गुजरात टाइटंस : हार्दिक पांड्या (कप्तान), शुभमन गिल, कोना भरत, रिद्धिमान साहा, राहुल तेवतिया, अभिनव मनोहर, मोहम्मद शमी, प्रदीप सांगवान, आर साई किशोर, विजय शंकर, साई सुदर्शन, राशिद खान, शिवम मावी, मैथ्यू वेड, ओडियन स्मिथ, उर्विल पटेल, दर्शन नालकांडे, डेविड मिलर , यश दयाल, जयंत यादव, नूर अहमद और अल्जारी जोसेफ।

राजस्थान रॉयल्स : संजू सैमसन (कप्तान), अब्दुल बासित, मुरूगन अश्विन, रविचंद्रन अश्विन, के एम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, जोस बटलर, केसी करियप्पा, युजवेंद्र चहल, डी फरेरा, शिमरोन हेटमायेर, जैसन होल्डर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, ओबेद मैकॉय, देवदत्त पड्डिकल, रियान पराग, कुणाल सिंह राठौड़, जो रूट, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, एडम जाम्पा। मैच का समय : शाम 7.30 से।

# यूपी-बिहार के अफसरों ने चुनाव को लेकर की बैठक

जनसंदेश न्यूज

**इलिया।** नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से शनिवार को स्थानीय थाना परिसर में जिले तथा सीमावर्ती बिहार प्रांत के कैमूर जिला के अधिकारियों की उपस्थिति में संयुक्त बैठक की गयी। जिसमें अपराध पर रोकथाम तथा आपसी समन्वय सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर बिहार प्रांत की सीमा से लगे थाना क्षेत्रों में अपराध पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों की रोकथाम की कार्रवाई के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में इलिया थाना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी रामवीर सिंह के नेतृत्व में हुई बैठक के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों तथा बिहार प्रांत के पुलिस अधिकारियों के बीच हुई वार्ता में अपराधियों पर पूरी तरह से निगरानी रखने तथा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए बिहार पुलिस से पूरी तरह से मदद की अपेक्षा की गई। जिससे जिले में होने वाले सामान्य नगर निकाय चुनाव सकुशल संपन्न कराए जा सके।

बैठक में दोनों प्रांतों के पुलिसकर्मियों के समन्वय से शराब तस्करी पशु तस्करी रोकने की बावत भी वार्ता हुई तथा वांछित अभियुक्तों की सूची का आदान प्रदान किया गया। जिससे एक दूसरे की मदद से वांछितों की गिरफ्तारी की जा सके। 4 मई को होने वाले चुनाव के 48 घंटे पूर्व से ही बॉर्डर क्षेत्रों में पुलिस तथा पैरामिलिट्री फोर्स तैनात किए जाने के बावत भी चर्चा हुई।

इस दौरान चकिया पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज, इलिया प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र विक्रम सिंह, थानाध्यक्ष चकरघट्टा राजेश कुमार, चकिया थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी, शहाबगंज के मिर्जा रिजवान बेग, नौगढ़ थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा, कंदवा उपनिरीक्षक रामभवन यादव के अलावा बिहार प्रांत की कैमूर जिला के एसडीपीओ सुनील कुमार सिंह अनुमंडल अधिकारी, दुर्गावती थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह, थानाध्यक्ष चांद सचिन कुमार मौजूद रहे।

# स्मृति दिवस पर शहीद फायर कर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

**डीडीयू नगर।** अग्निशमन कार्यालय परिसर में अग्निशमन सप्ताह की शुरूआत हुई। वर्ष 1944 में मुंबई डकयार्ड में लगी आग बुझाने के दौरान शहीद हुए 60 अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर शोक परेड का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से आग से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने और पूरी निष्ठा से कर्तव्य का निर्वहन करने का संकल्प लिया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह और मुख्य अग्निशमन अधिकारी कुमार रमाशंकर तिवारी की देख-रेख में मुगलसराय फायर स्टेशन परिसर में कर्तव्य की वेदी पर शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इसके बाद फायर स्टेशन से फायर वाहनों के साथ जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली को एएसपी विनय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर विनय कुमार सिंह ने कहा कि आग लोगों के जीवन का आधार है। थोड़ी सी लापरवाही से आग विनाशकारी होकर सबकुछ नष्ट कर देता है। ऐसे में अग्नि सुरक्षा महत्वपूर्ण हो जाती है। बताया कि 20 अप्रैल तक फायर सर्विस के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम वाहनों के साथ नगर, ग्रामीण व औद्योगिक क्षेत्र में लोगों को आग से बचाव के तरीके और सावधानियां बताएगी।

वहीं मुख्य अग्निशमन अधिकारी कुमार रमाशंकर तिवारी ने कहा कि भारत सरकार की ओर से अग्नि सुरक्षा सप्ताह में प्रचार-प्रसार का निर्धारित संकल्प राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरुकता पर प्रचार-प्रसार किया गया है। इस वर्ष जनवरी से 31 मार्च तक आग लगने 66 घटनाएं हुई है। इस मौके पर एफएसएसओ मुन्नी सिंह, नरेंद्र कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# किसानों ने कर्मचारियों पर लगाया धन उगाही का आरोप

जनसंदेश न्यूज

**शहाबगंज।** राजकीय बीज गोदाम पर नियुक्त कर्मचारी पीएम किसान सम्मान निधि में गड़बड़ी को दूर करने में किसानों से जमकर धन उगाही का कार्य कर रहे हैं। बिना सुविधा शुल्क दिए कार्य नहीं होता। कर्मचारी के इस कार्य प्रणाली को लेकर किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

पीएम किसान सम्मान का लाभ उठाने के लिए किसानों को आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना पड़ता है।उसके बाद विभाग के कर्मचारी गांव में जाकर सत्यापन का कार्य करते हैं।जो किसान सुविधा शुल्क नहीं देता उनकी फाईल आगे नहीं बढ़ता, उसके बाद किसानों का विभाग का चक्कर लगाने का दौर शुरू हो जाता है।जब सुविधा शुल्क मिल जाता है तो कार्य प्रगति पर हो जाता है। वही किसी व्यक्ति का बैंक पास बुक, आधार या खतौनी अपडेट नहीं है तो विभाग में बैठा कम्प्यूटर आपरेटर सुविधा शुल्क की मांग करता है।बिना शुल्क दिए आधार, खतौनी या बैंक पासबुक अपडेट नहीं करता।इसी तरह का मामला शनिवार को मंगरौर गांव के किसान सोमारु यादव के पुत्र रत्नेश यादव के साथ घटित हुई जब वह अपने पिता की रुकी हुई सम्मान निधि के बारे में जानकारी लेने कम्प्यूटर आपरेटर के पास गये तो,आपरेटर दीपक पाठक ने रजिस्ट्रेशन चेककर खतौनी व आधार देने की बात कही उसके साथ सुविधा शुल्क देने की बात कही।

इस पर लाभार्थी के पुत्र ने खतौनी व आधार के साथ 210 रुपये का भुगतान किया। वही चिन्ता देवी नामक महिला के पहुंचने पर गड़बड़ी दूर करने के नाम पर खतौनी व आधार के साथ शुल्क की मांग किया गया।

राजकीय बीज गोदाम पर दूर दराज से आने वाले किसानों के साथ नियुक्त कर्मचारियों द्वारा इसी तरह का कार्य किया जा रहा है। किसानों से जबरदस्ती वसूली की जा रही है। वही केन्द्र के प्रभारी अजित भारती ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि में कोई भी गड़बड़ी दूर करने के लिए कोई शुल्क नहीं है। यदि कोई कर्मचारी इस तरह का कार्य करता है तो उसके खिलाफ जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# साक्षात्कार में आत्मविश्वास के साथ संयम जरूरी: प्रो. मेहरा

**राष्ट्रीय संगोष्ठी**

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति जब भी बनी उस समय के परिवेश के हिसाब से बनी : कुलपति

### प्रतियोगी परीक्षा में तर्कशक्ति का परीक्षण : डॉ. सत्य प्रकाश

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिदृश्य में प्रतियोगी परीक्षाओं की संभावना पर हुई संगोष्ठी


पूविवि में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते अतिथि व कुलपति प्रो. मौर्य

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिदृश्य में प्रतियोगी परीक्षाओं की संभावना विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता लोक सेवा आयोग मध्य प्रदेश के अध्यक्ष प्रो. राजेश लाल मेहरा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 प्रतियोगी परीक्षाओं की नीति को सपोर्ट करती है। विद्यार्थी हमेशा अपनी सोच को सकारात्मक एवं संकल्प को शुभ रखें।

विद्यार्थियों को इंटरव्यू के दौरान औपचारिकताओं का पालन करते हुए यह ध्यान देना चाहिए कि उनका व्यवहार बनावटी न हो। वर्तमान में विद्यार्थियों में धैर्य की कमी होती जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति भरोसे की है। अगर हम किसी का भरोसा जीत लेते हैं तो भले ही कामयाबी न मिले किंतु हमारे में एक बड़े व्यक्तित्व का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि असफलता निराशा नहीं सफलता का दूसरा मार्ग दिखाती है। उन्होंने प्रेमचंद के ईदगाह का जिक्र करते हुए कहा कि साहित्य कैरियर निर्माण में भले ही सहायक नहीं हो लेकिन आपके अंदर संवेदना पैदा कर बड़ा जरूर बना देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के कई टिप्स दिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति जब भी बनी उस समय के परिवेश के हिसाब से बनी है। इस शिक्षा नीति में मातृभाषा और बुनियादी शिक्षा की मजबूती पर जोर दिया गया है ताकि उच्च शिक्षा तक इसकी दृढ़ता कायम रहे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रतियोगिता काफी बढ़ गयी है। ऐसे में लोक साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रवाद के साथ यह शिक्षा नीति प्रतिभागियों के लिए काफी लाभप्रद है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सत्य प्रकाश पाल ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थी के तर्कशक्ति का परीक्षण किया जाता है। इसमें विषय के साथ-साथ विद्यार्थी के धैर्य और संयम की भी परीक्षा होती है। विषय प्रवर्तन एवं कार्यक्रम की रूपरेखा आईक्यूएसी के समन्वयक प्रो. मानस पांडेय ने प्रस्तुत किया। संचालन डॉ. अनु त्यागी और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रमांशु प्रभाकर सिंह ने किया। संगोष्ठी में सहायक अनुसंधान अधिकारी डा. माधुरी यादव मेहरा, प्रो. अविनाश पार्थडीकर, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. प्रमोद यादव, डा. रसिकेश, डॉ. सुनील कुमार, डा. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. मंगला प्रसाद, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. द्विब्यंदु मिश्र, डॉ. विनय वर्मा, अमित मिश्र, संस्कार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### कोरोना से संक्रमित अधेड़ की मौत, मचा हड़कम्प



**खेतासराय।** पीएचसी सोंधी अंतर्गत भरौली गांव के एक वृद्ध की लखनऊ में कोविड पॉजिटिव मिलने पर उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक हृदय रोगी था। इससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रमेश चंद्रा के निर्देश पर पीएचसी की स्वास्थ्य टीम शनिवार को भरौली गांव पहुंची और मृतक के संपर्क में आए 14 लोगों की सैंपलिंग की। संपर्क में आए लोगों को क्वारंटाइन की सलाह दी। गांव के 68 वर्षीय जमालुद्दीन हृदय रोगी थे। परिजन एनजीओ प्लास्टिक सर्जरी के लिए लखनऊ के एल मेडिकल कालेज ले गए थे। रोगी की कोविड जांच हुई तो पॉजिटिव निकला। 13 मार्च को उनकी मौत हो गई। परिजनों ने शव को पैतृक गांव लाकर सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**चंदवक।** पुरानी बाजार निवासी एक युवक ने शनिवार तड़के गोमती नदी पर बने पुराने पुल की रेलिंग से नायलॉन की रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह होने पर टहलने गए लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक के पास से सुसाइड नोट मिला है जिसमें उसने आत्महत्या के लिए स्वयं को जिम्मेदार बताया है। देवगांव आजमगढ़ कोतवाली क्षेत्र के करिया गोपालपुर निवासी 30 वर्षीय सुनील गुप्ता पुत्र लालजी चंदवक बाजार निवासी मामा किशोरी गुप्ता के यहां बचपन से ही रहता था। चार वर्ष पूर्व विवाह होने के बाद बाजार में ही किराए के मकान में पत्नी शीला के साथ रहने लगा। उसके दो पुत्रियां एक तीन वर्ष की दूसरी चार माह की है। शनिवार तड़के चार बजे वह टहलने के लिए घर से निकला। एक किमी दूर गोमती पुल की रेलिंग से नायलॉन की रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह टहलने गए लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके पास से सुसाइड नोट मिला है जिसमें उसने इसके लिए स्वयं जिम्मेदार माना है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही स्थिति स्पष्ट होगी।

### पशुशाला में लगी आग में तीन मवेशी जले

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के गजना गांव निवासी अखिलेश यादव के मवेशी बांधने के मड़हे में शनिवार की दोपहर में लगभग साढ़े बारह बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। धुंआ निकलता देख जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक मड़हे में बंधे हुए तीन मवेशी झुलस गए। इन मवेशियों में जली एक गाय अत्यंत नाजुक स्थिति में है। हालांकि उनको रस्सी काटकर किसी तरह से ग्रामीणों ने बाहर निकाल दिया। घटना की सूचना पर थाने के उप निरीक्षक अश्वनी कुमार राय मौके पर पहुंच गए। उप निरीक्षक ने दमकल विभाग को सूचना दी जिस पर कुछ देर बाद पहुंची दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। घटना में मवेशियों को खाने के लिए दूसरे मड़हे में रखा गया। भूसा भी जल कर भस्म हो गया। समाचार संप्रेषण तक राजस्व विभाग से कोई नहीं पहुंचा था। इस मामले में पूछे जाने पर थाना प्रभारी देवानंद रजक ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं प्राप्त हुई है।

### ट्रेलर के धक्के से युवक की मौत

**मछलीशहर।** नगर कोतवाली के सामने ट्रेलर के धक्के से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि नगर के शादीगंज मोहल्ला निवासी सरताज अहमद 40 पुत्र निसार अहमद नगर के मुंगरा बादशाहपुर चौराहे पर स्थित कर्बला के सामने अपनी बाइक से जा रहा था। इसी दौरान पीछे से जा रही ट्रेलर का धक्का लग गया और ट्रेलर के पिछले टायर से दबकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली के बगल हुई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत शव को कब्जे में ले लिया। वहीं भाग रहे ट्रेलर और चालक को भी कब्जे में ले लिया। नगर के लोगों को जैसे ही घटना की जानकारी हुई सभी कोतवाली पहुँचने लगे। प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार ने सभी को घटना के बारे जानकारी देकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। कुछ समय बाद कोतवाली पहुंचे एसडीएम राजेश चौरसिया और सीओ अतर सिंह ने सरताज के परिजनों से वार्ता कर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। मृतक सरताज तीन भाई था। मृतक मोबाइल से रुपये लेनदेन का कार्य कर परिवार का खर्च चलाता था। दस वर्ष पहले मृतक का विवाह हुआ था उसकी दो पुत्रियां सिदरा आलिया 7 और जिकरा आलिया 5 वर्ष की है। वहीं मृतक के पिता घर पर ही गारमेंट की दुकान चलाते है। वहीं छोटे भाई मिंटू और महफूज उनका सहयोग करते है।

### धूमधाम से मनाया जाएगा साईं बाबा का स्थापना दिवस



**जौनपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हुसैनाबाद तिलकधारी महाविद्यालय के बगल स्थित साईं बाबा मंदिर का 27वां वार्षिकोत्सव बुधवार को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मंदिर के प्रबंधक संजय सिंह ने बताया कि पूर्व की भांति बाबा की पालकी शाम 7 बजे गाजे-बाजे घोड़े हाथी के साथ मंदिर प्रांगण से निकलकर गायत्री माता मंदिर तक जाएगी तदुपरांत वहां आरती के पश्चात वापस मंदिर परिसर में बाबा की पालकी आएगी। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी मंदिर के मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव द्वारा दी गई है।

### प्राथमिक विद्यालय में हुई खुली बैठक



**जफरबाद।** सिरकोनी ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खरचलपुर पर प्रधान रीता देवी की अध्यक्षता में खुली बैठक हुई। बैठक में ग्राम पंचायत अधिकारी साजिद अंसारी ने राज्य व केंद्र सरकार की सारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन किसान निधि, आवास, शौचालय, पेयजल पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर रमाकांत यादव, इंद्रजीत यादव, विनोद, रामदुलार गिरी, मनोज यादव, लालजी गिरी आदि लोग मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर के पैर में लगी गोली, घायल

**गिरफ्तारी**

### पकड़ा गया जहीर कुरैशी मड़ियाहूं का टाप टेन अपराधी

### मड़ियाहूं कोतवाली में दर्ज हैं आठ मुकदमे



**जौनपुर।** मड़ियाहूं कोतवाली पुलिस ने शनिवार की तड़के चार बजे मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल होने पर जहीर कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया। वह मड़ियाहूं कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर व टाप टेन का सूचीबद्ध अपराधी है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह अपनी टीम के साथ बेलवां बाजार में गश्त कर रहे थे। मुखबिर ने खबर दी कि मछलीशहर की तरफ से आ रहे सशस्त्र अपराधी मड़ियाहूं में किसी घटना को अंजाम देने वाले हैं। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मछलीशहर रोड पर बढ़ी। करीब चार बजे भुभुवार गेट के पास संदिग्ध बाइक सवार तेज गति से आता दिखा। रुकने का संकेत देने पर बाइक मोड़कर भुभुवार गेट की तरफ भागा। करीब सौ मीटर जाने के बाद बाइक सहित गिर गया। गोली चलाते हुए बाइक छोड़कर भागने लगा। सरकारी वाहन सूमो के गेट में कांस्टेबल चालक बाल-बाल बच गया। आत्मसमर्पण की चेतावनी देने पर झाड़ी की आड़ से फिर गोली चलाई जो ओम नारायण सिंह की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी। पुलिस ने तब आत्मरक्षार्थ फायरिंग की। इसके बाद दूसरी तरफ से गोली चलनी रुकने पर कराहने की आवाज आई। पुलिस ने घेराबंदी कर पैर में गोली लगने से घायल बदमाश को पकड़ लिया। मड़ियाहूं के कसाब टोला निवासी गिरफ्तार जहीर कुरैशी उर्फ जहीर के पास से 315 बोर का तमंचा, कारतूस, खोखा, लोहा के तीन धारदार चापड़ व रेती बरामद हुई। पुलिस उसे सीएचसी मड़ियाहूं से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल ले गई। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम में एसएसआइ संतोष कुमार शुक्ला, एसआइ संतराम यादव, शिव भंजन प्रसाद, संतोष दुबे, धर्मेंद्र दुबे, हेड कांस्टेबल राम मिलन, दीपचंद्र चौहान, महफूज हाशमी, जितेंद्र देव पांडेय, राज कुमार भारद्वाज, राम आशीष यादव भी रहे। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि गिरफ्तार जहीर कुख्यात अपराधी है। उसके विरुद्ध मड़ियाहूं कोतवाली में हत्या के प्रयास, गैंगेस्टर, गो-वध निवारण, पशु क्रूरता, आर्म्स एक्ट आदि धाराओं में आठ मुकदमे दर्ज हैं। आसपास के अन्य जिलों की पुलिस से भी उसकी आपराधिक गतिविधियों की जानकारी की जा रही है।

## शिक्षक पूरे जीवन काल तक अपनी सेवाएं देता है : अरविंद शुक्ला



**सिकरारा।** विकासखंड क्षेत्र के लाला बाजार स्थित प्राथमिक विद्यालय बाल कृष्णगंज में वर्ष 2023 में सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों का सम्मान समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कार्यक्रम में मौजूद प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा शिक्षक पूरे जीवन काल तक अपनी सेवाएं देता है। सेवानिवृत्त के बाद बुढ़ापे की लाठी पेंशन ही सहारा रहता है। हम सभी समाज के मार्गदर्शक हैं हमें अपनी मांग को मांगने वाले नेता का साथ देना होगा जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाएगी हम संघर्ष करते रहेंगे और हर बार और ज्यादा साथियों के साथ मिलकर शिक्षण कर्मियों के साथ किए जा रहे। अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ राजेंद्र प्रसाद यादव ने किया जिसमें 31 मार्च 2023 को सेवानिवृत्त हुए शिक्षक राम बहादुर सिंह, जय प्रकाश मिश्र, छोटेलाल व लीलावती सिंह को मुख्य अतिथि व शिक्षकों ने अंगवस्त्रम धार्मिक पुस्तकें व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अमरावती देवी, देविका रानी, सुषमा यादव, राधा रानी, गायत्री श्रीवास्तव सुमनलता, आशा यादव, संतोष रजक विनोद कुमार, विनोद कुमार पाल, सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन देशबंधु यादव ने किया।

## साहित्य के बिना मानव पशु के समान है:फादर पी विक्टर



जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

### सेंटजॉन्स स्कूल में ध्वनि विज्ञान पर आधारित परियोजना की प्रस्तुति

**जौनपुर।** सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर की शनिवासरीय प्रार्थना सभा में कक्षा 10 अ के विद्यार्थियों ने भाषा एवं साहित्य के महत्त्व पर प्रकाश डाला। बच्चों ने इस विषय पर परियोजना प्रस्तुत की जिसमें ध्वनियों के उच्चारण एवं परिवर्तन को बताया। कक्षाध्यापक गिरीश कुमार गुप्ता ने अपने उद्बोधन में बच्चों से कहाकि पुस्तकों से मित्रता करें क्योंकि किसी भी व्यक्ति की सबसे अच्छी मित्र पुस्तक हो सकती है। हर भाषाओं का विस्तृत साहित्य है जिससे जुड़ने पर प्रमानन्द सहोदर आनन्द की प्राप्ति होती है। सिस्टर निकोलस ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी के बारे में बात करने से पूर्व उस बात की सच्चाई, अच्छाई एवं उसके उपयोगिता पर विचार करना आवश्यक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने अपने संदेश में कहा कि साहित्य किसी भी समाज का दर्पण होता है। हम दर्पण में उसी बिम्ब को देखते हैं जो सामने रहता है। विद्यार्थियों के लिए साहित्य का साथ आवश्यक है जिसकी साहित्य, संगीत और कला के प्रति रुचि नहीं होती वह पशु के समान ही व्यर्थ जीवन जीता है।

## लैलतुल कद्र की रात हजार रातों से बेहतर: मौलाना अहमद नवाज

**जौनपुर।** रमजान के पवित्र महीने में अल्लाह ने हमे एक ऐसी रात दी है जिसे लैलतुल कद्र कहते हैं। यह बाते मौलाना अहमद नवाज इमाम ए जुमा शाही अटाला मस्जिद ने बताते हुए कहाकि लैलतुल कद्र हमें इनाम के तौर पर मिली है। लैलतुल अरबी शब्द जिसका मतलब रात होता है जब की कद्र का मतलब सम्मान, परहेजगारी, तकवा, अदब आदि होता है क्योंकि ये रात अन्य रातों की अपेक्षा बड़ी है इसलिए इस रात को लैलतुल कद्र कहते है।
ऐसे तो पवित्र माह रमजान का पूरा महीना आखिरत की कमाई का जरिया है फिर भी इस महीने के आखिरी दस दिन और इन दस दिनों में लैलतुल कद्र एक विशेष महत्त्व और अलग स्थान रखता है जो कि हजार महीनों से बेहतर है यानि इस रात की इबादत का सवाब एक हजार महीने की इबादत से भी ज्यादा है। मौलाना अहमद नवाज ने कहाकि हजरत मोहम्मद मुस्तफा स.अ.व. का बयान है की जो शख्स लैलतुल कद्र में ईमान की हालात मे और सवाब की नियत से कयाम करता है तो उसके सभी गुनाह माफ कर दिए जाते है।

## बच्चों ने स्कूल चलो अभियान की निकाली रैली


स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालते हुए बच्चे

जनसंदेश न्यूज

**रैली**

### नए बच्चों को दाखिला लेने के लिए किया प्रेरित

**गौराबादशाहपुर।** धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सरैयां इंग्लिश मीडियम के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान की तहत रैली निकालकर नए बच्चों को दाखिला करवाने के लिए प्रेरित किया। शनिवार को प्राथमिक विद्यालय सरैयां इंग्लिश मीडियम में स्कूल चलो अभियान की रैली को प्रधानाध्यापिका संगीता राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने गांव में भ्रमण करते हुए स्लोगन और एक भी बच्चा छूट गया, संकल्प हमारा टूट गया, मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल चलकर नाम लिखाओ आदि नारों से नए बच्चों को दाखिला करवाने के लिए प्रेरित व जागरूक किया। प्रधानाध्यापिक संगीता राय ने बच्चों के अभिभावकों को जागरूक करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार गरीब परिवार के बच्चों को निशुल्क व अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध व गंभीर है। सरकार की ओर से परिषदीय विद्यालयों में निशुल्क पढ़ाई के साथ ही किताब, ड्रेस, जूता, मोजा आदि की व्यवस्थाएं दी जा रही है। इसलिए अपने बच्चों का दाखिला स्कूल में करवाएं ताकि उनका भविष्य भी उज्ज्वल हो सके। इस दौरान प्रधानाध्यापिक संगीता राय, सुनीता त्रिपाठी, सविता सरोज, संगीता, ममता पटेल, सावित्री देवी आदि मौजूद रहे।

# ब्यूटी पार्लर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**नुकसान**

### एक लाख चालीस हजार कैश भी जला

जनसंदेश न्यूज


ब्यूटी पार्लर में लगी आग

**मछलीशहर।** नगर के शादीगंज मोहल्ले में एक व्यूटी पार्लर में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमें लाखों का सामान जलकर खाक हो गया।

उक्त मोहल्ले में स्थित जेपी ब्यूटी पार्लर में शनिवार भोर में लगभग 3 बजकर 30 मिनट पर अज्ञात कारणों से अचानक दूसरे महले के बालकनी में आग गई। भोर का समय होने के कारण सभी लोग सो रहे थे। कोई कुछ समझ पाता तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की ऊंची ऊंची लपटों से नीचे स्थित दुकान के फर्नीचर जलने लगा। आग की लपटें देख मोहल्ले वासी के साथ अगल बगल के लोग बाल्टी में पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। किन्तु कौन कहे आग बुझने को और बढ़ती चली जा रही थी। कुछ समय बाद सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड व पुलिस के जवानों ने किसी तरह सुबह तक आग पर काबू पाया। दुकान की संचालिका प्रतिभा जायसवाल के अनुसार सीजन को देखते हुए दुकान आर्टिफिशियल ज्वेलरी, लहंगा चुनरी, क्रीम, दुल्हन के कपड़ों का सेट सहित कुल सात लाख का सामान जलकर खाक हो गया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि दुकान में आये हुए माल का पेमेंट करने के लिए एक लाख चालीस हजार रुपये कैश रखा हुआ था वह भी जलकर खाक हो गया।

## नमामि गंगे व अमृत योजना के कार्यों का डीएम ने जाना हाल

**जौनपुर।** जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा के द्वारा शहर में चल रहे हैं नमामि गंगे एवं अमृत योजना के कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराएं।

जिलाधिकारी के द्वारा जोगियापुर में आईपीएस कार्य और चहारसू चौराहे पर मेनहोल कार्य के उपयुक्तता की जांच की। उन्होंने हनुमान घाट पर जाकर नमामि गंगे के द्वारा बनाए जा रहे पंपिंग के निर्माण और बलुआघाट आईपीएस निर्माण की जानकारी ली और पाया कि आईपीएस संचालित है जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिए गए थे अवशेष नाले को जल्द से जल्द टैप किया जाए। मछलीशहर पड़ाव पर अमृत योजना के सड़क निर्माण कार्य को देखा और निर्देशित किया कि 1 सप्ताह के भीतर सड़क को ब्लैक टॉप कर दिया जाए। इस अवसर पर नमामि गंगे के एई पुरुषोत्तम सरोज, जेई योगेंद्र त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता जल निगम सचिन सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।


कार्यों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुज झा

## बूथों का जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण

**मड़ियाहूँ।** नगर पंचायत चुनाव की सरगर्मी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। तहसील परिसर में नगर पंचायत मड़ियाहूँ व नगर पंचायत रामपुर के अध्यक्ष और सभासदों का पर्चा दाखिला होना है। पर्चा दाखिले की अंतिम तिथि 17 अप्रैल है। प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ व्यवस्था में लगा हुआ है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अनुज कुमार झा और पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा ने संयुक्त रूप से तहसील स्थित नामांकन स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किया तथा तमाम बातों की जानकारी प्राप्त। इस मौके पर उप जिलाधिकारी लाल बहादुर, क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, नायब तहसीलदार संतोष कुमार सिंह और तमाम अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## निरीक्षण में पंचायत भवन पर बंद मिला ताला


निरीक्षण करने पहुंचे प्रभारी बीडीओ व एडीओ पंचायत

**यह है हाल**

### पंचायत सहायक को प्रभारी बीडीओ ने लगाई फटकार

**गौराबादशाहपुर।** शनिवार को स्थानीय विकास खण्ड में प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी धर्मापुर संजय श्रीवास्तव और एडीओ पंचायत लालजी द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत कबीरुद्दीनपुर और तरसंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कूड़ा पृथक्करण केंद्र का कार्य शुरू न होने पर कंसल्टिंग इंजीनियर रोहित को बुलाकर उक्त दोनों ग्रामों में आरसीसी सेंटर का लेआउट कराया। प्रभारी बीडीओ द्वारा तरसंड में ग्राम पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पंचायत भवन में ताला बंद होने और पंचायत सहायक के अनुपस्थित रहने पर फोन पर पंचायत सहायक को फटकार लगाई। सचिव अरविंद यादव से पंचायत सहायक को नोटिस देने को कहा। मौके पर वीरेंद्र प्रताप यादव, जय प्रकाश सिंह, सचिव अरविंद यादव, ग्राम रोजगार सेवक संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# अध्यक्ष के 44 और सदस्य पद के 128 पर्चे खरीदे गये

**चुनाव**

**134 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किया**

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के पाचवें दिन शनिवार को जौनपुर नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के लिए 4 अभ्यर्थियों द्वारा 9 सेट में, नगर पालिका परिषद शाहगंज के लिए 3 अभ्यर्थियों द्वारा 5 सेट में, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर 3 अभ्यर्थियों द्वारा 9 सेट में, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 सेट में, नगर पंचायत कचगांव में 2 अभ्यर्थी द्वारा 2 सेट में, नगर पंचायत जफराबाद में 3 अभ्यर्थियों द्वारा 3 सेट में, नगर पंचायत खेतासराय में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 5 सेट में, नगर पंचायत मछलीशहर में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 3 सेट में, नगर पंचायत मड़ियाहूं में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 7 सेट में, नगर पंचायत रामपुर में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 7 सेट में, नगर पंचायत बदलापुर में 12 अभ्यर्थियों द्वारा 12 सेट में, नगर पंचायत केराकत में 1 अभ्यर्थियों द्वारा 1 सेट में कुल 44 अभ्यर्थियों द्वारा 66 सेट में नामांकन पत्र क्रय किया।

जौनपुर नगर पालिका परिषद में सदस्य के लिए 29 अभ्यर्थियों द्वारा 34 सेट में, नगर पालिका परिषद शाहगंज के लिए 10 अभ्यर्थियों द्वारा 10 सेट में, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर 21 अभ्यर्थियों द्वारा 44 सेट में, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में 16 अभ्यर्थियों द्वारा 16 सेट में, नगर पंचायत कचगांव में 0 अभ्यर्थियों द्वारा 0 सेट में, नगर पंचायत जफराबाद में 3 अभ्यर्थियों द्वारा 4 सेट में, नगर पंचायत खेतासराय में 10 अभ्यर्थियों द्वारा 10 सेट में, नगर पंचायत मछलीशहर में 10 अभ्यर्थियों द्वारा 13 सेट में, नगर पंचायत मड़ियाहूं में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 4 सेट में, नगर पंचायत रामपुर में 12 अभ्यर्थियों द्वारा 14 सेट में, नगर पंचायत बदलापुर में 10 अभ्यर्थियों द्वारा 10 सेट में, नगर पंचायत केराकत में 3 अभ्यर्थियों द्वारा 3 सेट में नामांकन पत्र क्रय किया गया। अध्यक्ष पद के लिए कुल 44 अभ्यर्थियों द्वारा 66 सेट में एवं सदस्य पद के लिए 128 अभ्यर्थियों द्वारा 162 सेट में नामांकन पत्र क्रय किया गया।

नगर पालिका परिषद जौनपुर में अध्यक्ष पद के लिए 1, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में 5, नगर पंचायत कचगांव में 5, नगर पंचायत जफराबाद में 1, नगर पंचायत रामपुर में 1 एवं नगर पंचायत बदलापुर में 4 कुल 17 नामांकन किया गया। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद जौनपुर में सदस्य के लिए 16, नगर पालिका परिषद शाहगंज के लिए 12, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर में 5, नगर पंचायत कचगांव में 24, नगर पंचायत जफराबाद में 5, नगर पंचायत खेतासससराय में 6, नगर पंचायत मछलीशहर में 8, नगर पंचायत मड़ियाहूं में 9, नगर पंचायत रामपुर में 21 एवं नगर पंचायत बदलापुर में 26, नगर पंचायत केराकत में 2 कुल 134 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग जिलाधिकारी ने की बैठक



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेते डीएम

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी।

बैठक में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता जनपद में लागू हो गई है। जनपद में कुल 12 नगरीय निकायों में निर्वाचन कराया जाना है, सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस से अवगत कराते हुए सभी से आदर्श आचार संहिता के शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किये जाने के क्रम में चुनाव प्रचार, सभाएं एवं जुलुस व प्रत्याशियों द्वारा व्यय की जाने वाली धनराशि, सहित सभी आवश्यक पहलुओं पर चर्चा करते हुए जानकारी दी गई तथा निर्वाचन दौरान जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपेक्षा की गयी। इस अवसर पर विभिन्न राजनैतिक दलो के प्रतिनिधिगण, उपजिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी रामअक्षवर चौहान उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### विशेष लोक अदालत में तीन मामलों का निस्तारण

**जौनपुर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी/सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रशान्त कुमार ने अवगत कराया है कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद व उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर वाणी रंजन अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं कुशल निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर में शनिवार को आर्बिट्रेशन विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत में जनपद न्यायालय के सत्र न्यायाधीशगण द्वारा कुल 76 आर्बिट्रेशन निष्पादन वाद नियत किए गए। न्यायालय जनपद एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा कुल 3 मामलों का निस्तारण किया गया।

### पहले प्रयास में नेट में मिली सफलता



**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कुकुड़ीपुर निहाल में रहने वाली निहारिका यदुवंशी को पहले ही प्रयास में ऐसी नेट में सफलता मिली है। बता दें कि कृषि विभाग में तैनात प्रधान सहायक कृष्ण कुमार यादव की बेटी निहारिका यदुवंशी चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर से पर्यावरण विज्ञान से पीएचडी की पढ़ाई कर रही हैं। इसी दौरान उन्होंने नेट की परीक्षा दी। नेट की परीक्षा में पहले ही प्रयास में ही सफलता हासिल की। निहारिका के सफल होने पर परिजनों में खुशी का माहौल है। निहारिका का कहना है कि आगे भी मेरा और लक्ष्य है, अभी पढ़ाई जारी रहेगी और लोग शॉर्टकट छोड़े मेहनत से तैयारी करें जिससे सफलता मिलेगी। निहारिका का परिवार थाना खुटहन क्षेत्र के रसूलपुर गांव रहने वाला है लेकिन इसकी शिक्षा दीक्षा ननिहाल से ही हुई थी।

### साइकिल व ट्रैक्टर की आमने-सामने टक्कर में एक घायल

**मझौवां ।** राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के स्थानीय चट्टी पर शनिवार की शाम 7 बजे मोटर साईकिल व ट्रैक्टर की आमने सामने टक्कर में मोटर साईकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे मौके पर पहुंची तत्काल बैरिया पुलिस से एंबुलेंस द्वारा घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनवरसा पहुंचाया। जानकारी के अनुसार सुघरछपरा निवासी विजय कुमार पांडेय (25) वर्ष बैरिया से सुघरछपरा जा रहे थे कि मिट्टी खनन में लगा तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गए।मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर लाल मोहन शास्त्री ने एंबुलेंस द्वारा घायल विजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनवरसा पहुंचाया तथा साथ ही मोटर साइकिल और ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने चले गए।

### बुजुर्ग दंपति का एक साथ हुआ निधन

**सुजानगंज।** थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर ग्राम सभा में आश्चर्य कर देने वाली एक घटना सामने आई है। ग्रामसभा निवासी रामसमुझ चौबे (90) जिनकी तबीयत पिछले दो-तीन दिन से थोड़ी बहुत खराब थी घरवालों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा प्राइवेट अस्पतालों में भी इलाज कराया जा रहा था परंतु शनिवार को सुबह 10 रामसमुझ चौबे का देहावसान हो गया। घरवालों के रोने की आवाज सुनकर जब उनकी पत्नी रामदुलारी (87) ने लोगों से पूछा कि कहा से रोने की आवाज आ रही है, तब लोगों ने उन्हें जानकारी दी कि उनके पति का स्वर्गवास हो गया जिसके बाद वह भी इस हृदय विदारक घटना को सुनकर रुदन करने लगी और देखते ही देखते लगभग 15-20 मिनट बाद उनकी भी तबीयत खराब होने लगी और आंखें बंद कर ली। घरवालों ने सोचा कि वे बेहोश हो गई इसलिए उन्होंने स्थानीय डॉक्टरों को बुलाया परंतु डॉक्टरों के पहुंचने से पहले उनकी पत्नी भी अपने पति के वियोग में स्वर्ग लोक को सिधार चुकी थी। यह आश्चर्य कर देने वाली घटना जब क्षेत्र में पहुंची तब लोगों में सनसनी मच चुकी थी। गांव में कोई उनके अच्छे कर्मों का बखान कर रहा था, तो कोई उनके संबंधों को सच्चा संबंध बताकर सब भगवान के हाथों में हैं इस प्रकार की बातें कर रहे थे। साथ ही परिवार पे गमों का पहाड़ टूट चुका है।

### प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी का अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत

**गोपीगंज।** जनपद के प्रभारी मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री दानिश आजाद अंसारी का शनिवार को बाबूसराय में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सिराज अख्तर के नेतृत्व में दर्जनों वाहनों के साथ पहुंचकर फूलमालाओं से लादकर योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद दानिश आजाद अंसारी जिंदाबाद के गगनभेदी नारो के साथ उनका स्वागत किया। तत्पश्चात उनके काफिले में शामिल होते हुए ज्ञानपुर की तरफ निकल लिए जहा रास्ते में गोपीगंज चौराहे पर गगन गुप्ता अपनी पत्नी सरिता गुप्ता सहित दर्जनों महिलाओं के साथ गाड़ी में बैठे बैठे ही स्वागत को स्वीकार कर दो मिनट में वार्ता कर ज्ञानपुर से भदोही के लिए निकल पड़े। टिकट के सवाल पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि पार्टी का कर्मठ कार्यकर्ता हूं जिसको भी टिकट मिलेगा मैं पार्टी के प्रति समर्पित हूं और उसका सहयोग करूंगा।

### हादसे को दावत दे रहा विद्यालय कैम्पस में लटकता बिजली का तार

**सुरियावां।** विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय मर्दनशाहपुर की गेट बाउंड्री के बीचबीच व कक्ष के ऊपर से खतरनाक बिजली का तार जाने से विद्यार्थियों में हमेशा भय बना रहता है। बच्चे पढ़ते हैं बाउंड्री से लेकर कक्ष तक छात्र छात्रा पानी पीने व भोजन करने जरूरी कार्य हेतु बाउंड्री में आते जाते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने बिजली के इस तार को विद्यालय के बाहर बगल से कराये जाने की माँग की हैं। प्रधानाध्यापिका मीरा सिंह ने जानकारी में बताया कि बार-बार समस्याओं से अवगत कराया जा चुका है किंतु अभी तार विद्यालय के बीचो बीच से नही हटाया गया।

### नोड्यूज बनवाने के लिए उमड़ रही भीड़



नगर पालिका परिषद गोपीगंज में अदेय प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए खड़े लोग

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज के नगर निकाय चुनाव में भागेदारी लेने वाले सभासदों की नोड्यूज बनवाने के लिए भारी भीड़ लग रही।प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि चुनाव में अभी काफी समय बाकी है, परंतु अपने नामांकन के समय कागजात में कोई दुश्वारी न आए इसके लिए आय, जाति, निवास के साथ पालिका से अदेय प्रमाण पत्र की अनिवार्यता की वजह से छोटे बड़े बकायेदार पूरा बकाया जमा कर प्रमाण पत्र ले रहे है, जिससे पालिका के राजस्व की बढोत्तरी हो रही है। सूत्रों की माने तो पालिका कर्मी दरवाजे दरवाजे घूमने के बावजूद वसूली नही हो पाती रही, वही जरूरतमंद अब पालिका दफ्तर जाकर लाईन में लगकर बकाया धनराशि का भुगतान कर रहे है।

# अवकाश प्राप्त शिक्षकों का हुआ सम्मान



**जनसंदेश न्यूज**

**बख्शा।** विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय छंगापुर न्याय पंचायत लेदुका में शनिवार को अवकाश प्राप्त शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन वरिष्ठ शिक्षक संकुल सतीश चन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरोज सिंह अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ बक्शा और विशिष्ट अतिथि शैलेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

कंपोजिट विद्यालय छंगापुर की बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। अवकाश प्राप्त शिक्षक हरमेंद्र प्रताप सिंह, छोटे लाल दूबे, हौसिला प्रसाद पाण्डेय, रामकृपाल, श्यामलाल मौर्य एवं स्वर्गीय लालबहादुर विश्वकर्मा की जगह उनके पुत्र राकेश विश्वकर्मा को माल्यार्पण, अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह न्याय पंचायत लेदुका के शिक्षकों द्वारा देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एआरपी विष्णु शंकर सिंह, लाल साहब यादव, राजेश प्रजापति वरिष्ठ शिक्षक संकुल राजनाथ सिंह, मुनीश मिश्रा, मनोज उपाध्याय, विजय यादव, रामनयन यादव एवं शिक्षक अतुल पाण्डेय, सुशील उपाध्याय, विजय श्रीवास्तव, धर्मवीर सिंह, संजीव यादव, विजय यादव, अश्वनी, हरेंद्र,सौरभ, अनुराग, उमाशंकर द्विवेदी, शमसुल हक, उर्वशी देवी, बिंदु देवी, संगीता, शिप्रा ग्राम प्रधान राजेश सिंह, चन्द्र प्रकाश सिंह, वीरेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# अवैध शराब निर्माण, बिक्री पर भदोही पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**सफलता**

**सरगना सहित दो अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार**

**जनसंदेश न्यूज**



अवैध शराब के साथ पकड़े गए तस्करों को मीडिया के सामने पेश करती पुलिस

**भदोही।** नगर निकाय चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष व पारदर्शी संपन्न कराए जाने को लेकर मुस्तैद पुलिस को बीती रात्रि में राजपुरा चौराहा पर चेकिंग के दौरान अंग्रेजी शराब में अपमिश्रण कर अन्य राज्यों में बिक्री, तस्करी करने वाले गिरोह के सरगना सहित दो शातिर अंतर्राज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।

पुलिस का दावा है कि गिरफ्तारशुदा शराब तस्करों के कब्जे से चार पहिया वाहन में 05 जरीकेन में 50 लीटर अपमिश्रित शराब, 1017 पाउच अंग्रेजी शराब, मिश्रण केमिकल यूरिया, गंधक व सुहागा बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर शराब तस्करों के विरुद्ध थाना भदोही पर मु.अ.स.-80/2023 धारा-272 भा.द.वि. व 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रचलित की गई। गिरफ्तारशुदा अंतर्राज्यीय शराब तस्करों के विरुद्ध हरियाणा, बिहार व राजस्थान में चोरी, आबकारी व आयुध अधिनियम के अन्तर्गत आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। गिरोह के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच सहित आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार पूछताछ करने पर गिरफ्तारशुदा शराब तस्करों ने बताया कि हम लोगों का अपने आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ व ज्यादा पैसा कमाने के लिए अंग्रेजी शराब में अपमिश्रण कर बिहार राज्य में महंगे दामों पर बेचने का सक्रिय गिरोह है, लीडर प्रकाश यादव है। शराब बिक्री के पश्चात जो पैसा कमाते है उसे आपस में बांट लेते है। गिरफ्तारी/ बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक भदोही अजय सेठ आदि रहे।

## संक्षेप

### गर्भवती महिला निःशुल्क करा सकेंगी अल्ट्रासाउण्ड

**भदोही।** गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क जांच व स्वास्थ्य को लेकर अब पीएमएसएमए योजना के तहत अब 14 निजी अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर योजना से जुड़ेंगे। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सन्तोष कुमार चक ने शनिवार को पत्र जारी करके दी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों व प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र को जल्द जोड़ने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। अन्यथा कार्यवाही होगी। यह सुविधा अभी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपीगंज, औराई व डीघ में अल्ट्रासाउण्ड केंद्रों पर ही लागू थी लेकिन अब जिले में कहीं भी कोई अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर है तो उसको अभियान के तहत जोड़ा जाएगा। इन सेंटरों पर गर्भवती महिलाओं का होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान अल्ट्रासाउंड किया जायेगा। इससे उनके गर्भ में पल रहे बच्चे के विषय में आसानी से जानकारी लिया जा सकेगा। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर ओमप्रकाश शुक्ल ने बताया कि यह शासन स्तर से एक अनोखी पहल और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को देखते हुए निर्णय लिया गया है। अभी गर्भवती को डॉक्टर के लिखने पर अल्ट्रासाउण्ड कराने के लिए काफी धन खर्च करना पड़ता था लेकिन अब विभाग और शासन स्तर से पूरे प्रदेश में निःशुल्क कर दिया गया है।

**दस्तावेज आएंगे काम :** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जिला कार्यक्रम सहायक प्रतिमा यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ लेने के लिए प्रथम बार गर्भधारण करने वाली पात्र महिला लाभार्थी राज्य स्तर से जारी हेल्पलाइन नंबर 7998799804 व क्षेत्रीय आशा एवं एएनएम से संपर्क करने और योजना का लाभ उठाएं। आवेदन के लिए जरुरी दस्तावेज आधार कार्ड की फोटोकॉपी बैक या पोस्ट ऑफिस खाता की पासबुक आधार नंबर होने पर पहचान संबंधी पत्र जरूरी है।

### पुलिस मुआयना को लेकर गई युवती निकली कोविड पॉजिटिव

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी किशोरी के पिता ने तहरीर देकर अपनी बड़ी बेटी के अपहरण की तहरीर दी, अपने ही ग्राम के तीन लोगों दो पुरुष एक महिला के ऊपर किशोरी को भगाने का आरोप लगाया। जिस पर पुलिस ने धारा 363 का मुकदमा कायम कर तफ्तीश में लग गई। साथ ही लड़की और लड़के का पता लगाने लगी। सर्विसलांस और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से युवक और किशोरी को पुलिस ने तलाश निकाला। बताते चले कि महिला पुलिस किशोरी का मुआयना कराने को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज लेकर आई तो वहां किशोरी कोविड पॉजिटिव निकाली, उसका मुआयना ठीक होने तक रोक दिया गया। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आशुतोष पांडेय ने बताया कि लड़की कॉविड पॉजिटिव निकली, अपने अस्पताल में कोविड की व्यवस्था ना होने के कारण उसे औराई के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निगेटिव आने पर आगे की कार्यवाही होगी।

### भदोही खुद्दामे हज समिति कैम्प कार्यालय पर ट्रेनरों ने ली वर्चुअल जानकारी

**भदोही।** हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई के सीईओ याकूब शेख द्वारा शनिवार को वर्चुअल ट्रेनिंग ट्रेनरों को दिया। वर्चुअल ट्रेनिंग में मुबारक सफरे हज व हज से सम्बंधित आवश्यक जानकारी हज ट्रेनरों को दिया गया। भदोही खुदामें हज समिति कैंप कार्यालय पर ट्रेनरों ने ध्यान पूर्वक जानकारी ली। मुफ्ती मो. मंजूर जियाई ने ट्रेनिंग के दौरान ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कहा की पूरी दुनिया से हज के लिए मक्का मदीना लोग जाते हैं और हर जगह उनको हर काम में जल्दी लगी रहती है। हज सब्र का नाम है उनको सब से पहले आप लोग यह सबक दें कि हाजी सब्र और शुक्र करें। वहीं कौंसुल जद्दा से शाहिद आलम ने कहा कि सभी ट्रेनर्स हाजियों को सब्र शुक्र के साथ हज करने की ट्रेनिंग दें। मो हाशिम काउनसुल जद्दा ने कहा की हज बहुत अहम फरीजा है। हाजी साहिबान कोई ऐसा काम न करें जिससे हज में कोई परेशानी आए और आप का हज में कमी रह जाए। सचिव सहायक हज ट्रेनर मौ. सोहैब आलम नदवी, समिति के मास्टर हज ट्रेनर हाजी हबीबुल्लाह शेख खादिमुल हुज्जाज मास्टर वाली उल्लाह ने ट्रेनिंग लिया। समिती के सरपरस्त हाजी शाहिद हुसैन अंसारी, हाजी मुमताज आलम अंसारी, अब्दूल कादिर बाबू अंसारी, हाजी इमाम बेग, हाजी जाहिद अली अंसारी ने हज ट्रेनर्स को मुबारकबाद देते हुए कहा हज यात्रियों की सेवा में कमी नहीं आनी चाहिए।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# एडीएम, एसडीएम, सीओ ने मतदान केंद्रों व बूथों का किया निरीक्षण

**आवश्यक निर्देश**

**नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 की नामांकन की प्रक्रिया के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों का उप जिलाधिकारियों ने लिया जायजा**

**जनसंदेश न्यूज**



प्राथमिक विद्यालय अयोध्यापुरी में बने बूथ का निरीक्षण करते एसडीएम कृपा शंकर पांडेय व सीओ

**भदोही।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी गौरागं राठी के निर्देशन में आज अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र कुमार मौर्य की देखरेख में समस्त उप जिलाधिकारियों ने अपने अपने तहसीलों में बनाए गए नामांकन स्थलों सहित मतदान केंद्रों/बूथों पर आवश्यक व्यवस्थाओं सहित समग्र तैयारियों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

तहसील भदोही उप जिलाधिकारी डा.कृपा शंकर पांडेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय सिंह चौहान, अधिशासी अधिकारी जी लाल, तहसील ज्ञानपुर उप जिलाधिकारी आकाश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रभात राय, ईओ राजेंद्र दुबे, अमिता सिंह, तहसील औराई उप जिलाधिकारी योगेंद्र कुमार साहू, डॉ. उमेश्वर प्रभात ने निर्वाचन की संपूर्ण तैयारियों के दृष्टिगत अपने अपने तहसील क्षेत्रों के नामांकन स्थल, मतदान केंद्र, बूथों, स्ट्रांग रूम, मतगणना आदि का गहन निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लगातार फील्ड में रहते हुए पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में निर्देश दिए गए की कंट्रोल रूम, पार्किंग व्यवस्था व रवानगी काउंटर आदि की व्यवस्था ससमय पूरी कर ली जाए। फील्ड के एक साइड में पोलिंग पार्टी रवानगी काउंटर और दूसरे साइड पोलिंग पार्टियों को ले जाने वाले वाहनों को पार्क करने की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए।

# टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम से वाहन चालकों में रोष

**जनसंदेश न्यूज**



लालानगर टोल प्लाजा पर जाम खुलवाने के लिए मशक्कत करते ट्रैफिक इंस्पैक्टर शशिकांत यादव

**गोपीगंज।** लालानगर टोल प्लाजा पर शनिवार को भीषण जाम की समस्या रही। सुबह से आने जाने वाहनों का जाम लगा रहा। बताते है की सात लेन बनाए गए है परंतु किन्ही कारणों से दो लेनों को बंद कर दिया गया। जिसके कारण खुली हुई सभी लेनों में जाम लगा रहता हैं। वाहनों की एक किलोमीटर दूरी तक लाइनें लगी थीं। हर कोई जल्दी निकलने के प्रयास में रहता हैं। इस बीच टोल कर्मियों की चालकों से नोकझोंक भी होती रहती हैं।

लोगो ने बताया की दक्षिण भारतीय ठेकेदार द्वारा ठेका लिए जाने की वजह से अपने यहां के सभी सुरक्षाकर्मी रख दिया है। कुछ तो भाषा की भी समस्या बन रही है। जिसकी वजह से तैनात सिक्योरिटी गार्ड लोगों से अक्सर अभद्रता करते नजर आजाते हैं। टोल प्लाजा में जाम लगने से वाहन सवारों को परेशान होना पड़ रहा है।

फास्टैग लेनों के सेंसर ठीक से काम नहीं करते हैं। इससे वाहनों को कई बार आगे-पीछे करना पड़ता है। लगभग हर वाहन को प्रत्येक लेन में ऐसा करना पड़ रहा है। इससे फास्टैग लेनों में जाम लग रहा है। वहीं कैश वाली लेनों में पहले से ही जाम की समस्या रहती है। जब जाम की जानकारी ट्रैफिक इंस्पेक्टर शशिकांत यादव को हुई तो वह अपने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर दो घंटे की मशक्कत के बाद जाम को खत्म कराकर आवागमन को सुचारू कराया। सुरक्षा कर्मियों की अभद्रता के मसला यहां नया नहीं है। अक्सर वाहन सवारों से टोल व सुरक्षा कर्मी मारपीट करने लगते हैं।

# निरीक्षण में गैरहाजिर मिले स्वास्थ्य कर्मियों का सीएमओ ने रोका वेतन

**ज्ञानपुर।** जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए सीएमओ संतोष कुमार चक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानीपुर, उपकेंद्र गौरा व उप केंद्र सदौपुर का औचक निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्साधिकारी के निरीक्षण में पन्द्रह स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाए गये। सीएमओ ने सभी गैरहाजिर कर्मियों का अप्रैल माह अप्रैल का वेतन रोकने की कार्यवाही की।

सीएमओ भानीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आठ बजकर पचीस मिनट पर पहुंच गये। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने उपस्थित पंजिका का अवलोकन किया जिसमें 13 स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाए। स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई की व्यवस्था सही नहीं पाई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नोडल अधिकारी से सभी अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण लेने का निर्देश दिया। उपकेंद्र गौरा के निरीक्षण में बाउंड्री वाल ना पाए जाने पर सीएमओ ने कार्यदाई संस्था को नोटिस दिया कि कार्य पूर्ण करने पर ही भुगतान करने का निर्देश दिया। सदौपुर उप केंद्र में एएनएम व सीएचओ अनुपस्थित पाई गई जिस पर सीएमओ ने अनुपस्थित कर्मियों का वेतन रोकने की कार्यवाही की।

# मंडलायुक्त ने डीएम व एसपी से ली निकाय चुनाव संबन्धी जानकारी

**गहन समीक्षा**

**नेशनल इंटर कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का किया निरीक्षण**

**तहसील परिसरों में स्थापित नामांकन कक्ष एवं सुरक्षा व्यवस्था की भी ली जानकारी**

**जनसंदेश न्यूज**



श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का स्थलीय निरीक्षण करते अधिकारीगण

**भदोही।** नगरीय निकाय निर्वाचन-2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढ़ग से सकुशल सम्पन्न कराने के क्रम में विंध्याचल मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी ने शनिवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के साथ जिलाधिकारी कैंप कार्यालय पर नगरीय निकाय निर्वाचन की संपूर्ण तैयारियों पर जानकारी लेते हुए गहन समीक्षा किया।

मंडलायुक्त ने द्वयअधिकारियों सहित निर्वाचन में लगे अन्य अधिकारियों के साथ श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का स्थलीय निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने मतगणना कक्ष, स्ट्रांग रूम एवं वहां पर कार्मिको एवं मतगणना एजेंट को आने जाने की व्यवस्थाओं से सम्बन्धित रूट चार्ट तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिये बैरीकेटिंग, कंट्रोलरूम आदि का भ्रमण कर निरीक्षण करते हुये अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने अपने आवागमन के क्रम में अन्य स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, नामांकन स्थल, मतदान केंद्रों, बूथों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मंडलायुक्त को अवगत कराया कि नगर पालिका परिषद भदोही, नगर पंचायत सुरियावा व नगर पंचायत नई बाजार इन तीनों निकायों का स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज को मनाया गया है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# वैश्विक स्तर पर लहराएगा विकास का काशी मॉडल

## काशी के सौंदर्य में चार चांद लगा रहा पीएम मोदी का संकल्प





जितेंद्र श्रीवास्तव

**जी-20 सम्मेलन**

**नये कलेवर में और निखर गयी है यहां पौराणिकता-आध्यात्मिकता**

**विदेशी मेहमानों की उपस्थिति में कल से शुरू होगा मंथन का दौर**

**वाराणसी।** बहुप्रतीक्षित जी-20 सम्मेलन का आगाज सोमवार से होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की काशी दुल्हन की तरह सज चुकी है। विदेशी मेहमानों के आवाभगत की मुकम्मल तैयारियों को अंतिम रूप दिया चुका है। जी-20 सम्मेलन में भाग लेने के लिए जी-20 में शामिल देशों के मेहमानों का आगमन शनिवार से शुरू हो चुका है। जी-20 सम्मेलन काशी में हुए अद्भुत, अकल्पनीय विकास का गवाह बनने जा रहा है। यहां हुए विकास के काशी मॉडल का परचम वैश्विक स्तर पर लहराएगा। यह सब काशी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अटूट संकल्पों के चलते हुआ है। पीएम मोदी के अटूट संकल्प की ही देन है कि काशी का आध्यामिक सौंदर्य निखर कर दुनिया को लुभाने लगा है।

पीएम नरेंद्र मोदी भी कई बार इस बात का जिक्र कर चुके हैं कि काशी के विकास से ही पूरे देश का रोडमैप तैयार होता है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ने अद्भुत, अलौकिक और भव्य विश्वनाथ धाम का रूप धारण कर विकास का नया मॉडल पेश किया। अब वैश्विक स्तर पर काशी मॉडल को पेश करने को अमलीजामा पहनाया जा चुका है। यहां आयोजित हो रहे जी-20 सम्मेलन के चरणबद्ध आयोजन के दौरान सभी 20 देशों के विकास मंत्री भी शामिल होंगे। उनकी मौजूदगी में पूरे विश्व को विकास के नये काशी मॉडल से रूबरू कराया जाएगा। नये कलेवर में काशी की पौराणिकता तथा आध्यात्मिकता और निखर गयी है। विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए काशी का कायाकल्प किया जा चुका है। चमचमाती सड़कें, सड़कों के दोनों छोर पर पेड़-पौधों की क्यारियां, तरह-तरह के लुभावने आर्टिफिशियल पशु-पक्षी, रंग-बिरंगी झालरों की रोशनी, जगह-जगह लगे जी-20 से संबंधित होर्डिंग्स विकास की कहानी खुद-ब-खुद बयां करने को काफी है।

संकरी घुमावदार गलियों के लिए के लिए मशहूर काशी की कई खूबियां है। इन खूबियों में चार चांद लग गये हैं-श्री काशी विश्वनाथ धाम का अलौकिक कायाकल्प, नमो घाट, शीतला घाट, मणिकर्णिका घाट, रुद्राक्ष, टीएफसी, सुगम यातायात के लिए सड़कों का कायाकल्प, पथ प्रकाश का आधुनिकीकरण, विद्युत तारों के संजाल से मुक्ति, प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट क्लासेज में बदलाव, किसानों के लिए पैक्ड हाउस, हवाई यात्राओं का विस्तार, रिंग रोड का जाल, जल निकासी की मुकम्मल व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, आधुनिक उपकरणों से लैस स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, उच्च शिक्षा के लिए भवनों का विस्तार व आधुनिकता का समावेश, पार्किंग की बेहतरीन व्यवस्था वगैरह-वगैरह। यह सब पीएम मोदी के संकल्पों का नतीजा है। बदलती काशी के जादू को यहां आकर ही महसूस किया जा सकता है। इसी जादू को देखने विदेशी मेहमान यहां पहुंचने लगे हैं। विदेशी मेहमानों की उपस्थिति में 17 से अप्रैल मंथन का दौर शुरू होगा। पहले चरण के इस बैठक में फूड सिक्योरिटी के इनोवेशन पर मंथन होगा। मंथन से निकले अमृत को वैश्विक स्तर पर लागू किया जाएगा।

### बदलती काशी के नजारे संजोकर ले जाएंगे मेहमान

जी–20 सम्मेलन के दौरान काशी को अपनी ब्रांडिंग का एक बेहतर अवसर मिला है। पीएम मोदी की नई काशी को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। यहां होने वाली बैठकों में दुनिया के आर्थिक महाशक्ति वाले 20 देशों के राजनयिक, ब्यूरोकेट्स और अन्य महत्वपूर्ण डेलीगेट्स काशी आएंगे, जो बदलती काशी की विरासत के नजारे को दिलों में संजो कर अपने साथ ले जायेंगे। इसका लाभ आने वाले समय में काशी के पर्यटन उद्योग को मिलना तय माना जा रहा है।

# स्वागत से अभिभूत विदेशी मेहमान

**वेलकम**

**एयरपोर्ट से होटल और बैठक वाले स्थानों तक विदेशी मेहमानों दिखेगी सनातनी संस्कृति**

अरविन्द मिश्र




**बाबतपुर।** जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों के स्वागत और मेहमान नवाजी के लिए लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से लेकर शहर तक काशी को दुल्हन की तरह सजा दिया गया है। 17 से शुरू होने वाले बैठक में शामिल होने के लिए शनिवार को कुछ मेहमान काशी पहुंच गये जिनका एयरपोर्ट पर सनातनी संस्कृति के बीच भव्य स्वागत किया गया। अतिथि देवो भवः के तर्ज विदेशी मेहमानों का स्वागत उन्हें न सिर्फ सनातनी संस्कृति का एहसास कराया बल्कि दुनिया के प्राचीन व जीवंत शहर होने का संदेश भी दिया। यह पहला मौका है जब हेलो हाय से इतर काशी की धरा पर अतिथियों का स्वागत सनातनी संस्कृति के साथ किया जा रहा है, इतना ही नहीं एयरपोर्ट से होटल व बैठकों वाले स्थानों तक सनातनी संस्कृति की झलक दिखायी दे रही है। अद्भुत और भव्य स्वागत के लिए एयरपोर्ट के एप्रन टर्मिनल भवन आगमन हाल सहित पूरे परिसर को विशेष तरीके से रंग बिरंगे लाइट व झालरों के साथ तिरंगे रंग में सजाया गया है, वही शिवत्व को समर्पित मोरल पेंटिंग भित्त चित्रों के माध्यम से बनाये गए अद्भुत कला कृतियाँ विदेशी मेहमानों को एयरपोर्ट पर ही काशी में होने का एहसास कराएगी जिसके लिए विशेष तैयारी है आगमन क्षेत्र में जगह जगह जी 20 का रंगोली व वसुधैव कुटुंबकम का स्लोगन भी लगाया गया है।

### पहले दिन पहुंचे ये मेहमान

पहले दिन हवाई अड्डे पर फ्रांस की मेरिन बार्डिंग, कनाडा के जिल्ले साइंडो, इटली के मार्सिलो डेनाटे ली,यूके से एनोलॉरा इरवायनी और एलिसा बेथ, सहित अन्य देशों के करीब आधा दर्जन से ऊपर कृषि वैज्ञानिक और कृषि विशेषज्ञ के साथ मेजबान भारत की तरफ से संजय अग्रवाल भी प्रतिनिधि मंडल के साथ पहुंचे। निदेशक अर्यमा सान्याल ने बताया कि वाराणसी में जी 20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने पहुंचने वाले डेलीगेट्स अतिथियों का स्वागत काशी के परम्परानुसार ही किया जा रहा है। काशी शिव की नगरी है और अतिथियों का स्वागत भी शिवत्व को समर्पित करते हुए रुद्राक्ष की माला के साथ तिलक लगाकर ही किया जाएगा।

### मंत्रोचार के साथ लगाया तिलक, पहनाया रुद्राक्ष

विदेश से आने वाले मेहमानों का स्वागत मंत्रोच्चार के साथ तिलक लगाकर माल्यार्पण व अंग वस्त्र भेंट कर किया गया इसके साथ ही अभी को रुद्राक्ष की माला भी भेंट किया गया। जो धार्मिकता के साथ शिवत्व की नगरी की महत्ता को प्रदर्शित किया।

### सांस्कृतिक झलक देख अभिभूत हुए मेहमान

एयरपोर्ट पर विदेशी मेहमानों के स्वागत के साथ–साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी व्यवस्था थी। अतिथियों के स्वागत के लिए टर्मिनल भवन के बाहर आगमन द्वार पर पूर्वांचल के लोक कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोकनृत्य व गायन प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध करने के साथ ही शहनाई की मधुर तान से अभिभूत होंगे।

# राम की शक्ति पूजा में शक्ति की आराधना

## कलाकारों ने नृत्य नाटिका से किया जीवंत, खूब बजीं तालियां

**गीत संगीत**

**पद्मश्री एन. राजम व संगीता शंकर ने वायलिन के तारों को किया झंकृत**

**पद्मश्री मालिनी अवस्थी के गायन पर श्रोता रीझे**

जनसंदेश न्यूज




**वाराणसी।** संकटमोचन संगीत समारोह की छठीं निशा शनिवार को शायद यादगार बन गई। वजह समारोह में एक ओर जहां भव्यतम नृत्य नाटिका की प्रस्तुति वहीं मंच पर एक के बाद एक दिग्गज कलाकारों की प्रस्तुति जो श्रोताओं के लिए शायद अविस्मरणीय बन गई। चैत्र मास की गर्मी के बावजूद संगीत जनों का उत्साह देखते ही बनता था। यह संभव है सिर्फ संकटमोचन संगीत समारोह में जहां पर असंभव को भी संभव बना दिया जाता है। यह संभव है सिर्फ संकटमोचन हनुमान के दरबार में जहां स्वयं हनुमानजी विराजमान हैं। छठीं निशा की पहली प्रस्तुति रूपवाणी संस्खा वाराणसी की ओर से प्रस्तुत राम की शक्ति पूजा नृत्य नाटिका रही। इसका निर्देशन संस्कृतिकर्मी व्योमेश शुक्ल ने किया था। कथा के प्रसंग में राम-रावण युद्ध चल रहा है। युद्धरत राम निराश हैं और हार का अनुभव कर रहे हैं। उनकी सेना भी खिन्न है। प्रिया सीता की याद अवसाद को और घना बना रही है। वह बीते दिनों के पराक्रम और साहस के स्मरण से जाते हैं। बुजुर्ग उमंगित होना चाहते हैं लेकिन मनोबल ध्वस्त है। शक्ति भी रावण के साथ है। देवी स्वयं रावण की ओर से लड़ रही हैं राम ने उन्हें देख लिया है। वह मित्रों से कहते हैं कि विजय असंभव है और शोक में जामवंत उन्हें प्रेरित करते हैं, वह राम की आराधन-शक्ति का आह्वान करते हैं उन्हें सलाह देते हैं कि तुम सिद्ध होकर युद्ध में उतरो। राम ऐसा ही करते हैं। उधर लक्ष्मण, हनुमान आदि के नेतृत्व में घनघोर संग्राम जारी है, इधर राम की साधना चल रही है। उन्होंने देवी को एक सौ आठ नीलकमल अर्पित करने का संकल्प लिया था, लेकिन देवी चुपके से आकर आखिरी पुष्प चुरा ले जाती हैं। राम विचलित और स्तब्ध हैं। तभी उन्हें याद आता है कि उनकी आंखों को मां नीलकमल कहा करती थीं। वह अपना नेत्र अर्पित कर डालने के लिए हाथों में तीर उठा लेते हैं। तभी देवी प्रकट होती हैं। वह राम को रोकती हैं, उन्हें आशीष देती हैं, उनकी अभ्यर्थना करती हैं और राम में अंतर्ध्यान हो जाती हैं। कलाकारों में स्वाति (राम), नंदिनी (सीता और देवी दुर्गा) साखी (लक्ष्मण) हनुमान, कापस (विभीषण और जामवंत) शाश्वत (सुग्रीव और अंगद) की भूमिका में रहे।

संगीत-रचना जे. पी. शर्मा और आशीष मिश्र का रहा। नृत्य नाटिका के पश्चात मुंबई से आयी पद्मश्री डा. एन. राजम व संगीता शंकर का वायलिन वादन हुआ। उन्होंने वायलिन पर कई रागों की प्रस्तुति कर श्रोताओं को रससिक्त किया। उनके साथ तबले पर अभिषेक मिश्र ने जोरदार संगत की। तत्पश्चात प्रख्यात लोक गायिका पद्मश्री श्रीमती मालिनी अवस्थी का गायन हुआ। उन्होंने लोकगीतों के माध्यम से वहां मौजूद श्रोताओं को खूब भावविभोर किया। उन्होंने श्रोताओं की फरमाइस भी पूरी की। उनके साथ संजू सहाय (तबला) विनायक सहाय (सारंगी) पर संगत की। कलाकारों का स्वागत महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र ने किया।

# मेरे मन में राम, तन में राम...





जनसंदेश न्यूज

**पांचवीं निशा**

**अनूप जलोटा ने भजनों से सभी को किया रससिक्त**

**नीलान्द्री कुमार का सितार वादन रहा सदाबहार**

**वाराणसी।** संकटमोचन संगीत समारोह की पांचवीं निशा में अर्धरात्रि में भजन सम्राट अनूप जलोटा ने अपनी बहुचर्चित भजन ऐसी लागी लगन मीरा हो गयी मगन से अपनी पारी शुरू की। अच्युतम केशवरम रामनारायणम... कौन कहता है भगवान आते नहीं..., मेरे मन में राम तन में राम...दुनिया चले न श्रीराम के बिना...,बजते बजते आज अचानक मेरी बंसी टूट गई...श्याम तेरी बंसी को बजने से काम...,जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा...इतना तो करना स्वामी जब प्राण तक से निकले...आदि गीतों-भजनों की झड़ी लगा दी। बीच बीच में चुटकुले भी सुनाते रहे। धारवाड से पधारे वरिष्ठ गायक पं. वेंकटेश कुमार ने राग कौशी कान्हडा में गायन कर मंदिर प्रागंण में मादकता सा छा दिया। इन्होंने इस राग में एक ताल व तीन ताल में बंदिशें गाने के पश्चात भजन पायोजी मैन राम रतन धन पायो के बाद एक टप्पा से गायन को विराम दिया। समारोह में मंच पर दो दिग्गजों का महामिलन हुआ। सितार के महारथी कलाकार पं. नीलाद्री कुमार व तबले के जादूगर पं. कुमार बोस। नीलाद्री कुमार ने सितार पर राग जैजवन्ती में संक्षिप्त आलापचारी के पश्चात तीन ताल में विलम्बित मध्य व द्रुत गतकारी कर वादन को संक्षिप्त विराम दिया। अंत में इन्होंने श्रोताओं का पसंदीदा धुन से अपनी प्रस्तुति को विराम दिया। इनके साथ तबले पर पं. कुमार बोस लगातार युगलबंदी करते रहे। चंडीगढ़ के डा. प्रभाकर-दिवाकर कश्यप ने राग ललित की अवतारणा की। विलंबित एक ताल में पवन पुत्र हनुमान पूरण कीजै सब काम के प्रभावी गायन के बाद झप ताल में मध्य लय में कृपा करो कपीश सुर, नर, मुनि ईश ने सुरों की साधना का परिचय दिया। एक ताल में द्रुत लय की रचना से अपने वादन को विराम दिया। धारवाड़ घराने के बहुमुखी प्रतिभा के धनी शिष्य अंकुश एन. नायक ने नायाब सितार वादन किया। उन्होंने राग बसंत मुखारी पूरी तन्मयता के साथ बजाया। मैहर घराने के वरिष्ठ कलाकार जोधपुर से आए पं. बसंत काबरा ने सरोद वादन कर आनंद की लहर का संचार किया। उनका सरोद वादन मास्टर क्लास ही रहा।

### संगीत समारोह की अंतिम निशा में आज सोनू निगम

संकटमोचन संगीत समारोह की अंतिम निशा में 16 अप्रैल रविवार को पं. रतिकांत महापात्रा (भुवनेश्वर) का ओडिसी नृत्य होगा। इसके बाद डा. राजेश्वर आचार्य (वाराणसी) का गायन, पं. विश्वनाथ का गायन होगा। डा. एल सुब्रमण्यम का वायलिन वादन, सोनू निगम (मुंबई) का गायन, एस आकाश व यज्ञेश (मुंबई) का बांसुरी व वायलिन वादन होगा। तत्पश्चात कंकणा बनर्जी का गायन व पं. साजन मिश्र, स्वरांश मिश्र का गायन तथा संजू सहाय (लंदन) का तबला वादन होगा।

# फिल्म पिंकी ब्यूटी पार्लर में काशी के कलाकार

**मिल रहा मौका**

**इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सराहनीय प्रदर्शन**

**वाराणसी।** देश भर में बड़े पर्दे पर रिलीज हुई फिल्म पिन्की ब्यूटी पार्लर पूर्व में विश्व के 30 से ज्यादा इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सराहनीय प्रदर्शन कर चुकी है । इस फिल्म की आकर्षक बात यह है कि इसकी ज्दातर शूटिंग वाराणसी और गाजीपुर में हुई है और इसमें वाराणसी के देवेंद्र गुप्ता, बाल मुकुंद त्रिपाठी, श्रावन्ती मुखर्जी, अमलेश श्रीवास्तव, जयदेव, जुबेर, मीनू शर्मा आदि दर्जनों कलाकारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फिल्म के प्रमुख कलाकारों में अक्षय सिंह, सुलग्ना पाणिग्रही, खुशबू गुप्ता, विश्वनाथ चटर्जी और जोगी मलंग हैं। प्रमुखतया काली चमड़ी वाले लोगों का हमारा देश होने के बावजूद हमारे देश में सौन्दर्य की परिभाषा ही गोरा होना है। इस गुलाम मानसिकता के कारण सांवली/सांवले इंसान की काबिलियत तक को नजरंदाज कर दिया जाता है ।काले और गोरे रंग के भेदभाव और उससे जुड़े तमाम हास, उपहास, उत्पीड़न और प्रताड़ना को बेहद चुटीले और मनोरंजक ढंग से फिल्म के लेखक, निर्देशक और अभिनेता अक्षय सिंह ने बहुत ही खूबसूरत ढंग से प्रस्तुत किया है, यही इस फिल्म की ताकत और उपलब्धी है । फिल्म दो बहनों पिन्की (सुलग्ना पाणिग्रही) और बुलबुल (खुशबू गुप्ता), गोरी-सांवली, के इर्द-गिर्द घूमती है जो आपको पूरे समय हंसाते गुदगुदाते हुए बांध कर रखती है पर जब खत्म होती है तब आप गम्भीर हो चुके होते हैं ।

# संस्कृति के मोह में हम साधना से हो रहे दूर

**कार्यक्रम**

**गायत्री परिवार ने 25 लोगों को दिया दीक्षा संस्कार**

**वाराणसी।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान एवं गायत्री परिवार के संयोजन में एकता पार्क, हरिनगर, कालोनी,चंदुआ छित्तूपुर वाराणसी के प्रांगण में चल रहे संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा के अंतिम सत्र में सामूहिक जप, ध्यान, प्रज्ञा योग के साथ शुरू हुआ। कथा वाचिका श्रीमती कमला शर्मा ने कहा कि आज हम पाश्चात्य संस्कृति के मोह में पड़ कर साधना से दूर होते जा रहे हैं। भारत की भूमि इतनी पवित्र है कि महान ऋषियों, मनीषियों,महामानव एवं देवताओं ने इसी भूमि पर जन्म लिया । पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का कार्यक्रम गायत्री महामंत्र के सस्वर उच्चारण के साथ शुरू हुआ । श्रीमती कमला शर्मा ने षष्ठ कर्म कराने के साथ विविध संस्कार कराया जिसके तहत 25 लोगों का दीक्षा संस्कार, एक गर्भवती महिला का पुंसवन संस्कार एवं 7 बच्चों का विद्यारम्भ संस्कार एवं 3 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार से संस्कारित कराया। इस मौके पर दीप महायज्ञ में 524 दीप प्रज्वलित किये गये। आरती कार्यक्रम संयोजक श्री प्रेम चंद बरनवाल ने सपत्नीक किया। कार्यक्रम में प्रेम चंद बरनवाल, पंडित गंगाधर उपाध्याय, देवता प्रसाद शर्मा, जनार्दन पाण्डेय, रमन कुमार श्रीवास्तव रमेश गुप्ता,घनश्याम राम, रजनीश कुमार मल्होत्रा, अनिल कुमार पांडेय, मुन्ना, अचल कुमार श्रीवास्तव, मन्नू जी बृजेश कुमार पांडेय, धर्मवीर, श्रीमती पुष्पा बरनवाल, समेत काफी लोग मौजूद थे।





# भूल गए काशी के इस प्राचीन पुस्तकालय को

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

**आज पुस्तकालय की कहानियां और किताबों से प्यार, ये गुजरे जमाने का किस्सा बनती जा रही है। पुरानी पीढ़ियां किताबों को अपना दोस्त समझती थी। 90 की दशक तक लोग दिन के कई घंटे पुस्तकालय में गुजार देते थे। और साहित्यिक किताबों से लगायत धार्मिक ग्रंथों को पढ़ते उसपर बहस करते और फिर नवीन जानकारी के साथ उसे अपने जीवन में उतारते थे, किताबों से मिलने वाले ज्ञान का कभी हास नहीं होता था। लेकिन आज की युवा पीढ़ी किताबों से बहुत दूर हो चुकी है। इस पीढ़ी के कई युवा ऐसे भी हैं, जिन्होंने पुस्तकालय का दरवाजा तक नहीं देखा। यह पीढ़ी सोशल नेटवर्किंग साइटों को दोस्त ही नहीं, बल्कि अपनी जिंदगी समझने लगी है। इसका नतीजा है कि स्कूली बच्चे सिर्फ अपने पाठ्यक्रम की किताबें ही पढ़ रहे हैं। साहित्य की दुनिया से बच्चे और अभिभावक दोनों ही दूर हो रहे हैं। जिसका नतीजा की शहर में आजादी के पूर्व से स्थापित कई पुस्तकालय पूरी अब पूरी तरह से बंद हो चुके हैं। इन्हें आज फिर से संरक्षित करने की जरुरत है।**

**कौन करेगा संरक्षित**

**गुरुबाग क्षेत्र में 1932 में स्थापित अभिमन्यु पुस्तकालय आज पूरी तरह से बंद है**

**कभी यहां पुस्तक को बाचने के लिए लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ता था**

**वाराणसी।** गुरुबाग तिराहे पर बड़े गुरुद्वारा के ठीक सामने स्थित अभिमन्यु पुस्तकालय को काशी के पुरातन वाचनालयों में से एक है। ब्रिटिश हुकूमत में वर्ष 1932 में पंडित अभिमन्यु की ओर से इस पुस्तकालय की स्थापना की गयी थी, सुबह सात से अपराह्न 11 बजे व शाम चार से रात आठ बजे तक संचालित होने वाले इस पुस्तकालय में बैठने के लिए लोगों की होड़ लगती थी। इतना ही नहीं समय से नहीं पहुंच पाये तो बैठने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता था, लेकिन आज यह सब गुजरे जमाने की बात हो गयी। 1932 में स्थापित यह पुस्तकालय अपनी शताब्दी वर्ष की ओर से तेजी से बढ़ रहा है, लोग जहां किसी संस्था के शताब्दी वर्ष होने पर उसे जश्न के तौर परमनाते हैं वहीं इस पुस्तकालय की दीवारें अपने अस्तित्व पर रो रहीं हैं, इस पुस्तालकय ने अंग्रेजों के घोड़ों के टापू की आवाजों को सुना है, इतना ही नहीं आजादी के दीवानों की टोलियों को अंग्रेजी हुकूमत के लिए लड़ने के लिए मसौदो को भी इन्हीं वाचनालय ने सुना है। लेकिन आज यह पुस्तकालय अपने अस्तित्व पर रो रहा है।

### शताब्दी वर्ष की ओर से अग्रसर

वर्ष 1932 में स्थापित यह पुस्तकालय अपनी शताब्दी वर्ष की ओर बढ़ रहा है, लेकिन इसके जश्न के लिए किसी भी तरह की तैयारियां नहीं दिखायी दे रहीं, गेट बंद होने के चलते इसके प्रागंण में प्रवेश करने का सौभग्य तो नहीं मिल पाया लेकिन अंदर किताबों की स्थिति का आकलन स्वयं ही लगाया जा सकता है। काशी में प्राचीन पुस्तकालय की श्रृंखला में अब कुछ कही वाचनालय अपनी अस्तित्व में हैं। इन सब को संरक्षित करने की जरुरत है।

### पुस्तकालय से युवा पीढ़ी को जोड़ने की जरूरत

पुस्तकालयों से आज की युवा पीढ़ी को जोड़ने की अत्यंत आवश्यता है। इससे ना सिर्फ उन्हें अपनी संस्कृति से जोड़ा जा सकता है, बल्कि किताबों की दुनिया को फिर से जीवंत भी कर सकते हैं। इसके लिए हम सब को एक बार फिर से पहल करनी होगी, हांलाकि सरकार को भी इसके लिए कदम उठाने होंगे, प्राचीन पुस्तकालयों को संरक्षित करना होगा। भागदौड़ भरे जीवन में साहित्य पीछे छूट रहा है। भविष्य बनाने की दौड़ में युवा अपने साहित्य, इतिहास और धर्म से परिचित नहीं होना चाहता। इसके लिए जरूरी है कि बचपन से ही साहित्य के प्रति रूझान बढ़ाया जाए, जिससे कि पुस्तकों के प्रति लगाव बना रहे।

### तिलक ने बताया था पुस्तक को दोस्त

बाल गंगाधर तिलक ने कहा था कि मैं नरक में भी पुस्तकों का स्वागत करूंगा, क्योंकि जहां ये रहती हैं, वहां अपने आप ही स्वर्ग हो जाता है। लोकमान्य के इस कथन से पुस्तकों की महत्ता स्वयं स्पष्ट हो जाती है। माना भी जाता है कि पुस्तकों से अच्छा कोई दोस्त नहीं होता।

### बोले स्थानीय



अभिमन्यु पुस्तकालय के बगल में अपनी किताबों के दुकान पर बैठे अजय वर्मा ने बताया कि उनकी दुकान भी लगभग 50 साल पुरानी है, बचपन से ही इस पुस्तकालय को देखा जा रहा है, कभी यहां किताब पढ़ने वालों की लाइन लगती थी। करीब 12 से 15 साल पहले यह पुस्तकालय बंद हो चुका है। लोग इसकी राह भी भूल चुके हैं।

### कलाम ने कहा था, लाइब्रेरी को दोस्त

पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने भी कहा था कि एक अच्छी पुस्तक हजार दोस्तों के बराबर होती है जबकि एक अच्छा दोस्त एक लाइब्रेरी (पुस्तकालय) के बराबर होता है।